





# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 90
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

गुरुवार | 11 जनवरी, 2024

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का किया उद्घाटन, कहा

# भारत 25 साल के लक्ष्य पर काम कर रहा

- वाइब्रेंट गुजरात समिट का उद्घाटन किया, अडाणी 2 लाख करोड़ निवेश करेंगे
- पीएम मोदी ने देशवासियों को दी ये बड़ी गारंटी, कहा- जो बोलता हूं वह पूरा होता है
- तेजी से बदलती विश्व व्यवस्था में भारत विश्व मित्र के रूप में बढ़ रहा : प्रधानमंत्री

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गांधीनगर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात समिट के 10वें एडिशन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत अगले 25 वर्षों के लक्ष्य पर काम कर रहा है। जब भारत अपनी आजादी के 100 वर्ष पूरे करेगा, तब तक हमने भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है। यूएई के प्रेसिडेंट मोहम्मद बिन जायद कई अन्य वर्ल्ड लीडर्स और इंडस्ट्री लीडर्स के साथ चीफ गेस्ट के रूप में इस कार्यक्रम में शामिल हैं। वहीं मुकेश अंबानी, पंकज पटेल, गौतम अडाणी और लक्ष्मी मित्तल समेत देश-विदेश के दिग्गज कारोबारी समिट में शामिल हुए।



### मोदी के भाषण की बड़ी बातें

1. **भारत-यूएई के बीच कई समझौतों पर साइन हुए:** पीएम मोदी ने कहा-इस कार्यक्रम में मेरे भाई, और यूएई के प्रेसिडेंट का होना खुशी की बात है। भारत और यूएई ने अपने रिश्तों को जो नई ऊंचाई दी है, उसका श्रेय मेरे दोस्त और यूएई के प्रेसिडेंट शेख मोहम्मद बिन जायद को जाता है। दोनों देशों के बीच कई बड़े समझौते हुए हैं। पोर्ट डेवलपमेंट के लिए संयुक्त अरब अमीरात के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं।
2. **स्ट्रक्चरल रिफॉर्म से दिख रहा भारत की ग्रोथ में मोमेंटम:** भारत की प्राथमिकता फ्यूचरिस्टिक टेक्नोलॉजी, ग्रीन हाइड्रोजन, सेमीकंडक्टर है। इसकी झलक ट्रेड शो में देख सकते हैं। मेरा आग्रह है सभी लोग ट्रेड शो जरूर देखें। इन सेक्टर्स में इन्वेस्टमेंट के लिए लगातार नए अवसर बन रहे हैं। अगर भारत की ग्रोथ में इतना मोमेंटम दिख रहा है, तो इसकी वजह बीते 10 साल में किए गए इंफ्रास्ट्रक्चर रिफॉर्म पर फोकस है।
3. **भारत में 10 साल में 74 से 149 एयरपोर्ट हुए:** भारत लॉजिस्टिक्स पर भी तेजी से काम कर रहा है। 10 साल पहले भारत में 74 एयरपोर्ट थे आज भारत में 149 एयरपोर्ट हैं। नेशनल हाईवे नेटवर्क दो गुना और मेट्रो ट्रेन नेटवर्क 3 गुना से ज्यादा बढ़ चुका है। गुजरात हो महाराष्ट्र हो या इस्टर्न कोस्ट लाइन हो इनको आज डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर से जोड़ा जा रहा है।

### पहली कार्बन फाइबर फैसिलिटी स्थापित कर रहे: मुकेश अंबानी



- रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन और एमडी मुकेश अंबानी ने कहा- जब मेरे विदेशी दोस्त मुझसे पूछते हैं कि मोदी है तो मुमकिन है का मतलब क्या है, तो मैं कहता हूं कि भारत के प्रधानमंत्री एक विजन बनाते हैं और उसे क्रियान्वित करते हैं, वे असंभव को संभव बना देते हैं। मेरे पिता धीरूभाई अंबानी मुझसे कहा करते थे कि गुजरात हमेशा तुम्हारी कर्मभूमि रहेगी। मैं आज दोहराता हूं कि रिलायंस हमेशा गुजरात की कंपनी रहेगी। रिलायंस ने भारत में 12 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है, जिसमें से एक तिहाई निवेश गुजरात में किया है। मुकेश अंबानी ने बताया कि रिलायंस हजीरा में भारत की पहली कार्बन फाइबर फैसिलिटी स्थापित कर रही है।

### अगले 5 साल में 2 लाख करोड़ रुपए का निवेश करेंगे: गौतम अडाणी



- अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने कहा- 2014 के बाद से भारत की जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। जी20 नेतृत्व ने एक मापदंड स्थापित किया है। हमारे प्रधानमंत्री, भविष्यवाणी नहीं करते, बल्कि भविष्य को आकार दे देते हैं। मुझे विश्वास है कि 2047 तक भारत पूर्ण विकसित हो जाएगा। 2025 तक 55 हजार करोड़ रुपए का निवेश करने का टारगेट था, जिसमें करीब 50 हजार करोड़ का निवेश हो चुका है। इसके अलावा हम कच्छ के खावडा में 30 गीगावॉट का रिन्यूएबल एनर्जी प्लांट लगाने जा रहे हैं। हम ग्रीन सप्लाई चैन के अंतर्गत सौर पैनल, विंड टरबाइन, कॉपर और सीमेंट प्रोजेक्ट्स को भी आगे बढ़ाने वाले हैं।

### वाइब्रेट गुजरात समिट से जुड़ी 3 बड़ी बातें

- इसकी परिकल्पना पहली बार 2003 में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी के अंडर की गई थी। समिट का पहला एडिशन नवरात्रि उत्सव के दौरान 45 देशों के 1000 से अधिक प्रतिनिधियों के साथ आयोजित किया गया था।
- वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट का 10वां एडिशन गेटवे टू द फ्यूचर थीम के साथ 10 से 12 जनवरी तक गांधीनगर में आयोजित किया जा रहा है। यूएई प्रेसिडेंट मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान बुधवार के उद्घाटन समारोह के चीफ गेस्ट है।
- समिट के स्पेशनल फोकस एरियाज में वूमन एम्पावरमेंट, एमएसएमई डेवलपमेंट, न्यू टेक्नोलजी, ग्रीन और स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और सस्टेनेबल एनर्जी शामिल हैं। समिट में वर्ल्ड लेवल पर प्रासंगिक विषयों पर सेमिनार और कॉन्फ्रेंस सहित अन्य इवेंट होंगे।

### धोलेरा में सेमीकंडक्टर फैक्ट्री लगाएगी टाटा: एन चंद्रशेखरन

टाटा ग्रेप के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने गुजरात के धोलेरा में सेमीकंडक्टर फैक्ट्री की योजना की घोषणा की। इसके अलावा, समूह अगले दो महीनों में साणंद में लिथियम-आयन बैटरी के लिए 20 गीगावॉट गीगाफैक्ट्री शुरू करने के लिए तैयार है। धोलेरा में सेमीकंडक्टर फैब के लिए बातचीत पूरी होने वाली है, जिसका ऑपरेशन 2024 में शुरू होने की उम्मीद है।

### 2047 का सपना पूरा करने तैयार हैं: लक्ष्मी मित्तल

स्टील किंग लक्ष्मी मित्तल ने कहा- आत्मनिर्भरता में स्टील की अहम भूमिका है। गुजरात में 4 साल पहले प्रधानमंत्री ने हजीरा प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया था, जो 2026 तक पूरा होगा। दूसरे चरण के लिए आज एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए हैं। हजीरा 24 मिलियन टन स्टील उत्पादन करने वाली साइट होगी। हम इस्पात, नवीकरणीय ऊर्जा और हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी में भी निवेश कर रहे हैं। अगले 20 साल देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हम 2047 तक विकसित भारत का सपना पूरा करने के लिए तैयार हैं।

### पीएम मोदी का भरपूर समर्थन मिला: तोशिजो सुजुकी

सुजुकी के प्रेसिडेंट तोशिजो सुजुकी ने कहा- पिछले 10 साल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भरपूर समर्थन मिला है। ऑटोमोबाइल बाजार में भारत ने तेजी से तरक्की की है। भारत में उत्पादन क्षमता भी बढ़ी है। 10 सालों में हमें यहां उम्मीद से ज्यादा ग्रोथ मिली है। इसलिए हम यहां और निवेश करेंगे। हम भारत में व्हीकल का उत्पादन करेंगे और जापान और यूरोपीय देशों को निर्यात करेंगे। इसके साथ ही हम ईवी का प्रोडक्शन भी तेजी से बढ़ाएंगे। वहीं, हम दूसरे प्लांट के लिए 25 हजार करोड़ रुपए का निवेश करने जा रहे हैं।

### ट्रेड शो का भी आयोजन किया गया

यहां पर ट्रेड शो का भी आयोजन किया गया है। ट्रेड शो का उद्घाटन मंगलवार को पीएम मोदी ने किया था। इसमें 20 देशों के 1,000 से अधिक एग्जिबिटर्स शामिल हुए हैं। 34 देश पार्टनर के रूप में भाग ले रहे हैं जबकि लगभग 100 देश विजिटिंग ट्रेड शो के रूप में भाग ले रहे हैं। ट्रेड शो 10-11 जनवरी को बिजनेस विजिटर्स के लिए और 12-13 जनवरी को जनता के लिए खुला रहेगा। आयोजन स्थल में विभिन्न विषयों पर आधारित 13 हॉल है - जिनमें मेक इन गुजरात और आत्मनिर्भर भारत शामिल हैं।

### इन देशों से पहुंचेंगे दिग्गज कारोबारी

गुजरात सरकार से मिली जानकारी के मुताबिक, भारत के कारोबारियों के अलावा ब्रिटेन, यूएई, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, चेक रिपब्लिक, मिस्र, एस्टोनिया, फिनलैंड, जर्मनी, इंडोनेशिया, जापान, केन्या, नीदरलैंड, मलेशिया, माल्टा, मोरक्को, नेपाल, नॉर्वे, पोलैंड, वियतनाम, साउथ कोरिया, रवांडा, सिंगापुर, थाईलैंड, उरुग्वे, घाना, तंजानिया और मोजाम्बिक से दिग्गज कारोबारी समिट में शामिल हुए हैं।

### तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है भारत

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, भारत 2027-28 तक 5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की जीडीपी के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। साल 2047 तक 30 ट्रिलियन डॉलर होने की उम्मीद है। इसके साथ ही उन्होंने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में विजन डॉक्यूमेंट विकसित गुजरातएट2047 भी जारी किया।



## यूपी के दस से ज्यादा लोगों को एनजीओ संचालक ने की दो करोड़ रुपये फंडिंग

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मानव तस्करी सिंडीकेट का सदस्य एवं एनजीओ संचालक अबू सालेह ने बीते दो वर्षों के दौरान यूपी के 10-12 लोगों के खाते में करीब दो करोड़ रुपये भेजे थे। एटीएस की जांच में इसका खुलासा होने के बाद उसके बैंक खातों की गहनता से जांच की जा रही है, ताकि जिन सफेशपोश लोगों को वह फंडिंग कर रहा था, उनका पता लगाया जा सके। एटीएस की टीम उसे पश्चिम बंगाल ले जाकर छापे मारने की तैयारी भी कर रही है। वहीं दूसरी ओर बुधवार को पश्चिम बंगाल से आई एटीएस की टीम ने अबू सालेह से पूछताछ की है। पश्चिम बंगाल में हरोआ-अल जमियातुल इस्लामिया दारूल उलूम मदरसा एवं कबीरबाग मिल्लत एकेडमी नामक एनजीओ के संचालक अबू सालेह को एटीएस ने रविवार को राजधानी से गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया है कि उसे यूके निवासी भारतीय मूल का नागरिक ने उम्मा वेलफेयर ट्रस्ट से 58 करोड़ रुपये सामाजिक कार्यों में इस्तेमाल करने के लिए दिलवाए थे, जबकि इसका इस्तेमाल मानव तस्करी और टेरर फंडिंग में हो रहा था। जांच में अबू सालेह और दिल्ली के डॉ. गफ्फार की मिलीभगत के पुख्ता प्रमाण भी हाथ लगे हैं। बता दें कि डॉ. गफ्फार को एटीएस बीते एक महीने से तलाश रही है।

## प्राण प्रतिष्ठा समारोह: अलर्ट मोड पर रहेंगे लखनऊ और अयोध्या के अस्तपाल

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या व लखनऊ के अस्पतालों को कनेक्ट किया गया है। इसके लिए शासन ने अस्पतालों में नोडल अधिकारी नामित करके उनके फोन नंबर भी सार्वजनिक किए हैं। इससे चिकित्सक एक-दूसरे से संपर्क साध सकेंगे। साथ ही इमरजेंसी में मरीजों के इलाज में भी सहूलियत मिलेगी। बीते दिनों डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की थी। इस दौरान उन्होंने अयोध्या के अलावा लखनऊ के बड़े चिकित्सा संस्थानों को भी अलर्ट रखने के निर्देश दिए थे। इसके अनुपालन में सभी अस्पतालों में कंट्रोल रूम बनाकर नोडल अधिकारी बनाए गए हैं। उनकी सूची भी सार्वजनिक की गई है। शासन से जारी सूची के अनुसार, डॉ. राम मनोहर लोहिया आर्युविज्ञान संस्थान लखनऊ में डॉ. अजय सिंह और डॉ. शुभांकुर भारद्वाज, केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर में डॉ. संदीप तिवारी, राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज दर्शननगर में डॉ. विनोद आर्या, श्रीराम चिकित्सालय में चीफ फार्मासिस्ट वाईपी सिंह, जिला अस्पताल में अधीक्षक डॉ. विपिन वर्मा, महिला अस्पताल में डॉ. विभा कुमारी, 100 बेड के कुमारगंज अस्पताल में डॉ. अरविंद कुमार मौर्या व चीफ फार्मासिस्ट राम आशीष को नोडल बनाया गया है।

## अमरोहा में अंगीठी जलाकर कमरे में सो गया परिवार, दम घुटने से पांच की मौत

**जन एक्सप्रेस | अमरोहा**

उत्तर प्रदेश में जनपद अमरोहा के सैदनगली थाना क्षेत्र में पड़ रही कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए तसले में आग जलाकर एक परिवार कमरे में सो गया। अगले दिन परिवार के पांच लोगों की दम घुटने के कारण मौत हो गई और दो लोगों की हालत नाजुक है। गांव अल्लीपुर भूड़ उर्फ ढक्का मोड़ निवासी रहीसुद्दीन ट्रक चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। उसके परिवार में पत्नी हुस्नजहां, उसकी की बेटी सोनम, बड़ा बेटा जैद, छोटा बेटा माहिर हैं। धनौरा निवासी साढू आस मोहम्मद ने बताया कि कुछ दिन पहले पत्नी अपनी बेटी कशिश के साथ रहीसुद्दीन के यहां गयी थी। ट्रक चालक रहीसुद्दीन का साला सिहाली जागीर निवासी रियासत, उसकी बेटी महक भी आये हुए थे। जबकि ट्रक चालक रईसुद्दीन चार दिन पूर्व ट्रक चलाने काशीपुर गया था। बुधवार को चालक ने हालचाल लेने के लिए पत्नी को फोन मिलाया। कई बार फोन करने पर जब कॉल नहीं उठी तो उसने अपने छोटे भाई गबरू को फोन करके घर का हालचाल लेने के लिए भेजा।

# योगीराज में फेल साबित हो रहा नौकरशाही का आदर्श माडल, प्रतापगढ़ की बाबागंज ब्लॉक में लोकतंत्र बना मजाक, न्यायालय की शरण में पहुंचे शिकायतकर्ता

**जन एक्सप्रेस | विश्वामित्र पांडेय**

- नव सृजित ग्राम पंचायत उतरार में बिना चुनाव के ही चल रही प्रधानी, प्रधान ने डकारे करोड़ों के फंड
- शिकायतकर्ता का आरोप सीडीओ, डीपीआरओ व खंड विकास अधिकारी जानकारी होने के बाद भी बने हैं अनजान!
- शिकायत के बाद भी संज्ञान लेने से चुके जिला अधिकारी

**लखनऊ/प्रतापगढ़।** सूबे की सियासत में कई दिग्गज नाम देने वाले बेल्हा प्रतापगढ़ में उत्तर प्रदेश के सबसे सफलतम व कद्दावर मुख्यमंत्री के रूप में पहचान हासिल करने वाले गोरक्षपीठ के महंत योगी आदित्यनाथ की पूरी ब्यूरोक्रेट स्थानीय सियासत में रसूख जमाने वाले नेताओं के आगे घुटने टेक चुकी है। ऐसा हम नहीं कह रहे बल्कि जनपद प्रतापगढ़ की बाबागंज ब्लॉक में नव सृजित ग्राम पंचायत उतरार में बिना चुनाव के ही अवैधानिक रूप से चलाई जा रही प्रधानी खुद चिल्ला कर कह रही है। शिकायतकर्ता को इस बात का जवाब योगी आदित्यनाथ की सरकार का कोई भी जिम्मेदार नहीं दे पाया है, अंततः शिकायतकर्ता अब उच्च न्यायालय की शरण में पहुंच गए हैं। शिकायतकर्ता की माने तो वर्ष 2023 में हुए नगर पंचायत के परिसीमन के बाद जनपद प्रतापगढ़ में हीरागंज नगर पंचायत का गठन हुआ, जिसमे बाबागंज ब्लॉक की गोगहर ग्राम पंचायत के कुछ भाग को नगर पंचायत में सम्मिलित किया गया और बाकी बचे क्षेत्र को नव सृजित ग्राम पंचायत उतरार में जोड़ दिया गया। आधे से ज्यादा ग्राम पंचायत सदस्यों की सदस्यता शून्य कर दी गई और बिना चुनाव के ही पुरानी प्रधानी को कायम रखा गया। शिकायतकर्ता द्वारा जिला अधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, डीपीआरओ, खंड विकास अधिकारी आदि सक्षम अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी आज तक कोई कार्यवाही नही हुई, न ही इन अधिकारियों द्वारा इस तथ्य की जांच करने की जहमत उठाई गई।



### अधिकारियों की सांठगांठ से कथित अवैध प्रधानी चलाने का आरोप

गोगहर ग्राम पंचायत की तत्कालीन प्रधान हंसराज देवी का निवास नगर पंचायत में सम्मिलित होने के नाते प्रधानी के पद पर बने रहना अवैधानिक होने के बावजूद अधिकारियों की सांठगांठ से आज तक वही प्रधानी चली आ रही है, जबकि प्रधान हंसराज देवी की पुत्र बधू उर्मिला देवी नव सृजित नगर पंचायत की गोगहर वार्ड नंबर 6 से ही पार्षद भी चुनी जा चुकी हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि उतरार ग्राम पंचायत की कथित अवैध प्रधान और गोगहर वार्ड की सभासद महज रबर स्टांप बनकर रह गए हैं। उक्त मामले में जिलाधिकारी प्रतापगढ़ से जानकारी जुटाने का प्रयास उनके सीयूजी नंबर पर फोन करके किया गया जिसपर फोन पीआरओ द्वारा उठाया गया और पूरा प्रकरण सुनने के बाद उन्होंने बताया कि पहले डीएम साहब मामले की पूरी जानकारी कर लें तब ही कुछ कह सकते हैं। वहीं खंड विकास अधिकारी बाबागंज ने सीधे तौर पर कहा कि शासन द्वारा जारी किसी भी नोटिफिकेशन की जानकारी विकास खंड स्तर से उपलब्ध नहीं है।

> अभी तक मामला मेरे संज्ञान में नहीं था, आपके माध्यम से जानकारी हुई है, इस प्रकरण की तत्काल जांच कराई जाएगी।
> – नवनीत सहरा आईएएस, सीडीओ प्रतापगढ़

> यदि एक हजार से अधिक जनसंख्या है तो ग्राम पंचायत बनी रहेगी, यदि सदस्यों की सदस्यता रद्द कर दी गई है तो जिला मजिस्ट्रेट के द्वारा नोटिफिकेशन जारी करके प्रधानी चलाई जा सकती है। शासन द्वारा नोटिफिकेशन जारी होना आवश्यक है। बाकी इस मामले की जांच कराई जाएगी
> – रविशंकर द्विवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रतापगढ़

> यह ग्राम पंचायत का मामला है निर्वाचन आयोग का मामला है शासन का कोई नोटिफिकेशन आयेगा तो उनको आयेगा हमे नहीं, हमारा काम ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों को चलाना है, इस संबंध में विकास खंड स्तर से कोई सूचना नहीं है।
> – अरुण कुमार प्रजापति, खंड विकास अधिकारी बाबागंज



> गोगहर ग्राम प्रधान का निवास नगर पंचायत सम्मिलित हो जाने और नई ग्राम पंचायत उतरार बनाए जाने के नाते उतरार ग्राम पंचायत की प्रधानी खत्म करके इसे अन्य ग्राम पंचायत में अटैच कर देना चाहिए था फिर भी ऐसा नहीं हुआ जबकि यह नियमानुसार गलत है।
> – उदय शंकर पांडेय, चेयरमैन प्रतिनिधि (हीरागंज नगर पंचायत)



> ग्राम पंचायत उतरार का हंसराज देवी द्वारा किया जा रहा प्रतिनिधित्व पूर्णतयः गलत है जो खत्म किया जाना चाहिए। जिसके लिए मेरे द्वारा निर्वाचन आयोग, चुनाव आयुक्त, जिला अधिकारी प्रतापगढ़, मुख्य विकास अधिकारी प्रतापगढ़, खंड विकास अधिकारी बाबागंज सहित मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की गई थी लेकिन अधिकारियों द्वारा उक्त प्रकरण की जांच तक नहीं कराई गई, जिसके बाद हमने उच्च न्यायालय की शरण ली है।
> – शिवलाल यादव, मुख्य शिकायतकर्ता

### क्या कहता है नियम

जानकारों की माने तो चुनाव के दौरान परिसीमन में यदि एक हजार या अधिक आबादी रह जाती है तो पुरानी ग्राम पंचायत यथावत बनी रहेगी किंतु नई ग्राम पंचायत के सृजन के बाद पुरानी ग्राम पंचायत के प्रधान का कार्यकाल बिना शासन द्वारा नोटिफिकेशन जारी किए नहीं बनी रह सकती। वह बर्खास्त कर दी जाती है।

# व्यक्तिगत कुंठा व राजनैतिक द्वेष से हो रही प्रदेश में कार्यवाही : अखिलेश

**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**



आज पूरा प्रदेश अपराध की आग में जल रहा है। अपराधी बेखौफ होकर प्रतिदिन अपराधों को अंजाम दे रहे हैं। वर्ष 2023 एनसीआरबी की रिपोर्ट के आंकड़ो के अनुसार उत्तर प्रदेश महिलाओं के प्रति अपराधों के मामलों में पहले स्थान पर है। इसी रिपोर्ट के अनुसार पूरे भारत में होने वाले अपराधों में पंद्रह प्रतिशत अपराध उत्तर प्रदेश में होते हैं। यह बात जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने पूर्व विधायक अनिल सिंह के आवास स्थित कैंप कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही।

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में दो नवंबर 2023 को आईआईटी बीएचयू की छात्रा का तीन लड़कों ने जबरन गन पॉइंट पर उसकी नग्न अवस्था का वीडियो बनाकर दुष्कर्म किया। तीन नवंबर को ही उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने बता दिया था कि इस पूरी घटना में भाजपा के लोगों का हाथ है। इस पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दिया गया। पांच नवंबर को सीसीटीवी फुटेज से लड़कों की पहचान हुई।

आठ नवंबर को पीड़िता ने भी उनकी पहचान कर लिया। आरोपियों की पुष्टि होने के पश्चात भाजपा ने उन्हें मध्य प्रदेश के चुनाव प्रचार में भेज दिया। ऐसे में सवाल उठता है कि आरोपियों की पहचान होने के बाद भी उनको गिरफ्तार करने में दो महीने क्यों लगे? क्या पांच राज्यों में चुनाव के कारण भाजपा आरोपियों को बचा रही थी? अगर छात्रों और कांग्रेस अध्यक्ष का इतना दबाव न होता तो शायद आरोपियों की गिरफ्तारी भी नहीं होती।

संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है और दुर्भाग्य यह है कि यह घटना भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की है। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री के क्षेत्र गोरखपुर में विनोद उपाध्याय को सुल्तानपुर में पुलिस ने कथित मुठभेड़ में मार दिया। यह बात आइने की तरह साफ है कि गोरखपुर के रहने वाले विनोद उपाध्याय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पुराने विरोधी रहे हैं। योगी के मुख्यमंत्री बनने के बाद विनोद उपाध्याय पर शिकंजा बढ़ता गया और गिरफ्तारी के लिए उन पर इनाम की धनराशि भी मामले को गंभीर दिखने के लिए बढ़ाई गई। यह मुठभेड़ व्यक्तिगत कुंठा और राजनीतिक द्वेष से प्रेरित है और योगी सरकार का एक जाति विशेष विरोधी चेहरा उजागर करती है। कांग्रेस पार्टी इन घटनाओं की निंदा करके न्यायिक जांच की मांग करती है। इस मौके पर पूर्व विधायक अनिल सिंह, वीरेंद्र सिंह चौहान, अलका सिंह, आशुतोष पांडेय, विनय द्विवेदी, जैनेन्द्र प्रजापति आदि लोग उपस्थित रहे।

# अयोघ्या जा रहे राम भक्तों का जनपद सीमा पर किया स्वागत

**जन एक्सप्रेस | फतेहपुर**



गुजरात के अहमदाबाद शहर से अयोध्या धाम तक 51 दिन की पद यात्रा पर निकले बजरंग दल के कार्यकर्ता भव्य पटेल एवं बागेश्वर धाम से अयोध्या तक की पद यात्रा पर निकले अजय दुबे एवं राजकुमार दुबे का नगर की सीमा राधानगर में राम भक्तों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। राधानगर, देवीगंज, हरिहरगंज, कलक्टरगंज में जगह-जगह स्वागत करवाते हुए वर्मा तिराहा स्थित शिवजी विराजमान मंदिर में पदयात्रियों को भाजपा नेता धनंजय द्विवेदी की अगुवाई में गगनभेदी जय श्री राम के नारों के बीच फूल मालाओं से लाद दिया। पद यात्रियों ने भाजपा नेता धनंजय द्विवेदी के पीरनपुर स्थित आवास में स्वल्पाहार एवं अल्प विश्राम किया।

जहां जाति, धर्म, मजहब की दीवारों को तोड़ते हुए हिंदू व मुस्लिम सभी समुदाय के लोगों ने आरती, तिलक एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। नगर क्षेत्र में पद यात्रा का श्री राम सेना के प्रमुख रूपम मिश्रा एवं जिलाध्यक्ष पिंटू सिंह ने ज्वालागंज स्थित तिराहे पर स्वागत किया। बाकरगंज में पंकज त्रिपाठी, पक्का तालाब में अंजू त्रिपाठी, आनंद तिवारी की अगुवाई में स्वागत किया गया।

यात्रा में धनंजय द्विवेदी के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता ढोल भांगड़ा के साथ जय श्री राम के गगन भेदी नारों के बीच चल रहे थे। पद यात्रियों का स्वागत करने वालों में भाजपा जिला प्रभारी रंजना उपाध्याय, मनोज दुबे, मनोज मिश्रा मनु, आशीष मिश्रा बेलू, राजा ठाकुर, तालिब खान, मुन्ना टूट्टी, सूफी, रणवीर द्विवेदी, तालिब खान, विवेक श्रीवास्तव, संजीव सिंह, राहुल शुक्ला, जितेंद्र सिंह, मंजू शुक्ला, विनय तिवारी, छैया नेता, शिवम गुप्ता, विवेक श्रीवास्तव, धीरू, पवन साहू, विनोद गौतम मौजूद रहे।

## बरगढ़ थाने का पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह ने थाना बरगढ़ का औचक निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान कार्यालय में रजिस्टरों का अवलोकन कर अद्यावधिक करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही थाना परिसर में विवेचना कक्ष, आरक्षी बैरिक, भोजनालय एवं आवासीय परिसर का निरीक्षण कर सम्बन्धित को साफ-सफाई के लिए निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर में निर्माणाधीन आवासीय बिल्डिंग का निरीक्षण कर निर्माणदायी संस्था के ठेकेदार को निर्माण कार्य शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए कहा। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी मऊ जय करन सिंह, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

# बाल अपचारियों के मध्य मनाया हिन्दी दिवस

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



उच्च न्यायालय किशोर न्याय समिति (जेजेसी) के तत्वाधान में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में बाल अपचारियों के मध्य विश्व हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें हिन्दी को बढावा देने पर जोर दिया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज फर्रूख इनाम सिद्दीकी ने देवी सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम विश्व हिन्दी दिवस की शुरूआत 10 जनवरी 1975 को हुई थी। प्रथम हिन्दी दिवस में 22 देशों के 122 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। मात्र भाषा के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए गोष्ठी और संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

भारत के अतिरिक्त यह भाषा नेपाल, गुयाना, टोबैगो, मारिसस आदि देशों में भी बोली जाती है। उन्होंने कहा कि हिन्दी अ अनपढ़ से ज्ञ ज्ञानी बनाती है। किशोर न्याय बोर्ड की प्रधान मजिस्ट्रेट अंजलिका प्रियदर्शनी ने बताया कि भाषा को अपनी शक्ति बनाने के लिए विश्व हिन्दी दिवस को बढ़ावा दिए जाने की आवश्यकता है। सभी लोग यह प्रण लें की अपनी भाषा हिन्दी को सशक्त बनाने के लिए प्रयास करेंगे। साथ ही हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान देंगे। इस मौके पर संस्था प्रभारी वीर सिंह व सम्बन्धित कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने किया स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बुधवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में निर्माणाधीन मल्टीपरपज हाल का औचक निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान फॉल सीलिंग, विद्युत वायरिंग, फ्लोरिंग, टाइल्स, रोल ड्रम, एप्रोच रोड, नाली निर्माण की जानकारी की। उन्होंने अधिशासी अभियंता यूपी सिडको राजेश चैधरी को निर्देश दिए कि फॉल सीलिंग का कार्य तत्काल पूर्ण कराएं। साथ ही विद्युत वायरिंग भी समय से किया जाए। सीढियों पर रेलिंग लगाई जाए। उन्होंने कहा कि बाहर की तरफ नाली ठीक किया जाए। साथ ही सभी जगह इंटरलॉकिंग कराया जाए, इंटरलॉकिंग जिम हाल के सामने तक भी कराया जाए। उन्होंने कहा कि मल्टीपरपज हाल के लिए एक अलग से बैकअप के लिए जनरेटर की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक कुमार से कहा कि विद्युत लोड को देखकर एस्टीमेट बनाकर विद्युत कनेक्शन कराएं। उन्होंने क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार को निर्देश दिए कि खेल के मैदान में प्रकाश व्यवस्था के लिए एक अलग से जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने अधिशासी अभियंता यूपी सिडको को निर्देश दिए कि जो भी कार्य शेष रह गए हैं, उनको तत्काल शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कराया जाए।

## धर्मनगरी में होगा श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव यात्रा आयोजन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** 22 जनवरी को श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक अवसर पर तपोभूमि चित्रकूट में भी बड़े महोत्सव की तैयारी चल रही है।

महोत्सव समूचे तीर्थ क्षेत्र में गाजे-बाजे, जयघोष एवं रामनाम संकीर्तन के साथ मनाया जाएगा। कामदगिरि पीठम के अर्चन ने बताया कि जय बजरंग सेना के तत्वावधान में 22 जनवरी को श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव यात्रा आयोजित होगी। जिसमें विभिन्न प्रांतों से आकर बडी संख्या में जय बजरंग सेना के महिला एवं पुरुष सेनानी तथा रामभक्त शिरकत करेंगे। महोत्सव यात्रा श्रीराम धनुष चौराहा कर्वी से आरम्भ होकर बेडी पुलिया रामघाट, कामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वारा, जानकी कुण्ड, स्फटिक शिला, अनसुईया धाम होते हुए गोदावरी तक पहुंचेगी। कामतानाथ मंदिर प्रमुख द्वारा के संत मदनगोपाल दास महाराज की प्रेरणा से आयोजित हो रहे इस महोत्सव में संत व सामान्यजन शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि बड़े ही धूमधाम से महोत्सव के लिए रचना की जा रही है। जन-जन को शामिल करते हुए संगीतमय श्रीराम नाम संकीर्तन जयघोष, देवालयों पर आराधना, शंख-घंटे घड़ियालों की गूंज, वादन, नृत्य, भव्य आतिशबाजी के साथ राम भक्तों का मुंह मीठा कराते हुए प्रभु श्रीराम दरबार की दिव्य झांकी निकाली जाएगी।

# डीएम ने ईवीएम मशीन का कराया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस | बांदा**

**वीवीपैट के कार्य और मतदान के पश्चात पर्ची निकलने सम्बन्धित सहित कई जानकारियां दी गयी**



जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बुधवार को निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में कलेक्ट्रेट के प्रांगण में ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र में इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन, वीयू/सीयू एवं वीवीपैट के प्रदर्शन का शुभारम्भ किया। प्रदर्शन में उन्होंने ईवीएम मशीन से वोटिंग किये जाने की प्रकिया, वीवीपैट के कार्य एवं मतदान के पश्चात पर्ची निकलने के सम्बन्ध में जानकारी तथा ईवीएम मशीन को वैलेट यूनिट व कन्ट्रोल यूनिट से जोडने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में अपने समक्ष प्रदर्शन कराया एवं जानकारी ईडीसी में कार्यरत कार्मिकों से प्राप्त की।

उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट के साथ-साथ ईवीएम प्रदर्शन केन्द्र का संचालन जनपद की समस्त तहसील मुख्यालय में भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ईवीएम का प्रदर्शन निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता रखने हेतु एवं लोगों को ईवीएम मशीन से वोटिंग के सम्बन्ध में जागरूकता लाने हेतु प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने बताया कि ईवीएम के प्रदर्शन एवं जागरूकता हेतु कर्मियों की ड्यूटी लगायी गई है, जो प्रतिदिन ईवीएम के सम्बन्ध में लोगों को जानकारी प्रदान करेंगे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) राजेश कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अमिताभ यादव सहित प्रधानाचार्य आईटीआइ, ईडीसी सेन्टर के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 15 जनवरी को मनाया जाएगा बसपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन



**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का जन्मदिन आगामी 15 जनवरी को जिला मुख्यालय में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसके लिए पार्टी की ओर से पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर कार्यकर्ताओं को आमंत्रित किया गया।

पार्टी कार्यालय में हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा ने बताया कि आगामी 15 जनवरी को जिला मुख्यालय के पुरानी कोतवाली कर्वी मैदान में बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का 68वां जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिसमें बसपा के बुन्देलखण्ड के मुख्य सेक्टर प्रभारी लालाराम अहिरवार, चित्रकूट धाम मण्डल बांदा के मुख्य सेक्टर प्रभारी कौशलेन्द्र कुमार, पूर्व विधायक चन्द्रभान सिंह पटेल समेत जिला यूनिट के समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

इसके बाद बसपा जिलाध्यक्ष ने मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण का ग्रामीणों को कार्यक्रम में आने के लिए आमंत्रित किया।

इस मौके पर चित्रकूट विधान सभा अध्यक्ष सोनपाल वर्मा, मानिकपुर विधानसभा अध्यक्ष रावेन्द्र कुमार वर्मा, कर्वी नगर अध्यक्ष राजेश रैकवार, जिला कार्यकारिणी सदस्य बसंत लाल वर्मा, राजेन्द्र कुमार गौतम, प्रभु दयाल वर्मा, राजेन्द्र कुमार वर्मा चकौध व राजेन्द्र कुमार भरथौल, राममूरत व जगदीश कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# महिला के साथ दुराचार के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**

घर की दीवार फांदकर आंगन में सो रही महिला के साथ दुराचार के मामले में दोष सिद्ध होने पर जिला जज विकास कुमार प्रथम ने आरोपी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 15 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि भरतकूप थाने में बीती 15 जून 2022 को एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीडिता के अनुसार उसका पति मजदूरी करने के लिए सूरत चला गया था। 14-15 जून 2022 की रात वह अपने घर के आंगन में लेटी हुई थी और उसकी सास छत पर लेटी थी। इस दौरान भरतकूप क्षेत्र के मऊ ब गांव का रहने वाला अर्पित उर्फ नथुनिया दीवार फांदकर घर के आंगन में कूद आया। इसके बाद उसने तमंचा लगाकर जबरन उसके साथ दुराचार किया।

विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद भी जब पीड़िता ने गुहार लगाई तो उसकी सास व परिवार के अन्य लोग आ गए। इस दौरान आरोपी मौका पाकर दरवाजे से ही भाग निकला। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया और आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़ित महिला के बयान दर्ज कराने के बाद पुलिस ने इस मामले में न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद बुधवार को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया।

## ऋतिक का हुआ यूपी सैनिक स्कूल में चयन, किया जनपद का नाम रोशन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अचीवर डिफेंस एकेडमी में शिक्षा पा रहे छठी क्लास के 14 बच्चों ने सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा 2023-24 में भाग लिया था। जिसमें 6 बच्चों ने परीक्षा पास कर अपने परिवार का नाम रोशन किया है। अगर बच्चा अपना लक्ष्य पा लेता है तो इससे बडी खुशी माता-पिता की और कोई नहीं है। पिछले 6 वर्षों से यह अचीवर एकेडमी बबीना कैंट में स्थित है जो कि बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए तैयारी करती है। इसी कोचिंग में पढ रहे बच्चों ने बाजी मारी है। परीक्षा में पास होने वाले बच्चों में नितिन जायसवाल, अमन, ऋतिक बाजपेई, हर्ष, विक्रम प्रताप, आयुष कुमार को परीक्षा में सफलता मिली है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी एकेडमी के अच्छे परिणाम आए हैं।

# श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय के छात्र हुए पुरस्कृत

**जन एक्सप्रेस | चित्रकूट**



महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के तत्वाधान में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर भोपाल में आयोजित मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ राज्यस्तरीय शास्त्रीय स्पर्धा 2024 में श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय अंतर्गत श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट जानकी कुंड के चार छात्रों ने विभिन्न शास्त्रीय प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं संस्थान का मानवर्धन किया। जिनमें छात्र विमल कुमार ने अक्षर श्लोकीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, बलराम अग्निहोत्री ने अमरकोषकण्ठ पाठ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, अंकित द्विवेदी ने गीता श्लोककण्ठ पाठ प्रतियोगिता, हिमांशु त्रिपाठी धातुकण्ठपाठ श्लोक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

शिक्षा समिति की अध्यक्ष उषा जैन एवं संस्था के निदेशक डॉ बी के जैन ने सभी छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि उन्हें प्रसन्नता है कि परम पूज्य रणछोड़दास महाराज द्वारा हमारी प्राचीन संस्कृत भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण तथा संवर्धन के उद्देश्य से वर्ष 1953 में इस संस्कृत विद्यालय की स्थापना की गई। तब से वर्तमान तक अनेकों धर्माचार्य इस विद्यालय से पढ़कर धर्म और अध्यात्म जगत में लोककल्याण के कार्य कर रहे हैं। इन विद्यार्थियों ने भोपाल में मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ के शताधिक संस्कृत विद्यालय के छात्रों के मध्य जाकर प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया। इन छात्रों ने विद्यालय, संस्था के साथ समस्त चित्रकूट का नाम रोशन किया। श्रीराम संस्कृत महाविद्यालय के प्राचीनतम संस्कृत संस्थान एवं शिक्षण के केन्द्रों में से एक है। जिसमें 400 से अधिक छात्र देववाणी संस्कृत के अध्ययन-अध्यापन कर रहे हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### सड़क न होने से ग्रामीणों को हो रही भारी दिक्कत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** मवई बुजुर्ग पट्टनपुरवा बस्ती में सीसी रोड न पड़ने की वजह से स्थानीय ग्रामीणो व स्कूल आने जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों को आम रास्ते पर निकलने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत कई बार उच्च अधिकारियों व ग्राम प्रधान व सचिव को लिखित रूप से भी देकर अवगत कराया है। लेकिन कई वर्ष होने के बावजूद जिम्मेदार उच्च अधिकारी इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणो की माने तो खड़ंजा तो पड़ा हुआ है मगर खड़ंजे के रास्ते पर छोटे-छोटे बबुल के पेड़ हरा घास आदि जमा हो गए हैं जिससे आम रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया है। मजबूरीवश एक कच्चे रास्ते से निकलना पड़ रहा है, जो वो भी बरसात होने पर वहां कीचड हो जाता है। अगर कभी कोई बीमार हो जाता है तो उसको अस्पताल तक ले जाने के लिए कच्चे रास्ते से निकलना पड़ता है। स्थानीय शिवशरण वर्मा ने बताया कि यहीं पर एक परिवार के दो सगे भाई भारतीय सेना में है जो देश की सेवा में दिन-रात लगे हुए हैं वो भी कभी-कभी छुट्टी होने पर गांव आते हैं तो उनको भी आने-जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सीसी रोड बनाने की मांग को लेकर दोनों जवानों ने इसकी लिखित शिकायत परिवार सहित खुद जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपर जिलाधिकारी को लिखित रूप से एक वर्ष पहले दे चुके है, जिस पर अधिकारियों ने आश्वासन दिया था, इसके बावजूद अभी तक यहां की समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द सीसीरोड व नाली निर्माण करवा दिया जाए ,जिससे इस समस्या से निजात मिल सके और आम जनमानस को निकलने के लिए एक अच्छा रास्ता मिल सके।

### स्मैक तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मीनिवास मिश्र के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में बीती रात्रि को थाना पैलानी पुलिस द्वारा अवैध स्मैक की तस्करी करने वाले 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त के कब्जे से लगभग 2.2 लाख रुपये कीमत का अवैध स्मैक बरामद हुआ है। थाना पैलानी पुलिस द्वारा रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान थाना पैलानी क्षेत्र के पैलानी डेरा तिराहे से एक अभियुक्त को अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से लगभग 2.2 लाख रुपये के 22 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुआ है। प्रकरण में थाना पैलानी पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में सुशील कुमार पुत्र कल्लू प्रसाद निवासी छनेहरा लालपुर थाना कोतवाली देहात शामिल हैं।

### पुलिस ने तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मीनिवास मिश्र के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में बीती रात्रि को थाना पैलानी पुलिस द्वारा अवैध सूखे गांजे की तस्करी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गौरतलब हो कि थाना पैलानी पुलिस को रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अवैध गांजे की तस्करी करने वाले तीन अभियुक्तों को थाना पैलानी क्षेत्र के ग्राम नरी से गिरफ्तार कर किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 05 किलोग्राम अवैध सूखा गांजा व अवैध गांजे के परिवहन में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद हुआ है। मुख्य अभियुक्त अनिल यादव के ऊपर जनपद मऊ में पहले से ही हत्या की कोशिश, चोरी आदि मामलें में आधा दर्जन मुकदमें दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्तों में अनिल यादव पुत्र बलिराज निवासी कोपा कोहना थाना कोपागंज जनपद ,सोमदत्त उर्फ अंकुल पुत्र जयध्वज त्रिपाठी निवासी गोखरही थाना तिन्दवारी व दिव्यांश उर्फ पप्पू अनुरागी पुत्र सौखीलाल निवासी पचनेही थाना कोतवाली देहात शामिल हैं।

### सड़क हादसे में युवक समेत दो की मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** बाइक सवार दो लोगों को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरे की अस्पताल लेकर जाते समय मौत हो गई। खबर पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनो शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। बुधवार की सुबह गुढ़ा अंश रमपुरवा निवासी 68 वर्षीय जगत देव निषाद रिश्ते में नाती कल्लू पुत्र भिंज्जु के साथ बाइक में सवार होकर कस्बा नरैनी बाजार करने आ रहे थे। कस्बे के नजदीक बजरंग चैराहे के पास डिवाइडर से मुड़ते ही पीछे से चले आ रहे अनियंत्रित वाहन दोनों को रौंदते हुए भाग खड़ा हुआ। बाइक चला रहे नौगवां अंश केवटरा निवासी कल्लू 20 वर्षीय पुत्र भिंज्जु की मौके पर ही मौत हो गयी। सुनसान जगह होने के कारण कोई भी वाहन को नही देख पाया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुचे कोतवाली निरीक्षक अनिल सैनी उपनिरीक्षक इंदल यादव ने घायल अवस्था मे पड़े जगत देव निषाद को तुरंत अस्पताल भेजा लेकिन उसने भी रास्ते मे दम तोड़ दी ।जब सड़क हादसे के घटना की सूचना मृतक के परिजनों को हुई तो कोहराम मच गया ।अस्पताल परिसर के बाहर एक साथ दो शवो को देख परिजन बदहवास हो गए ।कोतवाली पुलिस मृतकों के परिजनों को ढांढस बंधाया। दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### परदेश जाने के लिए निकले युवक का शव बरामद

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** दो दिन पहले अहमदाबाद जाने के लिए घर से निकले युवक का शव अतर्रा स्टेशन से कुछ दूरी पर रेलवे लाइन किनारे पडा पाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी ली तो बड़े भाई का फोन नम्बर मिला। पुलिस ने घटना की सूचना परिजनों को दी। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के तरायां गाव निवासी बिंदेश्वरी सिंह (25) पुत्र शिवपूजन सोमवार की दोपहर अपने घर से अहमदाबाद जाने के लिए निकला था। मंगलवार की शाम को उसका शव अतर्रा रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर पड़ा पाया गया। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की तलाशी ली। इस दौरान उनके बड़े भाई का नम्बर उसकी जेब से बरामद हुआ। पुलिस ने मोबाइल नम्बर के जरिये परिजनों को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे। मृतक के भांजे अक्षय सिंह निवासी बबेरू ने बताया कि बिंदेश्वरी अहमदाबाद में रहकर काम करता था। वह दो भाईयो में छोटा था। पिता की आठ वर्ष पहले बीमारी के चलते मृत्यु हो गयी थी। अचानक हुई इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### छात्रा ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** शादी तय हो जाने से परेशान छात्रा ने मंगलवार की दोपहर को जहरीला पदार्थ खा लिया। इससे उसकी हालत बिगड़ गयी। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल और फिर मेडिकल कालेज रेफर किया गया। वहां पर उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम कराया है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं। स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 17.4 (-2.1)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 8.0 (+1.4)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 97 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 66 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.2 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# 24 घंटे में चार हत्याओं से हिल गया कानपुर शहर




**जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर**

**कानपुर नगर।** शहर के चार थाना क्षेत्रों में बीते लगभग 24 घंटे के अंदर चार मौतें दिल को झकझोर देने वाली हुई हैं, इनमें सबसे ज्यादा दिल को दहला देने वाला मामला बीती 10 जनवरी दिन बुधवार को सामने आया है जिसमें बीती 4 जनवरी को लापता हुआ थाना सेन पश्चिम पर क्षेत्र के एक मासूम की मौत शामिल है, इन चारों की मौत नहीं बल्कि हत्या हुई है, 9 जनवरी 2023 को थाना रायपुरवा क्षेत्र में एक बुजुर्ग महिला टीचर दिनदहाड़े जिंदा जलाकर मार डाली गई मामले की जॉच तेजी से चल रही है पुलिस घटनाक्रम से सफल पर्दा उठाने का दावा भी कर रही है, इसी तारीख को थाना जाजमऊ क्षेत्र में एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई और उसके बाद आरोपी फरार भी हो गया है पुलिस उसे तलाश रही है, ग्वालटोली क्षेत्र स्थित विख्यात प्राचीन मंदिर आनंदेश्वर जिसे परमठ भी कहा जाता है यहां वर्षों से सेवादार के रूप में कार्यरत एक वृद्ध की हत्या हो गई है मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और जल्द ही इस हत्याकांड के भी पर्दा उठाने का दावा कर रही है, नवागंतुक पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार अपना वर्षों पुराना अनुभव लगाकर कानपुर नगर को अपराध मुक्त करने का बेजोड़ प्रयास कर रहे हैं और उनके द्वारा जनता के साथ आपसी समन्वय बनाकर नागरिकों राहत पहुंचा जाने की कवायद भी जारी है परंतु उन्हें वर्तमान में अपराध पर लगाम लगाने के लिए कुछ अलग ही करना होगा।

**● मामला नम्बर चार**

### 4 जनवरी को लापता मासूम बच्चे की लाश थाना चकेरी क्षेत्र में मिली



थाना सेन पश्चिमपरा क्षेत्र स्थित स्वर्ण जयंती बिहार के कृष्ण पैलेस निवासी मनोज गुप्ता का 12 वर्षीय बेटा वरुण बीती 4 जनवरी को अचानक घर से लापता हो गया था, परिजन उसे इधर-उधर ढूंढते रहे 9 जनवरी को थाना सेन पश्चिम पारा में आईपीसी की धारा 363 आईपीसी में मुकदमा दर्ज किया गया और बीते दिन 10 जनवरी को थाना चकेरी के सनीगवां क्षेत्र नहर में वरुण की लाश मिली है, वरुण की भी हत्या की आशंका जताई जा रही है, कारण यह है कि अगर वरुण 4 जनवरी को डूबा होता तो उसकी लाश जल्द से जल्द मिल जाती, लेकिन वरुण की लाश बीते दिन 10 जनवरी को मिली है जिसे कहीं ना कहीं यह जरूर इशारा करता है कि वरुण की किडनैपिंग के बाद हत्या की गई है हालांकि पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है वहीं सूत्रों की माने तो इस मामले में पुलिस दूध का दूध और पानी का पानी करना चाहती है।

**● मामला नम्बर एक**

### बुजुर्ग महिला टीचर की दिन दहाड़े जिंदा जला कर हत्या



थाना रायपुरवा क्षेत्र के छब्बा लाल आहाते में निवास करने वाली बुजुर्ग महिला मंजू वर्मा उम्र 62 वर्ष पत्नी स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद पेशे से टीचर थीं बीती नौ जनवरी को उनकी लाश जलते हुए बंद कमरे में मिली थी,मंजू वर्मा के कोई आल औलाद नहीं थी वह अकेले ही मकान में निवास कर रही थीं, रोजाना की तरह वह रात में घर में सोने के लिए गई और दूसरी सुबह उनके घर से धुंआ उठता देख पड़ोसी शैलेंद्र कुमार ने डायल 112 पर सूचना पुलिस को दी, जैसे ही सूचना पुलिस को मिला थाना रायपुरवा की पुलिस टीम के साथ थानाध्यक्ष अनवरगंज नीरज ओझा और एसीपी अनवरगंज इंद्र प्रकाश सिंह मौके पर पहुंचे, साथ ही साथ फॉरेंसिक की टीम भी पहुंची और जांच में जुट गई, जिस समय पुलिस टीम पहुंची थी उस समय तक मृतक टीचर का शरीर जल रहा था क्योंकि धुआं उठ रहा था और बराबर गंध भी उठ रही थी, एसीपी अनवरगंज के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों में एडीसीपी सेंट्रल आरती सिंह भी पहुंची और उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया साथ ही साथ अगल-बगल पूछताछ भी की, आरती सिंह के जाने के बाद संयुक्त पुलिस आयुक्त नीलाब्जा चौधरी भी घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने कई बिंदुओं पर अगल-बगल के पड़ोसियों से पूछताछ भी की है, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और कई बिंदुओं पर जांच करने में जुट गई है। जिस बुजुर्ग महिला टीचर की जिंदा जलकर मौत हुई है उसके द्वारा बीते वर्ष सितंबर माह में अपने दरवाजे पर चॉक से लिखा गया था कि अगर उसके साथ कोई अनहोनी घटना घटित होती है तो उसके जिम्मेदार उसके पड़ोसी होंगे हालांकि उसके द्वारा किसी पड़ोसी का नाम दरवाजे में नहीं लिखा गया है।

**● मामला नम्बर दो**

### थाना ग्वालटोली क्षेत्र में परमट मंदिर के सेवादार की हत्या

शहर के थाना ग्वालटोली क्षेत्र में मंदिर आनंदेश्वर है जिसे परमठ के नाम से भी जाना जाता है इसी मंदिर में सेवादार रहे कन्हैयालाल 59 वर्ष की हत्या होने के मामले में हत्या का मुकदमा नौ जनवरी को दर्ज किया गया है।

**● मामला नम्बर तीन**

### थाना जाजमऊ क्षेत्र में युवक की हत्या

9 जनवरी को थाना जाजमऊ क्षेत्र के तिवारीपुर में एक 22 वर्षीय युवक शादिक उर्फ इस्माइल की गला रेत कर हत्या कर दी गई हत्या आरोपी कोई करीबी दोस्ती बताया जा रहा है और वह घटना को अंजाम देकर फरार भी हो चुका है।

# धर्म परिवर्तन के मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई न करने का बजरंगियों ने लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**


आनन्द सिंह बजरंग दल

किशोरी को प्रेमजाल में फंसाने के बाद बहला फुसलाकर अगवा कर दुष्कर्म करने और जबरन धर्म परिवर्तन कराने के मामले में पुलिस ने जहां एक आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है।

वहीं अब मामले में आरोपित के साथी का नाम भी मुकदमे में शामिल करवाने के लिए बजरंग दल कार्यकर्त्ता बुधवार को चकेरी इंस्पेक्टर से मिले हैं, कार्यकताओ ने आरोप लगाया है कि पीड़िता ने दूसरे आरोपित का नाम तहरीर में दिया था लेकिन फिर भी पुलिस ने उसका नाम मुकदमे में शामिल नही किया है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना चकेरी क्षेत्र निवासी 14 वर्षीय किशोरी से तीन माह पहले जाजमऊ के मैकू पुरवा निवासी दानिश खान ने इंस्टाग्राम के जरिए नाम बदलकर दोस्ती की थी, फिर आरोपित ने पीड़िता को अपने प्रेम जाल में फंसाया और दो माह पहले बहला फुसलाकर उसे अपने साथ भगा ले गया था। आरोप है कि दानिश ने पीड़िता को अपने घर में बंधक बना दुष्कर्म किया था, साथ ही उसका जबरन धर्म परिवर्तन करा गोश्त भी खिलाया था।

बीती 28 दिसंबर को पीड़िता ने किसी तरह से फोन कर अपने परिजनों को जानकारी दी थी। जिसके बाद पीड़िता के पिता ने बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ आरोपित के घर जाकर किशोरी को मुक्त कराया था। पुलिस ने आरोपित दानिश के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था। वही बजरंग दल कार्यकर्ता आनन्द सिंह ने बताया कि मामले में दूसरा आरोपित जाजमऊ निवासी नदीम है जो पीड़िता का जबरन निकाह कराने की बात कर रहा था उसका नाम भी तहरीर में शामिल था। लेकिन पुलिस ने उसका नाम मुकदमें में शामिल नही और अभी तक चकेरी पुलिस ने पीड़िता का न्यायालय के सामने बयान तक नही करवाया जिस पर उन्होंने एक हफ्ते पहले डीसीपी पूर्वी तेज स्वरूप सिंह से भी शिकायत की थी।

# नवाबगंज में महापौर पर बरसाए गए फूल



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

महापौर प्रमिला पांडे ने बुधवार दोपहर नबाबगंज थाने के पास से अपनी पदयात्रा की शुरुआत की, इस दौरान सैकड़ों की संख्या में राम भक्तों और स्थानीय लोगों के साथ जब महापौर नवाबगंज बाजार से गुजरीं तो दुकानदारों ने फूल मालाएं पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। पदयात्रा के दौरान आस-पास की छतों से महिलाएं फूल बरसा रहीं थी और गलियों में जय श्री राम के नारे गूंज रहे थे, करीब 3 किलोमीटर लंबी इस यात्रा का समापन जागेश्वर मंदिर नवाबगंज में हुआ, इस मौके पर महापौर ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि 22 जनवरी का दिन बड़े सौभाग्य से आ रहा है अतः सभी शहरवासी भगवान राम के नाम का एक दीपक अपने घरों एवं आसपास के मंदिरों में जरूर जलाएं, पदयात्रा में महापौर प्रमिला पांडे, पार्षद कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# घाटमपुर पुलिस ने दो शातिरों को दबोचा

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

थाना घाटमपुर ने दो अभियुक्तो को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस बरामद हुए हैं, संदीप यादव पुत्र भारत सिंह नि0-ग्राम अयोध्यापुर थाना घाटमपुर कानपुर नगर के द्वारा सूचना दी गई कि ग्राम बैंदा केजंगल में शराब के ठेके के पास दो व्यक्ति शराब के नशे में आये हैं जिनके पास अवैध शस्त्र है इस सूचना पर तत्काल उ0नि0 जयवीर सिंह चौकी प्रभारी जाजपुर द्वारा मय फोर्स के मौके पर पहुंच कर दो व्यक्ति पिन्टू व अखिलेश को गिरफ्तार किया गया है, दोनों के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई है।

# कल्याणपुर के अपहरण और पेशाब कांड में मोहम्मद वसाब गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस | अंकित चौधरी**



कानपुर नगर। शहर में युवक का सरेआम अपहरण करने के बाद मारपीट और अमानवीयता करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी मोहम्मद वसाब को गिरफ्तार कर लिया है पकड़े गए वसाब के गोदाम में ही छात्रों को बांधकर पीटा गया था अन्य आरोपीयों की तलाश में पुलिस टीम छापेमारी कर रही है पीड़ित की भी हालत सामान्य होने पर उसे भी जेल भेजा जाएगा, बीते तीन महीने से वह हत्या के प्रयास की कोशिश में फरार चल रहा था पुलिस की जांच में सामने आया है कि पूरा मामला दो गुटों के बीच गैंगवार का है।

कल्याणपुर के राधापुरम में रहने वाले एमसीए छात्र आयुष द्विवेदी और उनके दोस्त राणा प्रताप नगर निवासी बिट्टू उर्फ अभिषेक सिंह का सोमवार रात कांस्टेबल के बेटे हिमांशु यादव ने अपहरण कर लिया था इतना ही नहीं चेहरे पर टॉयलेट तक कर दी गई थी, पुलिस ने कांस्टेबल धर्मेंद्र यादव नंदू दुबे और आयुष मिश्रा को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है जबकि मुख्य आरोपी हिमांशु और शनि ऋषभ चौहान, समेत उन आरोपियों की तलाश जारी थी, इस दौरान एक अन्य आरोपी मोहम्मद वसाब का नाम जांच के दौरान सामने आया है कि अपहरण करने से लेकर अमानवीयता करने में वसाब की भी अहम भूमिका थी।वसाब ने ही आयुष द्विवेदी के चेहरे पर टॉयलेट की थी और थूक भी चटवाया था वसाब के गोदाम पर भी आयुष द्विवेदी को बांधकर पीटा गया था बुधवार को वसाब को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेजा गया।

मुख्य आरोपी हिमांशु समेत अन्य की तलाश में पुलिस की टीम ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही है कांस्टेबल का बेटा होने के चलते उसने फेरारी के दौरान एक भी बार अपना मोबाइल ऑन नहीं किया। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडे ने बताया कि इसमें पीड़ित पक्ष हो या आरोपी दोनों ही इलाके के बिगड़ैल लड़कों का गैंग है। दोनों पक्षों के सदस्य अपराधी के प्रवृत्ति के हैं बारासिरोही में रहने वाला हिमांशु उर्फ सनी एलएलबी का छात्र है।

6 अक्टूबर 2023 को हिमांशु की मां कुसमा ने कल्याणपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी आरोप था कि उनके पति धर्मेंद्र यादव ने पनकी रोड पुलिस चौकी के अपराधी जमुना ठाकुर की अरेस्टिंग करवाई थी इसके बाद जमुना ठाकुर और उसके साथी आयुष द्विवेदी अनुज तिवारी बंटी तिवारी शांतनु यादव समेत 10 अज्ञात में हिमांशु को 5 अक्टूबर को शिवली रोड पेट्रोल पंप के पास पीटा और उस पर बाइक चढ़ा दी उसका चेहरा खराब हो गया था बाया कान फट गया था और सर पर गंभीर चोटें आई थी।

**कांस्टेबल ने लिखी थी वारदात की पूरी स्क्रिप्ट**

कांस्टेबल ने इसकी स्क्रिप्ट लिखी और उसके बेटे ने अपने दोस्तों के साथ वारदात को ध्यान दिया पूछताछ में सामने आया है कि पूर्व में आयुष द्विवेदी और उसके साथियों ने कांस्टेबल के बेटे को पीटा था मामले में हत्या के प्रयास की रिपोर्ट दर्ज करके तीन आरोपियों को जेल भेजा गया था लेकिन आयुष खराब चल रहा था कांस्टेबल ने प्लानिंग के तहत लड़की के जरिए आयुष को मिलने के लिए बुलवाया कांस्टेबल के बेटे हिमांशु यादव ने बदला लेने के लिए हैवानियत की सभी हदें पार कर दी मारपीट करने के साथ ही गुंडो ने उसके चेहरे पर टॉयलेट कर दी जख्मों पर नमक छिड़क वारदात को अंजाम दिया है।

# रावतपुर पुलिस ने बलात्कार का आरोपी दबोचा

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

थाना रावतपुर पुलिस द्वारा बलात्कार के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी की तलाश की जा रही थी मुखविर खास सूचना मिली कि आप जिस अभि) पुनीत सिंह उपरोक्त की तलाश कर रहे है वह दलहन पुलिया के पास कही जाने की फिराक मे खड़ा है व0उ0नि0 मय हमराह के साथ दलहन पुलिया के पास पहुँचा खड़े व्यक्ति का नाम पता पूछा उसने अपना नाम पुनीत कुमार उर्फ राहुल पुत्र रामबरन सिंह निवासी ग्राम प्रेमपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज व 172/1 नारामऊ मंधना थाना बिठूर कानपुर नगर हाल पता म0नं0 138 वंश कुटी गुरुदेव विकास नगर थाना रावतपुर कानपुर नगर उम्र करीब 26 वर्ष बताया अभि0 को जुर्म धारा 376/328/294/504/506द्धआई पीसी से अवगत कराते हुए हिरासत पुलिस लेकर थाने लाकर विधिक कार्यावाही की जा रहेगी

# गंगा को अविरल निर्मल बनाने का निर्देश दे गए प्रमुख सचिव

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

उत्तर प्रदेश के नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने सर्किट हाउस में स्वच्छ गंगा मिशन के तहत गंगा सफाई, एसटीपी संचालन, जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना के संबंध में जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर, जल निगम व जलकल विभाग और अन्य अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कई दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नमामि गंगे प्रोजेक्ट एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट है और माघ मेला भी नजदीक है इस दौरान गंगा में सीवरेज अथवा किसी भी प्रकार की कोई गंदगी नहीं जानी चाहिए, यही प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है इसी प्रमुखता को देखते हुए यह बैठक की गई है क्योंकि गंगा को स्वच्छ रखने के लिए काफी प्रयास किए गए हैं जिसका यह अंतिम चरण है इस चरण में कहीं कोई कमी ना रह जाए इसके लिए प्रयागराज और कानपुर में बैठक करके संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए हैं।

सीसामऊ नाला की गन्दगी गंगा में जाने के संबंध में सवाल पूछे जाने पर प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि जब गंदगी की सूचना आती है तो तुरंत एक्शन लेकर डायवर्ट करके कार्यवाही की जाती ताकि गंगा में कोई भी दूषित जल नहीं जाए।

# ट्रैफिक व्यवस्था को ऑल इज वेल करने के लिए खुद सड़क पर निकल रहे पुलिस कमिश्नर



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

शहर में बुधवार को थाना चकेरी क्षेत्र स्थित अति व्यस्त चौराहे रामादेवी पर खुद पुलिस कमिश्नर अपने उच्च अधिकारियों के साथ निरीक्षण करने पहुंचे, इस निरीक्षण का पुलिस कमिश्नर का मुख्य उद्देश्य था कि शहर की जनता को मजबूत उत्कृष्ठ ट्रैफिक व्यवस्था मुहैया कराई जा सके, इस दौरान उन्होंने स्लिप रोड निर्माण कराने, विद्युत पोल हटाये जाने तथा सब्जी मंडी को अन्यत्र स्थानान्तरित किये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने तथा अतिरिक्त पुलिस बल उपलब्ध कराकर लगने वाले जाम से आम जनमानस को राहत पहुँचाने के लिए जिम्मेदार सभी विभाग के अधिकारियों को बुलाकर स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार का अतिक्रमण सड़क के किनारे ना हो। इस दौरान पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के साथ नगर निगम, केस्को, लोक निर्माण विभाग के जिम्मेदार अधिकारी एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था आनन्द प्रकाश तिवारी डीसीपी ट्रैफिक, श्रीमती आरती सिंह, डीसीपी पूर्वी तेजस्वरुप सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण/यातायात अंकिता शर्मा, अपर पुलिस उपायुक्त यातायात श्रीमती शिवा सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त पूर्वी लखन सिंह यादव उपस्थित रहे।

# डीएम ने विद्युत विभाग को दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

जिलाधिकारी विशाख जी0 ने जिला उद्योग बंधु की विगत बैठक में आई.आई.ए. चौबेपुर चैप्टर एवं चौबेपुर क्षेत्र के उद्यमियों द्वारा चौबेपुर औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत ट्रिपिंग, लो-वोल्टेज तथा अन्य विद्युत समस्याओं के संबंध में अवगत कराया गया था। जिलाधिकारी द्वारा उक्त समस्या के समुचित निदान हेतु दक्षिणांचल विद्युत वितरण कानपुर नगर के मुख्य अभियंता एवं अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिये गये कि इसका निदान निकालें एवं नये विद्युत सब स्टेशन की स्थापना का आगणन तैयार करें। उक्त निर्देशों के क्रम में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0 चौबेपुर ने आरएसएसडी योजनान्तर्गत 33 केवीए के सबस्टेशन हेतु रू0 12.71 करोड़ के बजट का आगणन तैयार कर शासन को प्रेषित कर दिया गया है। चौबेपुर औद्योगिक क्षेत्र में विद्युत ट्रिपिंग, लो-वोल्टेज तथा अन्य विद्युत समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधिकारी द्वारा 09 जनवरी को 33/11 केवीए नये सब स्टेशन की स्थापना हेतु किया गया है।

# ड्राइवर लॉबी का कानपुर सेंट्रल पर क्रमिक उपवास रहा जारी




**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**

नई पेंशन स्कीम के विरोध मे नॉर्थ सेंट्रल रेलवे इम्पलाईस संघ के क्रमिक उपवास के तीसरे बुधवार को नई पेंशन स्कीम को समाप्त कर पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल किए जाने के लिए संघ की सभी शाखाओं द्वारा ड्राइवर लॉबी कानपुर सेंट्रल पर क्रमिक उपवास जारी है। मंडल अध्यक्ष मानसिंह ने बताया कि नई पेंशन स्कीम को समाप्त कर पुरानी पेंशन स्कीम को बहाल किए जाने के लिए एनएफआईआर/एनसीआरईएस कई वर्षों से लगातार संघर्ष कर रहा है इसी क्रम मे एनएफआईआर/एनसीआरईएस विगत 10 जुलाई वर्ष 2023 को पूरे भारतवर्ष में लाखों की संख्या में रेल कर्मचारियों के बड़े समूह के साथ केंद्रीय महामंत्री आर.पी.सिंह के नेतृत्व में रामलीला मैदान नई दिल्ली में विशाल प्रदर्शन किया गया था। वही एनएफआईआर/एनसीआरईएस द्वारा पुरानी पेंशन बहाल किए जाने के लिए 8 से 11 जनवरी तक निरंतर क्रमिक उपवास करने का निर्णय लिया गया था। जिसके अनुसार न्यू पेंशन स्कीम में आने वाले रेलवे कर्मचारी भाग लेकर मजबूती के साथ अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर आंदोलन को कामयाब बनाने का प्रयास कर रहे हैं।कार्यक्रम का नेतृत्व और अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मानसिंह के द्वारा की जा रही है।

क्रमिक अनशन के दौरान कानपुर परिक्षेत्र की सभी शाखाओं के शाखा सचिव आर.एन.पी.सिंह, सिराज अहमद, अजीत सिंह, राजेश मौर्य राजेंद्र कुमार, भारत भूषण मिश्रा तथा शाखा अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, आशुतोष झींगरन, दिनेश गुप्ता, आर.आर. तिवारी, प्रभात कुमार, एस.एन.श्रीवास्तव, अजय सागर यादव आदि श्रमिक नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दो दिवसीय भाषा उत्सव के पहले दिन हिंदी और कृत्रिम मेधा विषय पर व्याख्यान

**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर**



विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन एवं कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक की प्रेरणा से आयोजित दो दिवसीय भाषा उत्सव के पहले दिन बुधवार को विश्वविद्यालय के सीनेट हॉल में उद्घाटन सत्र में ÷हिंदी और कृत्रिम मेधा विषय पर शिक्षाविदों और विशेषज्ञों का व्याख्यान हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि कवि पद्मश्री प्रो. अशोक चक्रधर, विशिष्ट अतिथि के तौर पर प्रो.अवनिजेश अवस्थी एवं एआईसीटीआई के मुख्य समन्वय अधिकारी डॉ0 बुद्ध चंद्रशेखर रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने की। कार्यक्रम की शुरुआत वेदमंत्रों और मां शारदा की वंदना के साथ दीप प्रज्ज्वलित के द्वारा की गयी। हिंदी और कृत्रिम मेधा विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए मुख्य अतिथि अशोक चक्रधर ने कृत्रिम मेधा के इतिहास और उसके निकट भविष्य की चर्चा की। उन्होंने बताया कि कृत्रिम मेधा का उपयोग विवेकपूर्वक ढंग से करना चाहिए, कृत्रिम कभी भी मानवीय मूल्यों और भावों को विस्थापित नहीं कर सकती है क्योंकि कृत्रिम मेधा भावहीन और शरीरहीन होता है। उन्होंने कहा कि एआई समुद्र है जिसमें हमें अपने ज्ञान का अंश डाल देना चाहिए। एआई के पास दिलात्मक दिमाग नहीं है या कहें कि दिमागात्मक दिल नहीं है जिसके कारण वह मनुष्य की बराबरी कभी नहीं कर सकता है। एआई ज्ञान का सृजन नहीं कर सकता है।

एआईसीटीआई के मुख्य समन्वय अधिकारी डॉ.बुद्ध चंद्रशेखर ने हिंदी की महत्ता बताते हुए उसमें तकनीक का उपयोग करने का विचार रखा। उन्होंने अनुवादिनी नामक सॉफ्टवेयर के बारे मे बताया जो लोगों को उनकी अपनी मातृभाषा में तत्काल अनुवाद करके बता सकती है। डीयू के हिंदी विभाग के प्रो.अवनिजेश अवस्थी ने मनुष्यों की उत्पत्ति और एआई की उत्पत्ति के बारे में चर्चा की। उन्होंने विज्ञान की प्रगति की तुलनात्मक चर्चा करते हुए कहा कि विज्ञान वरदान और अभिशाप दोनों हो सकता है इसलिए सीमाओं का ज्ञान होना अति आवश्यक होता है। कार्यक्रम में कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने कहा कि हिंदी भाषा ही नहीं संस्कृति है। अपनी संस्कृति पर गर्व की अनुभूति कर विकास के नए प्रतिमान गढ़े जा सकते हैं। कार्यक्रम में प्रतिकुलपति प्रो. सुधीर कुमार अवस्थी ने सभी वक्ताओं और श्रोताओं को कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ .अंकित त्रिवेदी, डॉ. सर्वेश त्रिपाठी, डॉ. विकास यादव, डॉ. सोनाली मौर्य सहित विश्वविद्यालय के सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### सरसों बीज उत्पादन को खेतों में देखने पहुंचे उपनिदेशक बीज प्रमाणीकरण



**जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर पर उपनिदेशक बीज प्रमाणीकरण कानपुर डॉ. मुख्तार सिंह ने बुधवार को वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों के साथ सरसों बीज उत्पादन कार्यक्रम को खेतों में जाकर देखा। उन्होंने बताया कि शुद्ध बीजों की अंकुरण क्षमता मानकों के अनुरूप होती है। डॉ. सिंह ने कहा कि शुद्ध बीज अनुवांशिक एवं भौतिक रूप से शुद्ध होते हैं तथा इन पौधों में एकरूपता, गुणों में समानता एवं पकने की अवधि एक पाई जाती है। उन्होंने कहा कि शुद्ध एवं प्रमाणित बीजों के उपयोग से समान बीज की तुलना में उत्पादन 15 से 20ब अधिक होता है। सरसों फसल में कोई रोग और कीड़े का प्रकोप न देखकर उन्होंने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा की कटाई पूर्व खरपतवार एवं अन्य अवांछित पौधों को पृथक करना आवश्यक है। इस अवसर पर डॉ. खलील खान, डॉ. राजेश राय, डॉ.शशिकांत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सड़कों पर फर्राटा भरते देखे जा रहे नाबालिग बच्चे, जुर्माना देना आदत में हो गया शुमार

जन एक्सप्रेस। बाजार शुक्ल, अमेठी

जीवन रक्षा को आधार मानते हुए सरकार के निर्देशन अनुसार विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह मनाया गया लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कर अपने नाबालिक बच्चों को वाहन नहीं देने की प्रशासन द्वारा अपील भी की गई। हालात कस्बे के मुख्य मार्गो से लेकर मेन बाजार और छोटी, बड़ी गलियों में नाबालिग युवा बिना किसी भय और खौफ के फिल्मी अंदाज में बाइक, ट्रैक्टर सहित अन्य वाहनों से फर्राटा भरने से बाज नहीं आ रहे। लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने की गरज से बाजारों में अपने दोस्तों को बिठाकर तेज गति से मोटर

**✻ जिम्मेदारों के सुस्त सिस्टम से कभी भी हो सकते हैं बड़े हादसे**

साइकल दौड़ाते इन नाबालिगों को आसानी से देखा जा सकता है। पुलिस प्रशासन के ध्यान न देने से कस्बे के छोटे बड़े चौराहों पर ऐसे नाबालिग वाहन चालकों की संख्या लगातार इजाफा होता देखा जा रहा है। हालात ये है कि 14 से 16 वर्ष तक के नाबालिग वाहन चलते हैं जिनके बाइक से जमीन पर तो ट्रैक्टर की स्टेयरिंग तक पैर नहीं पहुंचते हैं इसके बाद भी ये सड़कों पर खुलेआम अपने वाहन दौड़ते देखे जाते हैं।



**बिना लाइसेंस चला रहे हैं वाहन**

कस्बे में पुलिस सहित अन्य प्रशासन को ज्यादा ध्यान नहीं देने से यहां नाबालिग बिना लाइसेंस के बाइक सहित अन्य वाहनों को नियमों को ताक पर रखकर बच्चे दौड़ाते रहते हैं। जिससे आम राहगीर तथा दुकानदारों में हादसे की आशंका बनी हुई है। तेज दौड़ती इन बाइकों से आम नागरिकों में भारी खौफ रहता है और वह घर से निकलते समय ईश्वर से कुशल घर वापस पहुंचने की कामना करते हैं कि वह किसी मनचले बाइक चालक के वाहन का शिकार न बन जाएं। लोगों की मानें तो बगैर लाइसेंस के बाजारों में फर्राटा भर रहे इन नाबालिगों को पुलिस प्रशासन का भय नहीं है यही बजह है कि इनकी संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होती जा रही है।

# ककवा क्रॉसिंग फ्लाईओवर ब्रिज बना वाहन पार्किंग स्टैण्ड

## अधूरी पड़ी साइड सड़क-जल निकासी, आ रही घोटाले की बू

जन एक्सप्रेस। अमेठी



कानून के साथ खिलवाड हो रहा है।सरकार की छबि खराब हो रही है।फ्लाईओबर निर्माण कार्य तो जैसे तैसे हो गया।लेकिन फ्लाई ओबर के पूर्वी और पश्चिमी साइड सड़क मार्ग निर्माण कार्य अब पेंडिंग चल रहा है।और जल निकासी प्रबंधन भी अधर मे पडा है।जिला प्रशासन सरकार की योजनाओं के प्रति गंभीर नहीं दिख रहा है। जिले के विकास योजनाओ का कायाकल्प इस तरह से ढुलमुल चल रही है। बड़े-बड़े दावे करने वाली सरकारों का कार्यदायी संस्था पर अंकुश नही रहा। नगर पंचायत अमेठी के व्यापारियो ने भाजपा समर्थित जिला पंचायत परिषद अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि उर्फ राजेश मसाला को ज्ञापन देकर फ्लाई ओवर निर्माण कार्य को जल्द दुरुस्त कराने की मांग चार माह के पहले दिए थे। लेकिन फ्लाईओवर तो जैसे तैसे बना। लेकिन हैरत इस बात की साइड सड़क मार्ग निर्माण कार्य क्यो अधूरा है। जल निकास नाले का अधर में क्यो है। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निर्माण निगम लिमिटेड इकाई सुल्तानपुर के अभियन्ताओ और अधिकारियो ने खूब शोर किया कि फोन कर फ्लाईओबर निर्माण कार्य मे बाधा डाली जा रही है। जनता की मार से कार्य दायी संस्था हाल बेहाल हो चली। अधूरे काम क्यो पड़े हैं। क्या निर्माण कार्य मे घोटाला हुआ है। जिसके चलते निर्माण कार्य अधूरा पडा है। अभी साइड सड़क मार्ग निर्माण कार्य के अतिक्रमण को नहीं हटाया गया। स्थानीय प्रशासन को कार्य करने मे बाधा डाली जा रही है। अब नयी समस्या आ खडी हुई। ककवा क्रासिंग फ्लाईओवर ब्रिज पर वाहन पार्किग का खेल शुरु है। जो दुरघटनाओ को दावत दे रहा है। थाना कोतवाली अमेठी के हल्का पुलिस निरीक्षक का कहना है कि शिकायत पत्र मिला। तो वाहन पार्किग नहीं होगी। वाहन सीज कर देंगे। कानून हाथ मे लेने वाले सलाखो मे नज़र आयेगे।

# कांग्रेसियों ने भरी हुंकार, जिलाधिकारी कार्यालय पर किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर



उतर प्रदेश में महिलाओं के ऊपर बढ़ रहे अपराध के ग्राफ को देखते हुए आज सुलतानपुर के कांग्रेसियों ने हुंकार भरी जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अगुवाई में सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय से पदयात्रा करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे यहां पर कांग्रेसी नेताओ ने प्रदेश की योगी सरकार व प्रधानमंत्री के विरोध में जमकर नारेबाजी की कांग्रेसी कार्यकर्ता ने उप जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को एक ज्ञापन सौंपा जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में बीती 2 नवंबर को आई आई टी बीएचयू की छात्रा के साथ हुए गन प्वाइंट पर दुष्कर्म मामले को लेकर सरकार को घेरा उन्होंने कहा की छात्रा के साथ दुष्कर्म करने वाले 3 व्यक्ति भाजपा से संबंधित थे इसकी तस्दीक खुद पीड़िता ने की उसके बाद भी तीनों दुष्कर्मियों को सरकार और प्रशासन बचाता रहा जब कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा की छात्रा के दुष्कर्म करने वालो को सजा दी जाए सभी दुष्कर्मी भाजपाई है तो उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया और तीनो दुष्कर्मियों को मध्य प्रदेश चुनाव में प्रचार के लिए भेज दिया गया।

जब कांग्रेस पार्टी और छात्र-छात्राओं ने इसका विरोध किया तो उनकी गिरफ्तारी हो सकी लेकिन पुलिस आज तक उस असलहे का पता नही लगा पाई जिसे दिखाकर छात्रा के साथ दुष्कर्म हुआ था कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा की उत्तर प्रदेश में महिला की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए साथ ही बनारस की बेटियों की भावनाओं का ख्याल रखते हुए बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देने वाले प्रधानमंत्री को देश की बेटियों से माफी मांगनी चाहिए साथ ही कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के ऊपर दर्ज हुए मुकदमे को वापस लिया जाए आज के इस प्रदर्शन में कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, रणजीत सिंह सलूजा, शकील अंसारी, तेज बहादुर पाठक, सुब्रत सिंह सहित तमाम कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह में प्रधानमंत्री द्वारा वाराणसी के दो ग्राम प्रधानों को नई दिल्ली में किया गया आमंत्रित

जन एक्सप्रेस। वाराणसी



**ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को दिया धन्यवाद**

नई दिल्ली में 26 जनवरी 2024 को गणतंत्र दिवस समारोह में प्रधानमंत्री के द्वारा उत्तर प्रदेश से 76 ग्राम प्रधानों को गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर नई दिल्ली बुलाया गया है, गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मिलित होने का आमंत्रण भेजा गया है।

यह जानकारी पंचायत विभाग वाराणसी से उपलब्ध करायी गई जिसमें वाराणसी जिला से दो ग्राम सभा चयनित किया गया है। प्रधान राकेश कुमार सिंह पत्नी सरिता सिंह ग्राम प्रधान भीषमपुर ब्लॉक सेवापुरी, कैलाश यादव पत्नी विमला देवी ग्राम प्रधान रसूलपुर वाराणसी को प्रधानमंत्री के द्वारा वाराणसी जिला से दो ग्राम सभा के पति व उनके साथ पत्नी को आमंत्रित गया है। यह सूचना पाने के बाद ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने अपने जिले के समस्त प्रधान साथियों को अवगत कराया और जिला प्रधान संगठन की तरफ से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को बहुत-बहुत धन्यवाद व आभार प्रकट किया।

# गजब का बेईमान! रोजगार सहायक ने अपने पूरे परिवार का जॉब कार्ड बनवाया

जन एक्सप्रेस। बल्दीराय/सुल्तानपुर

**✻ गरीबों की मजदूरी का पैसा भी हड़पा**

गरीबों और बेरोजगारों को घर में ही काम दिलाने वाली मनरेगा योजना में घोटाला सामने आया है। रोजगार सहायक ने अपने पूरे परिवार को कागजी मजदूर बना डाला और काम दिखाकर धन हड़प लिया। इतना ही नहीं रोजगार सहायक ने अपनी पत्नी को भी इस कारनामे में शामिल किया। बता दें कि बल्दीराय ब्लाक के अधिकारियों के संज्ञान में मामला होने के बाद भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रधानमंत्री आवास की मजदूरी का पैसा फर्जी तरीके से अपने परिजनों के खाते में निकाला गया है। इन सब कामों में रोजगार सेवक के साथ पंचायत सचिव भी अहम किरदार में होता है। इसलिए इस फर्जीवाड़े में पंचायत सचिव भी संदिग्ध भूमिका नजर आ रही है। अलियाबाद और गौराबरामऊ ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान और मजदूरों ने खंड विकास अधिकारी बल्दीराय सत्य नारायण सिंह से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि हमारे ग्राम पंचायत का ग्राम रोजगार सेवक विजय यादव के द्वारा प्रधानमंत्री आवास की मजदूरी का पैसा फर्जी तरीके से अपने पत्नी मीरा यादव, नाबालिग पुत्र अमन यादव व परिजनों जैसे चाचा-चाची,भाई और अन्य साथियों के जॉब कार्ड खातों में डाल कर निकाल लिया गया है। जो कि प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को आज तक पैसा नहीं मिला।

# विशेष अभियान के तहत प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 16 जन.तक होगा पंजीकरण

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना पीएमएमबीवाई का लाभ ज्यादा से ज्यादा लाभार्थियों को दिलाने के लिए विशेष पंजीकरण अभियान 2 जनवरी से 16 जनवरी 2024 तक चलेगा। इस योजना की नई गाइडलाइन के तहत गर्भवती धात्री माता को पहली बार लड़का या लड़की दोनों में से कोई भी संतान होने पर दो किस्तों में रू.5000 द्वितीय संतान लड़की होने पर रुपए 6000 लाभ देने के लिए ज्यादा से ज्यादा पंजीकरण पर जोर दिया जा रहा है, गर्भधारण से 570 दिन के अंदर लाभ के लिए पंजीकरण किया जा सकता है, जिला कार्यक्रम समन्वयक उपासना सिंह ने बताया कि मातृ वंदना योजना के द्वारा गर्भवती व धात्री महिलाओं को लाभ दिलाने के लिए ब्लॉक वार लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके तहत सभी पात्र लाभार्थियों को मातृ वंदना योजना का शत-प्रतिशत लाभ दिलाए जाने हेतु प्रायः समीक्षा भी की जा रही है। लाभार्थी नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीपीएम, बीसीपीएम, आपरेटर अपने गांव व वार्ड के एएनएम आशा से संपर्क करके आवेदन कर सकती हैं। जिला कार्यक्रम सहायक शिल्पा तिवारी ने बताया की मातृ वंदना योजना पंजीकरण के लिए आवश्यक अभिलेख जैसे एमसीबी कार्ड, बैंक पासबुक, जन्म प्रमाणपत्र के साथ पहचान के लिए आधार कार्ड का होना आवश्यक है, इसके अलावा पात्रता के लिए निम्न में से कोई एक प्रमाण पत्र जैसे लाभार्थी का मनरेगा जॉब कार्ड, लाभार्थी का ई-श्रम कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, लाभार्थी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, दिव्यांग प्रमाण पत्र 40प्रति., अनुसूचित जाति, जनजाति प्रमाण पत्र, महिलाएं जिनकी कुल वार्षिक 8 लाख प्रतिवर्ष से कम हो।

# ईवीएम को लेकर भारत मुक्ति मोर्चा ने खोला मोर्चा

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



भारत मुक्ति मोर्चा पार्टी ने इवीएम को लेकर मोर्चा खोल दिया है। इस क्रम में नगर के तिकोनिया पार्क में पार्टी ने प्रदर्शन किया।

जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार गौतम ने बताया कि हम अपने साथियों के साथ यहां आंदोलन करने आए हैं। आज जो देश की सबसे बड़ी समस्या है इवीएम मशीन। इवीएम मशीन से हम लोगो के हक को मारा जा रहा है। जो उचित निर्णय होना चाहिए उसको इवीएम से चुरा लिया जा रहा है। जैसे भैंस को जोंक लग जाती है और वह उसका खून पीती है ठीक उसी तरह इवीएम जोंक की तरह देश को लग गया है। उन्होंने कहा बहुत बड़ा समुदाय जो की 85 प्रतिशत है उसका खून पिया जा रहा। जैसे जोंक खून पीती है वैसे ही इवीएम से हकमारी करके हमारे लोगो को बेरोजगार और निरीह बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा इसी बात को हम लोगो द्वारा लोगो को बताया जा रहा है और बताने के साथ-साथ लोगोल को हम रोड पर भी उतरेंगे।उन्होंने कहा ईवीएम के खेल में चुनाव आयोग भी शामिल है। चुनाव आयोग को धूल चाटाने के लिए हमारा संगठन 31 तारीख को भारी संख्या में दिल्ली के केंद्रीय चुनाव आयोग जाएगा और उनको हम अपनी बात बताने का कार्य करेंगे। गौतम ने कहा कि ÷सर सजदे में दिल दगाबाजी में÷ पार्टियों का मिजाज ऐसा ही है। पार्टिया कहीं न कहीं डरी है दबी है जो जिन पार्टियों का नेतृत्व कर रहा है वह डरा भी है और दबा भी है। हमारा संगठन न कहीं डरा है और न कहीं दबा है। हमारा सर भी सजदे में है और मन भी। हम अपनी बात को लोगो तक पहुंचाएंगे और इवीएम को हटा कर दम लेंगे। हमारे संगठन के कार्यकर्ता महीनों से गांव-गांव, शहर-शहर जाकर लोगो को इवीएम के बारे में बता रहे हैं कि कैसे इवीएम से हमारे हक को मारा जा रहा है।

# जिलाधिकारी ने इंदिरा उद्यान का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने इंदिरा उद्यान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ सफाई की व्यवस्था देखी और साथ ही डीएफओ आशुतोष अग्रवाल को निर्देश दिया कि उद्यान की समय-समय पर निगरानी की जाए और यहां पर सौन्दरिकरण का कार्य कराया जाए। उद्यान में पर्यावरण महत्व के पौधों का रोपण किया जाए। उन्होंने कहा कि उद्यान में बच्चों के खेलने कूदने, मनोरंजन और झूला झूलने के साधन उपलब्ध कराये जाए। लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए औषधिय वनस्पतियों का भी रोपण कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि चूंकि इस उद्यान का उपयोग लोग सुबह-शाम योगा और व्यायाम के लिए करते हैं अतः यहां पर सुरक्षा व्यवस्था भी रखी जाए। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि उद्यान की बाउंड्री वॉल का कार्य अति शीघ्र पूरा कराया जाए।

इस अवसर पर डीएफओ रायबरेली, अपर जिला अधिकारी प्रशासन के अतिरिक्त उद्यान के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# 380 कामगार जाएंगे इजराइल, पुनर्निर्माण में काम के लिए किया आवेदन

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर



युद्धग्रस्त देश इजराइल जाने के लिए बड़ी तादाद में सुल्तानपुर के कामगार आगे आए हैं। भवन निर्माण की विभिन्न श्रेणियों के सैकड़ों श्रमिकों ने श्रम विभाग में आवेदन कर इजराइल के पुनर्निर्माण में हाथ बंटाने की इच्छा जताई है। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद इन आवेदकों का प्रैक्टिकल व मेडिकल टेस्ट लिया जाएगा। जिसमें पास होने वालों को भारत सरकार एजेंसी के माध्यम से इजराइल भेजेगी।

उत्तर प्रदेश राज्य से लगभग 10 हजार निर्माण श्रमिक इजराइल भेजे जाने को लेकर सरकार ने वैकेंसी निकाली है। 21 वर्ष से 45 वर्ष तक की आयु व 2 से 3 साल तक के अनुभव वाले निर्माण श्रमिक इसमें भेजे जाने हैं। 2 हजार सिरेमिक टाइल, 2 हजार प्लास्टरिंग, 3 हजार फ्रेम वर्क/शटरिंग कारपेंटर एवं 3 हजार आयरन बेन्डिंग पदों पर आवेदन के लिए अंतिम तारीख 31 दिसम्बर 2023 थी। लेकिन सरकार ने आवेदन करने की तिथि को 10 जनवरी 2024 तक बढ़ा दिया है।

श्रमिकों को बेसिक अंग्रेजी की जानकारी, बोलना व समझना व निर्माण की ड्राइंग पढ़ना आना चाहिए। इसके अलावा पात्र अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन किए जाने पर संपूर्ण सूचना एनएसडीसी के माध्यम से पीआईबीए को उपलब्ध कराई जाएगी। पीआईबीए द्वारा अभ्यर्थी की समस्त सूचनाओं जैसे नाम, पता उम्र एवं संबंधित दस्तावेजों तथा पासपोर्ट की पुष्टि की जाएगी। सूचनाओं की पुष्टि के पश्चात अभ्यर्थी का प्रैक्टिकल टेस्ट, मेडिकल टेस्ट लिया जाएगा श्रम एवं सेवायोजन विभाग तथा एनएसडीसी के सहयोग से व्यावसायिक शिक्षा एवं प्राविधिक शिक्षा विभाग के संबंध में से टेस्टिंग सेंटर का निर्माण होगा। जहां प्रतिदिन 500 व्यक्तियों के प्रशिक्षण का कार्य किया जाएगा। चयनित होने पर अब्रिट्टी को फ्री डिपार्चर ट्रेनिंग भी दी जाएगी। वहां पर इन कामगारों को आवास की सुविधा के साथ ही एक लाख रूपये से अधिक सैलरी हर महीने दी जाएगी। सहायक श्रम आयुक्त मधुबन राम के मुताबिक इजराइल सरकार ने भारत सरकार से अनुभवी एवं कुशल निर्माण श्रमिकों की मांग की है। जिसके तहत इच्छुक लोगों से आवेदन मांगे गए थे। अब तक उम्मीद से ज्यादा आवेदन आए हैं। नौ जनवरी तक भवन निर्माण की विभिन्न श्रेणियों में कुल 380 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 जनवरी है। लिहाजा अभी और आवेदन आने की संभावना है। अभ्यर्थियों का नाम, पता, उम्र, शैक्षिक योग्यता, पासपोर्ट आदि का ब्यौरा दर्ज कर भारत सरकार को भेजा जाएगा।

## पूर्व विधायक सहित 33 की गिरफ्तारी के आदेश

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** एमपीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश योगेश यादव ने मंगलवार को पूर्व विधायक अनूप संडा सहित 33 आरोपियों को गिरफ्तार कर पेश करने का आदेश दिया है। कोर्ट की इस कार्रवाई से राजनैतिक गलियारे में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि ये कार्रवाई गवाह से जिरह न करने पर की गई है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडे ने बताया कि 2 सितंबर 2008 को सपा नेताओं ने जन समस्याओ को लेकर शहर में ख्वाजा कांप्लेक्स के सामने जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव के के नेतृत्व में प्रदर्शन किया था। तत्कालीन शाहगंज चौकी इंचार्ज कृष्ण मुरारी शर्मा की तहरीर पर 36 सपाइयों के विरुद्ध मुकदमा लिखा दिया था। आरोप लगाया था कि मार्ग जाम कर हंगामा करते हुए सपाईयों ने रोडवेज बस में तोड़फोड़ और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की थी। विवेचक ने सबके विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में प्रेषित किया था। जिसमें आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह व पूर्व विधायक अनूप संडा भी शामिल हैं। बीते दिनों गवाह सेवानिवृत दरोगा हरेंद्र सिंह का बयान हुआ तो सपा जिलाध्यक्ष रघुवीर यादव व एहसान के वकील ने जिरह की थी।

# ईवीएम एवं वीवीपैट जागरूकता कार्यक्रम का डीएम ने किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। अमेठी



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन में ईवीएम एवं वीवीपैट के माध्यम से मतदान प्रक्रिया के सम्बन्ध में जनमानस को जागरूक करने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके तहत बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में ईवीएम एवं वीवी पैट प्रदर्शन, जागरूकता कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने फीता काटकर किया। इस दौरान कलेक्ट्रेट में लोगों को ईवीएम एवं वीवीपैट के जरिये मतदान कराकर जागरूक किया गया। इसी प्रकार जनपद के समस्त तहसीलों में ईवीएम एवं वीवी पैट के माध्यम से मतदान प्रक्रिया के सम्बन्ध में लोगों का जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, उप जिलाधिकारी गौरीगंज अभिनव कनौजिया, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रतीक्षा पांडेय, मास्टर ट्रेनर अजय सिंह सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

# एनटीपीसी ऊंचाहार में विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन के साथ मनाया गया विश्व हिंदी दिवस

जन एक्सप्रेस। ऊंचाहार, रायबरेली



एनटीपीसी ऊंचाहार में विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कर हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार की ओर एक और कदम बढ़ाया। इन प्रतियोगिताओं में ऑनलाइन प्रश्नोतरी, नारा लेखन तथा लघु कथा लेखन प्रतियोगिताएं शामिल रहीं, जिनमें विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर हिंदी के प्रति अपनी प्रेम भावना को प्रकट किया। इस अवसर पर ऊंचाहार परियोजना के परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने हिंदी के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि हिंदी हमारी आत्मा का एक अभिन्न हिस्सा है जो हमें हमारी भारत भूमि से जोड़े रखता है। हिंदी हमारी अपनी भाषा है। हमारे देश के उत्थान में हिंदी का प्रयोग हमेशा से ही उल्लेखनीय रहा है। आज हिंदी केवल भारत की ही नहीं पूरे विश्व की भाषा बन ऊभरकर सामने आ रही है। हमें गर्व है कि विदेशों में भी हिन्दी के पठन-पाठन और व्यवहार की स्वीकार्यता हो गई है। मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने कहा कि हमारी ऊंचाहार परियोजना राजभाषा की दृष्टि से क क्षेत्र में स्थित है। हम अपनी ओर से सभी कर्मचारियों को प्रेरित करते हैं कि हमारे सभी कर्मचारी गौरवान्वित भावना के साथ हिंदी में काम करें। इस भावना को और अधिक बल देने के लिए हम वर्षभर समर्पित होकर हिंदी में कार्य करने वाले कर्मचारियों को राजभाषा सहयोग सम्मान भी देते हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में एनटीपीसी ऊंचाहार को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भी राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया है। जोधपुर, राजस्थान में आयोजित एक समारोह में वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा) श्रीनिवास शर्मा व महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) के डी यादव ने ऊंचाहार परियोजना की ओर से इस पुरस्कार को प्राप्त किया।

# स्मारक समिति के कर्मचारी नेता गिरफ्तार

* साथियों ने थाना गोमती नगर घेरा
* प्रशासनिक अफसरों ने वार्ता का झांसा देकर बुलाया और कर्मचारी नेताओं से अभद्रता की
* कर्मचारियों के प्रदर्शन को देखकर पुलिस बैकफुट पर आ गई



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित अंबेडकर पार्क में बुधवार दोपहर प्रशासनिक अफसरों एवं कर्मचारी नेताओं के बीच नोकझोंक और हाथापाई हुई। बाद में अफसरों ने पुलिस को बुलाकर कर्मचारी नेता कौशल किशोर आदित्य समेत कई कर्मियों से अभद्रता करते हुए उनको गिरफ्तार करा दिया।

इस गिरफ्तारी से भड़के करीब दो हजार से ज्यादा स्मारक समिति कर्मियों ने गोमतीनगर थाना का घेराव करके प्रदर्शन और नारेबाजी शुरु कर दी। यहीं नहीं, जो कर्मचारी स्मारकों में काम कर रहे थे वह भी हड़ताल पर चले गए। थाने का घेराव देख पुलिस ने बैकफुट पर आकर दोनों पक्षों से बातचीत की और उनका मुकदमा दर्ज करने का आश्वासन दिया। स्मारक समिति कर्मियों ने बताया कि प्रबंधक प्रशासन राजीव कुमार एवं अन्य अधिकारियों द्वारा कर्मचारी नेता कौशल किशोर आदित्य को अंबेडकर पार्क में समस्याओं पर वार्ता करने का झांसा देकर बुलाया गया था। कर्मचारी नेता पांच-छह साथियों के साथ अंबेडकर पार्क पहुंचे तो बातचीत का दौर शुरु हुआ। इसी बीच कर्मचारी नेताओं ने देखा कि पार्क में ठेकेदार के मजदूरों से काम कराया जा रहा है। जबकि, पार्क में स्मारक समिति के कर्मचारी काम कर रहे थे। इसी मुददे पर कर्मचारी नेताओं ने राजीव कुमार से कहा कि जब स्मारक समिति के कर्मचारी काम कर रहे हैं तो ठेकेदार के मजदूरों को बुलाकर क्यों काम कराया जा रहा है। यह बातचीत बहस, नोकझोंक और अभद्रता में तब्दील हुई तो प्रशासनिक अफसरों ने पुलिस को बुलाकर कर्मचारी नेताओं को गिरफ्तार करा दिया। प्रदर्शनकारी स्मारक कर्मियों ने बताया कि वह मृतक आश्रितों को नौकरी देने, पुनरीक्षित वेतनमान देने एवं 5500 कर्मियों के जीपीएफ घोटाले की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग को लेकर 23 दिन से धरना कर रहे हैं। कर्मियों ने 18 दिसंबर को एलडीए मुख्यालय पर धरना दिया तो कर्मचारी नेता कौशल किशोर आदित्य समेत 31 कर्मियों को निलंबित कर दिया गया था। इस कार्रवाई के विरोध में स्मारक समिति कर्मियों ने आलमबाग के ईको गार्डेन पार्क में बेमियादी धरना शुरु कर दिया। कर्मचारी स्मारक में काम करने के साथ ही आंदोलन भी कर रहे थे। कर्मियों ने बताया कि सेना के कार्यक्रम के मद्देनजर बुधवार को जो कर्मचारी काम करने गए थे तो उनको रजिस्टर पर हाजिरी लगाने से भी रोका गया।

# यूपी एटीएस की जांच : फर्जी दस्तावेजों पर नौकरी कर रहे 382 शिक्षक होंगे बर्खास्त, सबसे ज्यादा देवरिया जिले के

* फर्जी दस्तावेज लगाकर नौकरी हासिल करने के मामले आने के बाद इसकी जांच यूपी एटीएस को सौंपी गई थी। अब इसकी जांच रिपोर्ट आ गई है।



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

फर्जी दस्तावेज लगाकर सरकारी नौकरी हासिल करने वाले प्रदेश के 382 शिक्षकों को जल्द बर्खास्त किया जा सकता है। यूपी एसटीएफ ने जांच के बाद दोषी पाए गए शिक्षकों को बर्खास्त करने के लिए 48 जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखा है। इन सभी की जांच बीते करीब साढ़े तीन वर्षों के दौरान की गयी है।

बता दें कि एसटीएफ बीते करीब पांच वर्ष से फर्जी दस्तावेज लगाकर शिक्षक की नौकरी हासिल करने के मामले की जांच कर रही है। एसटीएफ के अनुमान के मुताबिक प्रदेश में इस तरह के करीब 50 हजार शिक्षक हैं, जिन्होंने दूसरे की मार्कशीट लगाकर नौकरी हासिल की और सालों से काम कर रहे हैं। हाल ही में एसटीएफ ने ऐसे 382 शिक्षकों के खिलाफ जांच पूरी कर उनको बर्खास्त करने की संस्तुति की है। इनमें सर्वाधिक 52 शिक्षक देवरिया के हैं। इसके अलावा मथुरा के 43, सिद्धार्थनगर के 29 शिक्षक हैं। बाकी जिलों के शिक्षकों की सूची जल्द अपडेट हो जाएगी। एसटीएफ के सूत्रों के मुताबिक ये भर्तियां वर्ष 2006 से 2016 के बीच हुई थी। एसटीएफ और जिला पुलिस की जांच के बाद देवरिया में बीते दिनों 85 शिक्षकों को बर्खास्त किया जा चुका है। अब एसटीएफ मुख्यालय यह पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि किस तरह जालसाजों ने सरकारी सिस्टम को धता बताकर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी हासिल की थी। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग के डाटाबेस की गहनता से पड़ताल जारी है।

# करोड़ों खर्च होने के बाद शोपीस बने सार्वजनिक शौचालय

* कागज पर केयर टेकर, हकीकत में शौचालयों में लटके ताले

**जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी**



**लखनऊ।** जिले की बख्शी का तालाब विकास खंड की 94 ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण पूरा हो जाने के बाद भी कहीं छह माह से तो कहीं सालभर से ज्यादा का समय हो चुका है,लेकिन ग्राम पंचायत मदारीपुर, सोनवा, महिंगंवा, सुबंशीपुर ,सिहामऊ, मोहम्द्पुर गढ़ी सहित दर्जनों गावों में उपयोग तक नहीं शुरु हो पाया है। अधिकांश शौचालयों में ताला लटक रहा है। ग्राम पंचायतों द्वारा सार्वजनिक शौचालयों का संचालन करने को लेकर कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। क्योंकि प्रधान-सचिव खुद ये तर्क दे रहे हैं कि गांव में पहले से ही सभी घरों में शौचालय बन चुके हैं।इसीलिए वे लोग इसका उपयोग करने से रहे। गांवों में शहरों सभी तरह बाहरी व्यक्तियों का भी आना भी नहीं होता है। जिससे इन शौचालयों का इस्तेमाल हो। जिसके चलते संचालन कैसे होगा। ऐसे में निर्माण होने के बाद उन्हें लावारिश की तरह अपने हाल में छोड़ दिया गया है। ऐसे में शासन के लाखों-करोड़ों रुपए खर्च हो रहे हैं लेकिन फायदा लोगों को नहीं मिल पा रहा है। बता दें कि पिछ्ले साल 2020-21 से स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफ हो चुके गांवों में सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को प्रसाधन की व्यवस्था सुलभ रुप से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराना शुरु किया। पिछले वित्तीय साल में बीकेटी विकासखंड क्षेत्र की दुर्जनपुर, भाखामऊ, रेवामऊ को छोड़कर बाकी लगभग सभी ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।और शौचालयों की देखरेख के लिए स्वयं सहायता समूह से केयर टेकर भी रखे गए हैं।मगर विडंबना है, कि जिन पंचायतों में इसका निर्माण पूर्ण हो चुका है,लेकिन उनका कोई इस्तेमाल नहीं हो रहा है। अधिकांश जगहों पर ताला लटका मिल रहा है।

## लखनऊ विश्वविद्यालय में मनाया गया विश्व हिंदी दिवस

**जनएक्सप्रेस/लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आज अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया गया। इस श्रंखला में अंतरराष्ट्रीय छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए गोष्ठियां और व्याख्यान श्रंखला आयोजित की गई। कार्यक्रम का आरंभ कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय के द्वारा अंतरराष्ट्रीय छात्रों को हिंदी के वैश्विक प्रवेश पर संबोधित करते हुए कहा कि हिंदी एक सरल, सुगम और वैज्ञानिक भाषा है। इसमें जहां एक ओर वसुधैव कुटुंबकम् और विश्व शांति की अधिरचना है।

# मदरसा शिक्षकों के मानदेय पर लगा ग्रहण, केंद्र सरकार के बाद राज्य सरकार ने मानदेय किया बंद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने मदरसा शिक्षकों को बड़ा झटका दिया है। दरअसल, योगी सरकार ने शिक्षकों दी जाने वाली मानदेय पर रोक लगा दी। इसके पहले केन्द्र सरकार की तरफ से मिलने वाली सहायता राशि को बंद कर दिया था। बता दें कि 1993-94 से चल रही मदरसा आधुनिकीकरण योजना जोकि केंद्र सरकार की योजना है। इसके तहत मदरसे में हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, गणित और सामाजिक विज्ञान को पढ़ने के लिए शिक्षक रखे गए थे। साल 2008 में इस स्कीम फॉर प्रोविजनिंग क्वालिटी एजुकेशन इन मदरसा के नाम पर चलाए जाने लगा। इस स्कीम के तहत 25000 शिक्षक रखे गए थे जिसमें ग्रेजुएट शिक्षकों को 6000 और मास्टर्स कर चुके शिक्षकों को 12000 प्रति माह मानदेय दिया जाता था। जिसे सरकार ने बंद कर दिया है। बता दें कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने शासन काल में मदरसा शिक्षकों के मानदेय में बढ़ोतरी किया था। 2000 और 3000 प्रतिमाह मानदेय अपनी ओर से देने का निर्णय लिया था. इसके बाद से स्नातक मदरसा टीचरों को 8000 और परास्नातक शिक्षकों को 15000 मानदेय दिया जा रहा था।

# लखनऊ के स्कूलों में अब 14 जनवरी तक रहेगा अवकाश

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ में सरकारी व निजी विद्यालय 14 जनवरी तक बंद रहेंगे। ये अदेश कक्षा एक से 8 विद्यायलों पर लागू होगा। जबिक कक्षा नौ से लेकर 12 स्कूलों के लिए गाइडलाइन जारी की गई है। इस संबंध में जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने आदेश जारी किया है। आदेश का कड़ाई से पालन करना होगा। वहीं कक्षा-9 से कक्षा-12 के विद्यार्थियों के लिए जिन विद्यालयों में कक्षाए संचालित की जा रही है। उनका समय प्रातः 10.00 बजे से अपराह्न 03.00 बजे के मध्य ही रखा जाएगा। इसके साथ ही ऐसे विद्याथियों की कक्षाओं में ठण्ड से बचाव के लिए पर्याप्त प्रबन्ध करने की जिम्मेदारी विद्यालय प्रबन्धन की होगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा ।

# मंडलायुक्त डॉक्टर रोशन जैकब ने किया शहर के कई स्थानों का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी की मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने हुसड़िया चौराहा स्थिति लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित किये जा रहे नक्षत्र वाटिका पार्क का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अफसरों को कड़े निर्देश देते हुए संबंधित पार्क को नेचुरल पार्क की तरह विकसित करने को कहा।मंडलायुक्त ने बताया कि नक्षत्र वाटिका पार्क में पंच वाटिका व औषधियों के पौधे रोपित कर पार्क को नेचुरल वे में डेवलप किया जा रहा हैं। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने वॉकवे का सिविल कार्य होते हुए पाया गया।इस मौके पर उन्होंने कहा कि मैनपॉवर की संख्या में बढ़ोतरी करते हुए कार्य में तेजी लाई जाए साथ ही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। पार्क में योग स्थल व लाइटिंग के कार्य भी अच्छे से कराने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने चारबाग बस अड्डे और चारबाग चौराहे का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चारबाग स्टैंड के प्रभारी को सख्त निर्देश दिया कि सड़क पर कोई बस खड़ा होता ना दिखे। चारबाग पर पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान पर पार्किंग पट्टी व मार्किंग कर लिया जाए। जिससे यातायात व्यवस्था सुगम और सुदृढ़ रूप से चलता रहे। चारबाग चौराहे पर वेंडिंग जोन के लिए नगर निगम द्वारा रेलिंग बनवा लिया जाए। जिससे ठेले खुम्चे अपने परिधि में ही रहे। इसके बाद मंडलायुक्त ने कमता चौराहा के निरीक्षण दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बस स्टैंड के बाहर अगर बस खड़ी मिलती है ।


## लखनऊ मंडल में ट्रैक दोहरीकरण एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए 'ट्रेन हैंडलिंग प्लान'

आधारिक अवसंरचना को और सुदृढ़ करने हेतु उत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ मंडल में बाराबंकी-अयोध्या कैंट-शाहगंज-जफराबाद सेक्शन के तुलसी नगर-मालीपुर-जाफरगंज (17.336 किमी.) सेक्शन पर दोहरीकरण कार्य के संबंध में प्री नॉन- इंटरलॉकिंग एवं नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य किया जायेगा। इस कार्य के संपादन हेतु रेलवे द्वारा दिनांक 11.01.2024 से 20.01.2024 तक विभिन्न अवधियों के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, ब्लॉक्स की अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ अस्थाई रूप से प्रभावित रहेंगी:-

**रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन**

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग | तिथि(यों) (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 13009 हावड़ा–योगनगरी ऋषिकेश दून एक्स. | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 15 से 19.01.2024 तक |
| 13010 योगनगरी ऋषिकेश–हावड़ा दून एक्स. | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 15 से 19.01.2024 तक |
| 13307 धनबाद–फिरोजपुर गंगा सतलुज एक्स. | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 15 से 19.01.2024 तक |
| 13308 फिरोजपुर–धनबाद गंगा सतलुज एक्स. | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 15 से 19.01.2024 तक |
| 13151 कोलकाता–जम्मू तवी एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 15 से 19.01.2024 तक |
| 15934 अमृतसर–न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 19.01.2024 |
| 18103 टाटा नगर–अमृतसर जलियाँवाला बाग एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 15 एवं 17.01.2024 |
| 18104 अमृतसर–टाटा नगर जलियाँवाला बाग एक्सप्रेस | लखनऊ– मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–वाराणसी जं. | 12, 17 एवं 19.01.2024 |
| 15636 गुवाहाटी–ओखा द्वारका एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 15.01.2024 |
| 15668 कामाख्या–गांधीधाम बीजी एक्सप्रेस | वाराणसी जं.–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं.–लखनऊ | 17.01.2024 |
| 15623 भगत की कोठी–कामाख्या एक्सप्रेस | लखनऊ–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़–वाराणसी जं. | 16.01.2024 |
| 22103 लोकमान्य तिलक (ट)–अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस | प्रयागराज जं.–सुलतानपुर–मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़–अयोध्या कैंट | 15.01.2024 |
| 15715 गरीब नवाज एक्सप्रेस | शाहगंज जं.–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ | 16 एवं 19.01.2024 |
| 15716 गरीब नवाज एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–शाहगंज जं. | 18.01.2024 |
| 9466 साबरमती एक्सप्रेस विशेष | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–शाहगंज जं. | 15.01.2024 |
| 12226 कैफियत एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–शाहगंज जं. | 19.01.2024 तक |
| 13238 कोटा–पटना जं. एक्सप्रेस | लखनऊ–सुलतानपुर–जफराबाद | 18 एवं 19.01.2024 |
| 13483 मालदा टाउन–दिल्ली जं. फरक्का एक्स. | जफराबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 16, 17 एवं 19.01.2024 |
| 13484 दिल्ली जं.–मालदा टाउन फरक्का एक्स. | लखनऊ–सुलतानपुर–जफराबाद | 16, 18 एवं 19.01.2024 |
| 14017 सद्भावना एक्सप्रेस | जफराबाद–सुलतानपुर–लखनऊ | 18.01.2024 |
| 14018 सद्भावना एक्सप्रेस | लखनऊ– सुलतानपुर–जफराबाद | 17.01.2024 |
| 15025 मऊ–आनन्द विहार (ट) एक्सप्रेस | शाहगंज जं.–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ | 14.01.2024 |
| 13509 आसनसोल जं.–गोंडा जं. एक्सप्रेस | मऊ–गोरखपुर जं.–गोंडा जं. | 16.01.2024 |
| 13510 गोंडा जं.–आसनसोल जं. एक्सप्रेस | गोंडा जं.–गोरखपुर जं.–मऊ | 17.01.2024 |
| 14649 जयनगर–अमृतसर सरयू यमुना एक्स. | छपरा–गोरखपुर जं.–बाराबंकी | 16 एवं 19.01.2024 |
| 14650 अमृतसर–जयनगर सरयू यमुना एक्स. | बाराबंकी–गोरखपुर जं.–छपरा | 15 एवं 17.01.2024 |

**रेलगाड़ियों का पुनर्निर्धारण**

रेलगाड़ी संख्या 19166 दरभंगा ज.–अहमदाबाद साबरमती एक्सप्रेस दिनांक 17.01.2024 को दरभंगा से 04.35 बजे की जगह 05.35 बजे (60 मिनट विलम्ब से) पुनर्निर्धारित होकर चलेगी।

रेलगाड़ी संख्या 12225 कैफियत एक्सप्रेस दिनांक 17.01.2024 को आजमगढ़ से 16.25 बजे की जगह 17.25 बजे (60 मिनट विलम्ब से) पुनर्निर्धारित होकर चलेगी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव | उत्तर रेलवे आपकी सुविधा – हमारा ध्येय हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें | 122/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पार्षद पति सनी रावत नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को करते रहे गुमराह

## मलवा उठाने के नाम पर बुलाई जेसीबी मशीन से कराते रहे खनन

तालाब में मलवा डालता डमफर







पार्षद द्वारा अपने पति के बचाव में दिया गया प्रार्थना पत्र

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

नगर निगम जोन 6 के अंतर्गत माननीय कल्याण सिंह वार्ड नंबर 9 की सपा पार्षद आशा रावत के पति लिए व अपने फायदे के लिए मलवा उठाने के नाम पर नगर निगम से जेसीबी मशीन मंगाकर खनन कराते थे, इसकी भी पोल खुलने लगी। मिली जानकारी के अनुसार खसरा संख्या 143 व 144 जो तालाब के नाम दर्ज है, उस पर नगर निगम की जेसीबी बुलाकर पार्षद पति द्वारा अवैध खनन कराया जाता रहा और नगर निगम के अधिकारियों को कानोंकान खबर भी नहीं हुई। ग्रामीणों द्वारा पूछने पर पार्षद पति सनी रावत ने बताया कि तालाब का सौंदर्यीकरण हो रहा है यानी सरकारी काम हो रहा है।

### पार्षद ने अपने पति सनी रावत के बचाव में दिया प्रार्थना-पत्र

आरोप यह भी है कि कल्याण सिंह वार्ड नंबर 9 की पार्षद आशा रावत के पति सनी रावत नगर निगम के क्षेत्रीय अधिकारियों को गुमराह कर 20 दिसंबर को जेसीबी मशीन बुलाकर खनन करते पकड़े गए, तो पार्षद आशा रावत द्वारा अपने पति के बचाव हेतु अपर नगर आयुक्त को फिर से गुमराह करने के लिए प्रार्थना पत्र दे दिया गया। ताकि शिकायतकर्ता को झूठा साबित किया जा सके। वहीं 20 दिसंबर का वीडियो फुटेज शिकायतकर्ता के पास है। फिलहाल पार्षद पति सनी रावत अवैध खनन करते पकड़े जाने के दौरान अपने प्रार्थना पत्र में यह दिखा रहे हैं कि क्षेत्रीय लेखपाल 20 दिसंबर को मुआयना करने आए थे, जबकि मौके पर तत्कालीन लेखपाल या कोई भी सरकारी कर्मचारी नहीं आया।

### नगर निगम के क्षेत्रीय जेई रमन कुमार ने बताई हकीकत

अचानक पहुंची जेसीबी द्वारा कराए जा रहे खनन की जानकारी होने पर स्थानीय लोगों द्वारा पूछने पर पार्षद पति के जवाब के बाद जब सौंदर्यीकरण की जानकारी के लिए नगर निगम के क्षेत्रीय कानूनगो व क्षेत्रीय जेई से जानकारी की गई तब जेई रमन कुमार ने बताया कि क्षेत्रीय पार्षद पति सनी रावत क्षेत्र में मलवा उठाने के नाम पर जेसीबी मशीन बुलाई थी, इसके बाद वह क्या कर रहे हैं मुझे जानकारी नहीं है।

### पार्षद पति पर पूर्व में भी लग चुका है तालाब पर कब्जा करने का आरोप

पार्षद पति सनी रावत पर आरोप है कि 12 दिसंबर व 20 दिसंबर को अवैध रूप से तालाब पर कब्जा किया जा रहा था, पार्षद पति द्वारा नगर निगम के अधिकारियों को गुमराह कर जेसीबी बुलाई गई थी। नगर निगम द्वारा भेजी गई जेसीबी मशीन से ही अवैध खनन कराया जा रहा था, जिसकी विडियो फुटेज शिकायतकर्ता के पास मौजूद है। पार्षद पति सनी रावत की मंशा जब नहीं हुई पूरी तो तालाब पटवाने के लिए तालाब में ही मालवा डलवाने लगे। वहीं शिकायतकर्ता का कहना है कि जब खसरा संख्या 143 व 144 तालाब की जमीन पर सौंदर्यीकरण होना है तो नियमानुसार नगर निगम के अधिकारियों की जानकारी में कराया जाए इसमें हम सभी स्थानीय लोग भी सहयोग करेंगे।

सनी रावत का एक और कारनामा सामने आया है जिसमे आरोप है कि नगर निगम के संबंधित अधिकारियों को किस तरह से गुमराह कर अपनी प्लाटिंग की साइट को चमकाने के

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# नवाज ने मनमोहन को देहाती औरत बताया था तो आग बबूला हो गये थे मोदी

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि 2014 से जबसे मोदी सत्ता में आये हैं तबसे वह हर बात को व्यक्तिगत रूप में ले लेते हैं। उन्होंने कहा है कि पड़ोसियों के साथ हमें सौहार्द्रपूर्ण संबंध बना कर रखने चाहिए। बहरहाल, कांग्रेस हो या उसके गठबंधन में शामिल अन्य पार्टियां, यह सही है कि आजकल यह सभी दल सीटों के बंटवारे पर चर्चा करने में मशगूल हैं लेकिन थोड़ा समय निकाल कर उन्हें देश को दिखाना चाहिए कि जब कोई भारत की संप्रभुता के खिलाफ बोलेगा, जब कोई भारत के संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के खिलाफ बोलेगा तो सारा देश एक स्वर में जवाब देगा।**

*मालदीव के तीन मंत्रियों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ टिप्पणी की तो सारे देशवासी अपने प्रधानमंत्री के साथ खड़े हो गये। क्या आम और क्या खास...हर कोई प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में प्रतिक्रिया देता दिखा। यही नहीं, विदेशी सरकारों के प्रतिनिधियों के बयान भी भारत और हमारे प्रधानमंत्री के समर्थन में आने लगे। साथ ही साथ मालदीव का भी पूरा विपक्ष भारत और हमारे प्रधानमंत्री के समर्थन में खड़ा हो गया। भारत के प्रधानमंत्री के खिलाफ बयानबाजी से नाराज मालीदव के विपक्षी दलों ने अपनी ही सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की बात तक कह डाली लेकिन यह वाकई दुर्भाग्यपूर्ण रहा कि हमारे देश का विपक्ष भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन में खड़ा नहीं हुआ। यह सही है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच वैचारिक मतभेद होते हैं लेकिन जब बात देश पर आये और देश के संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों पर कोई हमला करे तो सभी को राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर उठना ही चाहिए। ऐसा नहीं है कि भारत के प्रधानमंत्री पर किसी अन्य देश के नेता की ओर से पहले कभी हमला नहीं किया गया था। लेकिन जब भी ऐसा हुआ, भारतवासियों ने एकजुटता दिखाते हुए सामने वाले पर पलटवार किया। लेकिन आज का विपक्ष सत्ता के लिए ऐसा लोलुप नजर आ रहा है कि उसे इस बात का भय हो गया है कि कहीं वह यदि देश के साथ खड़ा हो गया तो उसे सरकार के साथ खड़ा होना ना मान लिया जाये। यह सही है कि लोकसभा चुनाव निकट हैं और प्रधानमंत्री की तारीफ करना या उनके समर्थन में खड़ा होने से विपक्ष बचना चाहेगा लेकिन विपक्ष को मौके की नजाकत को देखते हुए आचरण करना चाहिए था। विपक्ष को राष्ट्र हित और दल हित में अंतर समझना चाहिए था। राष्ट्र हित और दल हित में क्या अंतर होता है इसके लिए आपको 2013 का उदाहरण देखना चाहिए। उस समय पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को देहाती औरत बता कर राजनयिक विवाद खड़ा कर दिया था। दरअसल नवाज शरीफ ने एक पाकिस्तानी पत्रकार से बातचीत करते हुए कहा था कि मनमोहन सिंह ने अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा से मेरी शिकायत एक देहाती औरत की तरह की। उस समय भी भारत में आज की तरह ही चुनावी माहौल था। उस समय का विपक्ष चाहता तो चुप रहता लेकिन गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री और भाजपा की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी ने नवाज शरीफ की ओर से डॉ. मनमोहन सिंह के खिलाफ की गयी टिप्पणी पर सख्त एतराज जताया था और एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा था कि नवाज शरीफ तुम्हारी हिम्मत कैसे हो गयी हमारे देश के प्रधानमंत्री को देहाती औरत कहने की? मोदी ने तब कहा था कि भारत के प्रधानमंत्री की इससे ज्यादा बड़ी बेइज्जती नहीं हो सकती। मोदी ने कहा था कि हम नीतियों के आधार पर एक दूसरे का विरोध करते हैं लेकिन इस तरह की हरकत को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने कहा था कि सवा सौ करोड़ भारतीयों का यह देश अपने प्रधानमंत्री की बेइज्जती को बर्दाश्त नहीं करेगा। लेकिन अगर मालदीव के तीन मंत्रियों की ओर से भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ की गयी टिप्पणियों पर कांग्रेस की प्रतिक्रिया की बात करें तो वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रही।*

## एक्सप्रेस आलेख

**चीन हमारे रिश्तों की तल्खी का फायदा उठाने की कोशिश कर सकता है। जिसका भारत खयाल रखेगा। इसलिए भारत सरकार की तरफ से संतुलित नीति पर बल दिया जाता रहा है, जबकि मालदीव की तरफ से तो लगातार काफी कुछ गलत कहा जा रहा है। चीन की शह पर भारत को आंख दिखाने की कोशिश होती रही है। लेकिन मोदी ने उनकी इन कुचेष्टाओं को निस्तेज करने के लिये लक्षद्वीप का सहारा लिया है। लक्षद्वीप देश में सबसे शांत स्थानों में से सुंदर और एक है। यहां कुल 36 द्वीप, 12 एटोल और तीन चट्टानें हैं। निश्चित ही मोदी की इस यात्रा के बाद लक्षद्वीप में बड़े पैमाने पर पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिये व्यापक प्रयत्न होंगे।**

# मालदीव ने नासमझी की है या होशियारी दिखाई है उसको बड़ा नुकसान होना तय है



-ललित गर्ग

**प्रधानमंत्री मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद सोशल मीडिया पर बॉयकाट मालदीव ट्रेंड होने लगा। इस हैशटैग के साथ लोगों के ऐसे पोस्ट की बाढ़ आ गई, जिसमें वे मालदीप और लक्षद्वीप की तुलना करते हुए लक्षद्वीप को बेहतर बता रहे हैं। न सिर्फ भारत के आम लोग, बल्कि सेलिब्रिटी भी अब मैदान में हैं और पीएम मोदी और भारत के बारे में कही गई।**

नववर्ष पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लक्षद्वीप की यात्रा पर क्या गये, चीन की कटपुतली बने मालदीव को मिर्ची लग गयी। वहां की नई सरकार और वहां के तमाम लोग इसे अपने पर्यटन उद्योग के लिये गंभीर खतरा मानते हुए भारत एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आपत्तिजनक एवं गैर-जिम्मेदार टिप्पणियां कर दी, नासमझी में की गयी ये टिप्पणियां मालदीप के लिये इतनी भारी पड़ गयी कि भारतीय पर्यटकों ने जहां अपनी मालदीप की यात्रा को रद्द करना प्रारंभ कर दिया, वहीं भारत सरकार की तरफ से भी ऐतराज जताया गया। भारत की त्वरित कार्रवाई को देखकर मालदीप सरकार घबरा गयी और उसने अपने मंत्रियों के बयान से किनारा कर लिया लेकिन साफ है कि भारत और मालदीव के बीच सदियों पुराने प्रेम एवं सौहार्द के रिश्ते एकाएक तल्ख होते दिखाई दे रहे है। मालदीव की तरफ से लगातार तनाव बढ़ाने वाले बयान आ रहे हैं लेकिन भारत की तरफ से फिर भी संतुलित नीति अपनाई जा रही है। मोदी की लक्षद्वीप यात्रा का उद्देश्य कत्तई किसी भी देश के पर्यटन को नुकसान पहुंचाना नहीं है, बल्कि अपने देश में पर्यटन की नई संभावनाओं को तलाशना है। भारत ऐतिहासिक, सामाजिक-सांस्कृतिक-प्राकृतिक पर्यटन से समृद्ध देश है। मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व का ही परिणाम है कि लुप्तप्रायः भारत के पर्यटन को नया जीवन एवं ऊर्जा मिल रही है। मोदी ने लक्षद्वीप दौरे के साथ ही वहां के पर्यटन को प्रोत्साहित किया। इसकी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उन्होंने कहा था कि हमारे पास भी खूबसूरत समुद्र तट है। इसी के साथ उन्होंने कहा था कि जो लोग रोमांच को पसंद करते है, लक्षद्वीप उनकी टॉप लिस्ट में होना चाहिए। इसके बाद गूगल पर अचानक लक्षद्वीप को सर्च करने वालों की संख्या बढ़ गई। इसी के साथ सोशल मीडिया पर लक्षद्वीप की खूबसूरत तस्वीरें पोस्ट की जाने लगी। यह बहस चल पड़ी कि जब देश में इतनी खूबसूरत जगह है तो अपनी छुट्टी मनाने कहीं और क्यों जाएं? लोगों को मालदीव की बजाय लक्षद्वीप जाना चाहिए। इससे खफा होकर मालदीव के मोहम्मद मुइज्जु मंत्रीमंडल के तीन मंत्रियो मरियम शिउना, मालशा और हसन जिहान ने जो आपत्तिजनक टिप्पणी की



**कई भारतीय इस दावे के साथ कैंसल टिकट का स्क्रीन शॉट पोस्ट कर रहे हैं कि उन्होंने मालदीव जाना तय किया था, लेकिन अब वह अपना प्लान बदल रहे हैं। कई युवाओं ने पोस्ट किया है मालदीव जैसे देशों की टूरिज्म इंडस्ट्री में भारतीयों का बड़ा योगदान है।**

और वहां की सरकार को स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अपने इन तीनों मंत्रियों को हटाना पड़ा है। पर्यटन ही मालदीव की आय का सबसे बड़ा स्रोत है। भारत से करीब दो लाख से ज्यादा लोग हर साल मालदीव की यात्रा करते हैं। मालदीव में मौजूद भारतीय हाई कमिशन के आंकड़ों को मानें तो साल 2022 में 2 लाख 41 हजार और 2023 में करीब 2 लाख लोगों ने मालदीव की यात्रा की है। ऐसे में यदि लक्षद्वीप जैसे भारत के द्वीपों को प्रमोट किया जाता है तो जाहिर है कि भारत से मालदीव जाने वाले लोगों की संख्या में कमी आएगी, जिसका विपरीत असर वहां के टूरिज्म एवं आर्थिक व्यवस्था पर पड़ेगा। असल में भारत के लोग सैर-सपाटे के शौकीन हैं और इसके लिए वे विदेश जाते हैं तो इससे देश की आर्थिक व्यवस्था पर व्यापक प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं। बड़ी मात्रा में देश की धनराशि तत्काल बाहर जाती है। स्थानीय पर्यटन को प्रोत्साहन देकर यह धनराशि देश में ही रोकी जा सकती है, इससे स्थानीय उद्यमों को प्रोत्साहन, रोजगार सृजन और अंततः जीडीपी को बढ़ावा दिया जा सकता है। विदेशी पर्यटन पर खर्च से न केवल घरेलू आर्थिक गतिविधियों की गति बढ़ाने का अवसर गंवा दिया जाता है, बल्कि व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है। वहीं घरेलू पर्यटन स्थलों का अपेक्षित दोहन नहीं होने से उन क्षेत्रों में सभांवित निवेश प्रभावित होता है। वहां विकास गतिविधियां थम सकती हैं, जिससे स्थानीय आर्थिकी सिकुड़ सकती है। वर्तमान भाजपा सरकार इन स्थितियों पर लम्बे समय से ध्यान दे रही है। उसने पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिये व्यापक योजनाएं बनाई है। 'देखो अपना देश' और 'स्वदेश दर्शन योजना' के मूल में घरेलू पर्यटन को बढ़ाना देना ही है। थीम आधारित टूरिस्ट सर्किट भी इसी उद्देश्य को पूर्ति के लिए विकसित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में ईको पर्यटन और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 'अमृतं धरोहर' जैसी पहल की गई है। राज्य सरकारों को भी इसके लिए अपने स्तर पर हर संभव प्रयास करने होंगे। स्थानीय कला, संस्कृति, हस्तशिल्प और उत्पादों के आधार पर वे पर्यटकों को आकर्षित कर सकते हैं। उन्हें सैलानियों की सुविधाओं के साथ ही सुरक्षा, विशेषकर दूर-दराज के इलाकों में उन्हें सुरक्षा कवच प्रदान करना होगा। पर्यटन के स्तर पर नागरिकों की भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं। हम विदेश में तो कड़े नियमों का पालन करते हैं, लेकिन अपने देश में नियम तोड़ते रहते हैं। याद रहे कि सबका साथ-सबका विकास में सबका प्रयास ज्यादा महत्वपूर्ण एवं प्रभावकारी है। भारत का पर्यटन क्षेत्र विपुल संभावनाओं से भरा है। इससे जुड़ी संभावनाओं को भुनाने से न केवल हमारी विरासत सशक्त होगी, बल्कि आर्थिक वृद्धि और सांस्कृतिक संरक्षण के साथ ही राष्ट्रीय गौरव भी बढ़ेगा। भारत का पड़ोसी देश मालदीव हिंद महासागर पर बसा है और इस कारण यह सुरक्षा की दृष्टि से भी अहम है। यहां की नई सरकार चीन के करीब दिख रही है और चीन अपने मनसूंबो को पूरा करने के लिये गलत रास्तों पर ढकेल रहा है। मालदीव के नए राष्ट्रपति ने तो अपने चुनाव प्रचार में ही 'इंडिया आउट' का नारा दिया था। विदेश मामलों के जानकार हर्ष वी. पंत का भी मानना है कि अगर तल्खी बढ़ती है तो हिंद महासागर रीजन की सिक्योरिटी भारत के लिए परेशानी का सबब बन सकती है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | अमावस्या 17:24 तक |
| नक्षत्र: | पूर्वाषाढ़ा 17:29 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | गुरुवार |
| योग: | व्याघात, 17:42 |
| सूर्योदय: | 07:19 |
| सूर्यास्त: | 17:39 |
| चंद्रमा: | धनु राशि में |
| राहुकाल: | 13:47-15:04 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | पौष |
| शुभ मुहूर्त: | 12:08-12:50 |

## जन एक्सप्रेस

### खुला दिया है छोड़ !

*रोक रहे ना उनको ।*
*कर रहे नुकसान ।।*
*खुला दिया है छोड़ ।*
*आप नहीं अनजान ।।*
*आधिकारिक आप का ।*
*फिर तो यही बयान ।।*
*मजा आ रहा लगता ।*
*और शायद सम्मान ।।*
*ना कोई विरोध है ।*
*और नहीं प्रतिकार ।।*
*खेल रहे हैं लगता ।*
*दे रहे भी धार ।।*
*टिका आपका इस पर ।*
*फिर पूरा संसार ।।*
*आप की ही शह पर ।*
*शब्दों से प्रहार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*गर्दिश में संग न छोड़ देना,*
*या खुदा मेरी राहें मोड़ देना।*
*ढेरों तुम फेखो,मुझे आता है,*
*पत्थरों को भी निचोड़ देना।*
*ऐ चिरागों कभी सूरज बन कर,*
*आंधियों को भी झिंझोड़ देना,*
*जुल्म की इन्तहां है,ये भी तो,*
*कलियो के खिलते ही तोड़ देंना।*
*आह भी नहीं,कत्ल संगीन भी हुआ,*
*हादसे को तुम, हसीन सा मोड़ देना।*
*जब कहानी मेरी,सुनाना उन्हें,*
*कत्ल का मेरे,जिक्र छोड़ देना।*
*एतबार के टुकड़े गिरे,इधर उधर,*
*संजीव तुम,इन्हें एहसासों से जोड़ देना,*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**सफलता भ्रामक हो सकती है, यह बुद्धिमान व्यक्तियों को अजेयता की झूठी भावना में फंसा सकता है।**

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# वजन कम करने के लिए करें काले अंगूर का सेवन



**बढ़ता** वजन और मोटापा आज के समय की सबसे बड़ी समस्या बन गयी है। खानपान और लाइफस्टाइल से जुड़ी गड़बड़ी और जेनेटिक कारणों से लोग मोटापे का शिकार हो सकते हैं। मोटापे की वजह से शरीर ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, हाई कोलेस्ट्रॉल जैसी गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकता है। मोटापा कम करने या वजन घटाने के लिए लोग तमाम तरह की डाइट और सप्लीमेंट का सेवन करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं वजन कम करने के लिए काले अंगूर का सेवन करने से भी फायदा मिलता है। काले अंगूर का सेवन करने शरीर में जमा एक्स्ट्रा फैट बर्न करने और शरीर को हेल्दी रखने में मदद मिलती है।

**वजन कम करने के लिए काले अंगूर के फायदे:** वजन कम करने के लिए डाइट में फाइबर, एंटी-ऑक्सीडेंट और विटामिन सी की पर्याप्त मात्रा वाले फूड्स को शामिल करना चाहिए। इन पोषक तत्वों से युक्त फूड्स का सेवन करने से शरीर का मेटाबॉलिज्म ठीक होता है और वजन कम करने में मदद मिलती है। आरोग्यं हेल्थ सेंटर के क्लिनिकल डाइटिशियन डॉ वीडी त्रिपाठी कहते हैं, ÷वजन कम करने के लिए अंगूर खाना बहुत फायदेमंद है। अंगूर में विटामिन सी, फाइबर, एंटी-ऑक्सीडेंट, ऑरगैनिक एसिड और पॉलीओस जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। इन पोषक तत्वों का सेवन करने से न सिर्फ वजन कम करने में मदद मिलती है, बल्कि अपच, पेट में गैस, जलन और दर्द को कम करने में भी फायदा मिलता है।÷ काला अंगूर शरीर में जमा विषाक्त पदार्थ यानी टॉक्सिन्स को भी बाहर करने में मदद करता है। इसका नियमित रूप से सेवन करने से शरीर के आंतरिक अंगों को फायदा मिलता है। लिवर, किडनी समेत पाचन तंत्र को मजबूत बनाने के लिए काले अंगूर का सेवन जरूर करना चाहिए। काले अंगूर में शक्तिशाली एंटी-ऑक्सीडेंट गुण पाए जाते हैं, जो वजन कम करने और शरीर में जमा एक्स्ट्रा फैट को बर्न करने में मदद करते हैं।

**वजन कम करने के लिए कैसे करें काले अंगूर का सेवन?:** वजन कम करने के लिए संतुलित मात्रा में ही काले अंगूर का सेवन फायदेमंद होता है। आप डाइट में काले अंगूर को कई तरह से शामिल कर सकते हैं। सुबह नाश्ते से लेकर दोपहर के लंच और शाम के नाश्ते में आसानी से इसका सेवन किया जा सकता है। आप काले अंगूर का जूस भी पी सकते हैं, जो वजन घटाने में मदद करता है। काला अंगूर खाने से कोलेस्ट्रॉल कम करने और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को ठीक रखने में भी मदद मिलती। संतुलित मात्रा में ही काले अंगूर का सेवन शरीर के लिए फायदेमंद होता है। अंगूर में सलिसीक्लिक एसिड होता है और इसका बहुत ज्यादा सेवन करने से पाचन तंत्र से जुड़ी परेशानियों का खतरा बढ़ जाता है। बहुत ज्यादा मात्रा में काले अंगूर का सेवन करने से पेट में दर्द, गैस और दस्त की समस्या हो सकती है। इसके अलावा डायबिटीज जैसी परेशानी में इसका सेवन बिना डॉक्टर की सलाह के नहीं करना चाहिए।

## एक्सप्रेस विशेष

# उच्च गुणवत्ता में भारत को दुनिया में अग्रणी बनाना



पीयूष गोयल

**उन्होंने स्वास्थ्य सेवा और बेहतर बुनियादी ढांचे के साथ-साथ रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी ज़रूरतें प्रदान करने के लिए कई निर्णायक कदम उठाकर उनकी आकांक्षाओं को पूरा किया है। उनके भावनात्मक, भ्रष्टाचार-मुक्त शासन ने विकास को गति दी है।**

**विनिर्माण** क्षेत्र में जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट के संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के अनुरूप उच्चतम वैश्विक मानकों को पूरा करने वाले उच्च गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराने में भारत दुनियाभर में अग्रणी बनने की दिशा में अग्रसर है। प्रतिस्पर्धी दरों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की आपूर्ति 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने के प्रधानमंत्री के मिशन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठा रही है कि मेड इन इंडिया ब्रांड गुणवत्ता की गारंटी हो, जो भारतीय और विदेशी उपभोक्ताओं के लिए आनंद का परिचायक बने। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया है कि एक लाभदायक बाजार तभी कायम रह सकता है जब उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हितों में संतुलन हो। इस रणनीति का एक प्रमुख घटक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) पर जोर देना है। इसके जरिये क्यूसीओ यह सुनिश्चित करता है कि सभी उत्पाद भारतीय मानक ब्यूरो के निर्धारित मानदंडों के अनुरूप हों। यह उन उपभोक्ताओं के लिए एक वरदान है, जिससे उपभोक्ताओं को उत्पादों तथा व्यवसायों के संबंध में विश्वसनीय, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता का भरोसा प्राप्त होता है। इसके जरिये घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ती मांग व उपभोक्ताओं की आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की डिजिटल इंडिया पहल ने 140 करोड़ भारतीयों के परिवार को दुनिया से जुड़ने और सर्वोत्तम उत्पाद व व्यवहार के बारे में जानने में मदद की है। वे किसी उत्पाद को खरीदने से पहले नियमित रूप से प्रदर्शन, स्थायित्व और निर्भरता के लिए ग्राहक समीक्षा की जांच करते हैं। यदि वे उत्पाद से असंतुष्ट हैं, तो वे सार्वजनिक रूप से कमियों को उजागर करते हैं। इसलिए, उत्पाद की गुणवत्ता, कीमत और नवीनता के बीच संतुलन बनाना समय की मांग है। मोदी सरकार सुरक्षित, विश्वसनीय व बेहतर गुणवत्ता वाले सामान उपलब्ध कराने और भारतीय उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए एक मजबूत गुणवत्ता इको-सिस्टम विकसित करने पर केंद्रित है। मई 2014 से पहले, 106 उत्पादों को कवर करने वाले केवल 14 क्यूसीओ जारी किए गए थे। सूची को अब 653 उत्पादों को कवर करते हुए 148 क्यूसीओ तक बढ़ा दिया गया है। इनमें एयर कंडीशनर, खिलौने और जूते जैसे घरेलू उत्पाद शामिल हैं। क्यूसीओ ने मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड के मिशन को गति दी है। क्यूसीओ के तहत कई उत्पादों का निर्यात किया जा रहा है। कच्चा लोहा उत्पाद, सौर डीसी केबल, दरवाजे की फिटिंग, छत के पंखे, हेलमेट, स्मार्ट मीटर, हिंजेस, एयर कूलर और एयर फिल्टर गुणवत्ता-नियंत्रित उत्पाद हैं, जो आयात किए जाने की तुलना में कहीं अधिक निर्यात किए जाते हैं। क्यूसीओ द्वारा कवर किए गए कास्ट आयरन उत्पादों का पिछले साल 535 मिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ था, जबकि आयात मुश्किल से 68 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। लगभग 25 क्यूसीओ में ऐसे उत्पाद शामिल हैं, जहां आयात से अधिक निर्यात होता है। यह स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि क्यूसीओ भारत में मजबूत गुणवत्ता चेतना के निर्माण पर केंद्रित हैं। इससे देश में खराब गुणवत्ता वाले सामानों की डंपिंग को कम करने में भी मदद मिलती है। उल्लेखनीय है कि सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली वस्तुओं तक पहुंच हमारे अमृत काल में प्रत्येक भारतीय नागरिक का अधिकार है। क्यूसीओ लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। सस्ते इलेक्ट्रॉनिक्स के कारण आग लगने, खिलौनों में जहरीले रसायनों के कारण बच्चों के अस्पताल में भर्ती होने और बिजली के शॉर्ट-सर्किट जैसे जोखिमों के कारण घटिया उत्पाद घरों के लिए बेहद खतरनाक हो सकते हैं। गुणवत्ता-नियंत्रण कैसे उपभोक्ताओं और निर्माताओं की मदद के लिए विनिर्माण को आमूल रूप से उन्नत कर सकता है, इसका एक शानदार उदाहरण खिलौना उद्योग है। इस क्यूसीओ के कार्यान्वयन से पहले, भारतीय खिलौना बाजार सस्ते, घटिया उत्पादों से भरा पड़ा था। वर्ष 2019 में भारतीय गुणवत्ता परिषद के एक सर्वेक्षण से पता चला कि मुश्किल से एक-तिहाई खिलौने प्रासंगिक बीआईएस मानकों का पालन करते हैं, और उनमें से अधिकांश बच्चों के लिए खतरनाक थे। यह मोदी सरकार के लिए पूरी तरह से अस्वीकार्य था, जिसने एक जनवरी, 2021 से इस क्षेत्र के लिए क्यूसीओ के साथ तेजी से हस्तक्षेप किया था। इससे भारत में खिलौनों की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ।

**सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उद्योग प्रतिनिधियों सहित सभी हितधारकों से परामर्श करती है कि क्यूसीओ को लागू करने से पहले उनकी प्रतिक्रिया, तकनीकी इनपुट और व्यावहारिक सुझावों पर विचार किया जाए। यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान रखा जाता है कि सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों को लंबी अंतरण अवधि देकर उनके हितों की रक्षा की जाए।**

# शिव मंदिर में घुसे अराजक तत्वों ने खंडित की मूर्तियां

* बैंक के सीसी टीवी में कैद हुई तस्वीर
* पुलिस ने संदेह के आधार पर दो लोगों को हिरासत में लेकर शुरू की पूछताछ

जन एक्सप्रेस । बहराइच





**रूपईडीहा।** सरहदी नगर पंचायत रूपईडीहा के स्टेशन के निकट स्थित भगवान शिव के दो मंदिर में देर रात कुछ अराजक तत्व घुस गए। अराजकतत्वों ने भगवान शिव और माता पार्वती के मूर्ति को खंडित कर दिया। नंदी भगवान की मूर्ति भी खंडित कर दी। संभवतः अराजकत्तो का मकसद सीमावर्ती इलाके में सांप्रदायिक हिंसा फैलाना था। हालांकि उनकी गतिविधियां पास में लगे एचडीएफसी बैंक के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। लेकिन उनका चेहरा साफ नहीं आ रहा है। इसकी जानकारी सुबह मंदिर में पूजा नार्कन करने गए लोगों को हुई। जिसकी जानकारी उन्होंने परिजनों को दी। इसके बाद पूरे नगर पंचायत में यह खबर आग की तरह फैल गई। हिंदू संगठनों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। जिस पर प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने खुद मोर्चा संभालते हुए पूरे नगर में पुलिस बल तैनात कर दिया है। मंदिर के आसपास भी सुरक्षा बढ़ा दी हैं। राजा त्रिपाठी की तहरीर पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक संदेह के आधार पर एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अन्य अराजक तत्वों की तलाश के लिए पुलिस टीमें गठित की गई है। पुलिस उपाधीक्षक नानपारा राहुल कुमार पांडे ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया है। रुपईडीहा नगर में स्टेशन रोड के सामने माल गोदाम रोड पर दो शिव मंदिर हैं। मंगलवार की देर रात कुछ अराजक तत्व मंदिर के अंदर दरवाजा खोलकर घुस गए। एक मंदिर में नंदी भगवान की मूर्ति खंडित कर दी। जबकि दूसरे मंदिर में भगवान शिव और पार्वती मां की मूर्ति खंडित करने के बाद चले गए। पूरी घटना पास के एचडीएफसी बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। लेकिन इस घटना की जानकारी जब सुबह लोग पूजन अर्चन करने के लिए मंदिर पहुंचे तब उन्हें हुई। इसके बाद पूजन अर्चन करने गए लोगों ने वापस आकर परिवार के लोगों को पूरी घटना की जानकारी दी।

परिवार के लोगों ने नगर क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, हिंदू समुदाय के लोगों और हिंदू संगठन के लोगों को दी। जिस पर अचानक लोग आक्रोशित हो गए। इसकी जानकारी प्रभारी निरीक्षक आदर्श थाना रुपईडीहा को दी गई। जिस पर वह दलबल के साथ मौके पर पहुंच गए। पूरे नगर क्षेत्र में चप्पे चप्पे पर पुलिस पर तैनात कर दिया गया है। साथ में मंदिर की सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि राजा त्रिपाठी की तहरीर पर अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अराजक तत्वों को सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर चिन्हित किया जा रहा है। हालांकि सीसीटीवी कमरे में अराजक तत्वों की फुटेज साफ दिखाई नहीं दे रही है। साथ ही मंदिर में मूर्ति खंडित करने के मामले में आरोपी लोगों की तलाश के लिए पुलिस टीम लगा दी गई है। शीघ्र उनकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी। इस मामले में राष्ट्रीय हिंदू वाहिनी के आकाश मौर्य, दीपक कुमार, राम विलास, विजय कुमार ने अराजक तत्वों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

## वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स लंदन के द्वारा सम्मानित हुए बहराइच के लाल

* भाजपा के विभिन्न आनुषंगिक संगठन में पदाधिकारी रह चुके हैं पुरस्कार विजेता सर्वेश

जन एक्सप्रेस । बहराइच



नई बस्ती बक्शीपुर थाना क्षेत्र दरगाह के निवासी भारतीय जनता पार्टी अनुषांगिक संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सर्वेश पाठक को वर्ल्ड बुक ऑफ़ रिकार्ड लंदन के कार्यालय में सम्मान मिला। सर्वेश पाठक बचपन से ही समाजसेवी के रूप में कार्य करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता के रूप में मंडल से लेकर विभाग प्रमुख के पदों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में कार्य करते हुए कार्य कुशलता को देखते हुए संगठन ने बड़ी जिम्मेदारियां देते हुए बजरंग दल के कमिश्नरी स्तर पर पदों पर रहकर कार्य किया। इसी क्रम में श्री पाठक भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा में जिला मंत्री से लेकर राष्ट्रीय मंत्री स्टडी सर्किल युवा मोर्चा भारतीय श्रमिक कामगार कर्माचारी महासंघ में राष्ट्रीय सचिव व राष्ट्रीय महासचिव के पद पर कार्य करते हुए 24 घंटे जनहित विषयों को उठाना राज्य से लेकर केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंच कर उनको न्याय दिलाने के साथ युवाओं को टोली बनाकर हर मुसीबत से निपटने के लिए नई-नई योजनाओं पर चर्चा करके कार्य करना अपने जन्मदिन को रक्तदान दिवस को एक पर्व के रूप में सम्पूर्ण भारत में रक्तदान बहुत ही गरीब परिवार के हैं गरीबी से इनका पुराना नाता है अगर आप इनके पैतृक गांव-विद्यानगर ककरहवा पोस्ट व थाना मोतीगंज तहसील मनकापुर जाएंगे तो आपको विश्वास ही नहीं होगा कि इतने गरीब घर का व्यक्ति देश का नेतृत्व कर रहा है श्री पाठक अपने पूरी सरलता के साथ लोगों से मिलना- जुलना उनकी समस्याओं का पूरी लगन के साथ उसका निस्तारण भी करना इनकी प्रमुखता है जिससे इनको महान बनाती है हमारे संवाददाता के अनुसार श्री पाठक कभी किसी समय सभी का फोन उठाते हैं जो शायद कोई राजनेता हो जो 24 घंटे किसी की मदद करता होगा। श्री पाठक को अपने क्षेत्र में मेडिकल क्षेत्र का सबसे ज्यादा चाहे वह क्षेत्र के बड़े नेताओं की स्वाथ्य समस्या का निदान हो या कोई आम जनमानस सबकी बात सुनकर प्रमुखता से उत्तर प्रदेश के प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेज में अपने स्तर पर पूरी मेहनत और लगन के साथ लोगों की मदद करते रहते हैं इन्हीं महान कार्यों की वजह से श्री पाठक को आज वर्ड बुक ऑफ लंदन के कार्यालय में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के अध्यक्ष संतोष शुक्ला ने सर्वेश पाठक को सम्मानित करते हुए कहा कि आज उन्हें बहुत गर्व है। श्री पाठक ने वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनका सौभाग्य है कि उन्हें विश्व स्तरीय संस्थान में आकर सम्मान लेने का मुझे अवसर मिला मैं पूरे विश्वास व ऊर्जा के साथ यहां से जाऊंगा तथा गरीब, असहाय,मजदूर,कामगारों की मदद पूरी तन्मयता के साथ कर सकूं। सर्वेश पाठक के पैतृक गांव में खुशी का माहौल रहा। निजी आवास गोमती नगर लखनऊ एवं बक्शी पुरा बहराइच आवास पर भी लोगों के बधाईयों का ताता लगा रहा।

### नानपारा से अयोध्या धाम के लिए पैदल निकले दो राम भक्त



जन एक्सप्रेस । बहराइच। नानपारा से अयोध्या धाम पदयात्रा को निकले दो राम भक्त रोहित यादव व अभिषेक शुक्ला राम भक्तों पर लोगों ने पुष्प वर्षा कर व जय श्री राम के नारे लगाएं ढोल बाजे के साथ अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए राम भक्तों के स्वागत में नानपारा व्यापार मंडल के अध्यक्ष अब्दुल मुशीर सेठ ने राम भक्तों को साल उड़ा कर व पुष्प देकर उत्सवर्धन किया इस मौके पर नानपारा भाजपा युवा नेता सुशील त्रिपाठी पंकज जयसवाल तीरथ साहू विवेक श्रीवास्तव राकेश वर्मा बबलू निषाद रामलीला कमेटी के अध्यक्ष चिरौंजी लाल यज्ञ सैनी शिवम गुप्ता सहित नानपारा के तमाम भक्त मौजूद है।

## पानी भर जाने को लेकर हुए विवाद में बांके से युवक की काट डाली गर्दन

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** बुधवार को थाना मितौली क्षेत्र के अंतर्गत गांव शहीदपुर में रास्ते व खेत में पानी भर जाने के विवाद में बुधवार को दिनदहाड़े युवक की हत्या कर दी गई।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।दिनदहाड़े हुए हत्याकांड से इलाके में सनसनी सी फैल गई। गौरतलब है। गांव शहीदपुर के रहने वाले 35 वर्षीय पंकज वर्मा पुत्र रामदीन बुधवार सुबह 11 बजे अपने खेत पर पंपसेट लगाकर वापस आ रहा था। इसी दौरान गांव के ही रहने वाले रामप्रसाद से पंकज की कहासुनी होने लगी। बताते हैं कि एक दिन पहले पंकज ने अपने गन्ने के खेत की सिंचाई की थी। इस दौरान पानी रास्ते व रामप्रसाद के खेत में भर गया था। रास्ते में पानी भर जाने से लोग रामप्रसाद के गेहूं के खेत में होकर निकलने लगे थे, जिससे वह नाराज था। बुधवार सुबह रामप्रसाद अपने खेत में कांटे लगा रहा था। इसी दौरान पंकज वहां से निकला। रामप्रसाद उस बात का विरोध जताते हुए गाली गलौज करने लगा। बांके से उसकी गर्दन पर कई प्रहार कर दिए, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

## ईवीएम व वीवी पैट प्रदर्शन केन्द्र का डीएम ने किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । बहराइच



भारत निर्वाचन आयोग के ईवीएम (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) तथा वीवी पैट हेतु व्यापक स्तर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने के निर्देश के अनुपालन में ईवीएम व वी.वी. पैट की जागरूकता के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट में स्थापित किये गये ई.वी.एम. व वी.वी. पैट प्रदर्शन केन्द्र का जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा शुभारम्भ किया गया।

डीएम ने प्रदर्शन केन्द्र पर तैनात कार्मिकों को निर्देश दिया कि प्रदर्शन केन्द्र में आने वालों को ईवीएम पारदर्शिता के सम्बन्ध में जागरूक भी किया जाय। उल्लेखनीय है कि जनपद में कलेक्ट्रेट सहित समस्त तहसील मुख्यालयों पर ई.वी.एम. (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) तथा वी.वी. पैट प्रदर्शन केन्द्र स्थापित किये गये हैं। डीएम ने जनपद वासियों विशेषकर 18 से 20 वर्ष आयु वर्ग के युवा मतदाताओं से अपील की है कि जनपद में स्थापित ईवीएम प्रदर्शन केन्द्रों पर पहुंचकर ईवीएम संचालन की जानकारी प्राप्त कर सकते है। कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित किये गये ईवीएम व वीवी पैट प्रदर्शन केन्द्र के माध्यम से जिलाधिकारी के जनता दर्शन में आने वाले फरियादियों को ईवीएम व वीवी पैट के प्रयोग के सम्बन्ध में जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्वत, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## पेट्रोल पम्प के फर्जी लाइसेंस बनाकर धोखाधड़ी करने वाले 2 अंतरराज्यीय शातिर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार एसओजी व थाना रेउसा संयुक्त पुलिस टीम द्वारा आज थाना पर प्राप्त तहरीर पर पंजीकृत अभियोग में नामजद अभियुक्तों धीरज सक्सेना उर्फ रामबाबू पुत्र स्व. नवीन कुमार सक्सेना, उमेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र रघुवीर श्रीवास्तव निवासीगण 441/266 हरिनगर कालोनी जल निगम रोड बालागंज लखनऊ को अटल चौक के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनके कब्जे से 2 मोबाइल फोन (ओप्पो, सैमसंग), 5 ATM कार्ड (भिन्न-भिन्न बैंक के), एक पेन ड्राइव, 4 मोहर, 2 इंक पैड, 1 इंच टेप (फीता), 2 बैंक चेक, 11 स्टाम्प, अन्य दस्तावेज व 480/- रूपये बरामद हुए है। गिरफ्तार हुए लोगो ने पूछताछ में बताया गया कि दिनांक 9.07.2023 को शिव कुमार व वीरेन्द्र कुमार पुत्रगण शम्भू दयाल निवासी ग्राम पतरासा थाना रेउसा सीतापुर पैट्रोल पम्प लगवाने के लिये हम लोगों के पास लखनऊ इंडियन आयल ऑफिस आये थे। जिनसे हम लोगों ने पैट्रोल पम्प का लाइसेंस बनवाने को बोलकर 5 लाख रुपये लिये थे तथा बाद में शिवकुमार व वीरेन्द्र को हम लोगो ने फर्जी लाइसेंस व 3 लाख रुपये का फर्जी रसीद दे दिये थे। अभियुक्त गण द्वारा पूर्व में भी आम जनमानस से पैट्रोल पम्प का लाइसेन्स तथा प्रधानमंत्री आवास योजना दिलाने के नाम पर ठगी करने तथा फर्जी दस्तावेज तैयार कर लोगो से धोखाधड़ी व मोटी रकम वसूल करने की बात स्वीकार किया गया है। अभियुक्तगण द्वारा एक गिरोह बनाकर ठगी,धोखाधड़ी का कार्य किया जाता है। अभियुक्तगण धीरज व उमेश उपरोक्त का चालान माननीय न्यायालय किया गया है। अभियुक्तों का नाम धीरज सक्सेना उर्फ रामबाबू पुत्र स्व0 नवीन कुमार सक्सेना निवासी 441/266 हरिनगर कालोनी जल निगम रोड बालागंज लखनऊ तथा उमेश कुमार श्रीवास्तव पुत्र रघुवीर श्रीवास्तव निवासी 441/266 हरिनगर कालोनी जल निगम रोड बालागंज लखनऊ है।व उनके पास से बरामद सामान में 2 मोबाइल फोन (ओप्पो, सैमसंग), 5 ATM कार्ड (भिन्न-भिन्न बैंक के) एक पेन ड्राइव, 4 मोहर, 2 इंक पैड, 1 इंच टेप (फीता), 2 बैंक चेक, 1 स्टाम्प, अन्य दस्तावेज व 480/- रूपये बरामद हुए हैं।

## मेडिकल स्टोर के नाम पर संचालित अवैध क्लीनिक को स्वास्थ्य अधीक्षक ने किया सीज




जन एक्सप्रेस । सीतापुर

**मिश्रिख।** मिश्रिख सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रिख के अंतर्गत ग्राम कुतुबनगर में शंकर मेडिकल स्टोर के नाम पर अवैध क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था। मंगलवार को स्वास्थ्य अधीक्षक डा. प्रखर श्रीवास्तव ने चिकित्सक टीम के साथ निरीक्षण करके अवैध क्लीनिक पाए जाने पर सीज कर दिया है। आपको बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रित के स्वास्थ्य अधीक्षक डा. प्रखर श्रीवास्तव ने चिकित्सक टीम में शामिल डा.नीरज मिश्र, फार्मासिस्ट संदीप कपूर, ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक स्वास्थ्य केंद्र मिश्रित शैलेश वैश्य के साथ आज ग्राम कुतुबनगर में शंकर मेडिकल स्टोर के नाम पर चल रहे अवैध क्लीनिक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मेडिकल स्टोर संचालक सतीश कुमार कश्यप मौके पर उपस्थित मिले।

उनके द्वारा शंकर मेडिकल स्टोर के नाम पर अवैध क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था। मौके पर कुछ अवैध दवाइयां भी मौजूद पाई गई। जिससे स्वास्थ्य अधीक्षक ने शंकर मेडिकल स्टोर के नाम पर संचालित अवैध क्लीनिक को सीज करके बंद करा दिया है। कार्यवाही की प्रतिलिपि मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीतापुर व उपजिलाधिकारी मिश्रित को भेज अवगत करा दिया है।

## नवागंतुक पुलिस अधीक्षक एसएसबी के साथ बैठक कर जाना सीमा सुरक्षा का हाल

* चैकीदारों व ग्रामीणों को बांटे कम्बल

जन एक्सप्रेस । बहराइच



**रूपईडीहा।** नवागंतुक पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बुधवार को अपरान्ह भारत नेपाल स्थित सीमावर्ती नगर पंचायत रूपईडीहा पहुंच कर एसएसबी के अधिकारियों के साथ बैठक की। उनके साथ जिले के पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। एसएसबी के साथ बैठक के दौरान एसपी ने सीमा सुरक्षा के सम्बंध में चर्चा की। एसपी ने एसएसबी के अधिकारियों से कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जा रहा है। ऐसे में पुलिस बल और एसएसबी आपस में समन्वय बनाकर सीमा की कड़ी निगरानी करे। जिससे की सीमा के रास्ते भारत विरोधी और अराजकतत्व प्रवेश न कर पाये। संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी ली जाये और सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाये।

पुलिस अधीक्षक सीमावर्ती गांव मनवरियां पहुंच कर ग्रामीणों से नेपाल के रास्ते आने जाने वाले लोगों के सम्बंध में जानकारी ली और ग्रामीणों से अग्राह किया कि वे संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी पुलिस और एसएसबी को दे। इसके साथ ही उन्होने गांव के जरूरतमंद लोगों ने कम्बल का वितरिण किया।

वापस आर्दश थाना रूपईडीहा पहुंची। प्रभारी निरीक्षण शमशेर बहादुर सिंह, क्षेत्राधिकारी नानपारा राहुल पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी के साथ बैठकर सीमा सुरक्षा के सम्बंध में चर्चा की। एसपी ने सीमा क्षेत्र में पुलिस गस्त तेज करने तथा सूचना संकलन के लिए निदेर्शित किया।

एसपी ने थाने पर चैकीदारों को ठंड से बचाव के लिए कम्बल का वितरण भी किया। एसपी ने भारत नेपाल सीमा के मुख्य द्वारा पहुंच कर एसएसबी व पुलिस के अधिकारियों से जानकारी हासिल की और दिशा निर्देश भी दिए। एसपी ने निर्देश दिया कि सीमा पर इतनी सख्ती बरती जाये कि किसी प्रकार के अराजकतत्व भारत में प्रवेश न करने पाये।

## जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल-कूद प्रतियोगिता नौनिहालों ने दिखाए खेल करतब

* इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित हुई विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं

जन एक्सप्रेस । बहराइच



उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अन्तर्गत युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा मंगलवार को इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी प्राची पवार, कार्यक्रम प्रभारी देवेश शुक्ला, अजय गुप्ता, विनम्र शुक्ला, अखिलेश चौधरी एवं विकास वर्मा क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अलोक कुमार, वरिष्ठ सहायक पारसनाथ शर्मा एवं अब्दुल राशिद, शिखर खरे, पीआरडी जवान, उप क्रीडाधिकारी अभिषेक व अनुपमा धानुक, खेल प्रेमी, गणमान्य एवं संभ्रान्तजन, प्रतिभागी खिलाड़ी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

प्रतियोगिता में सब जूनियर बालक-बालिका 100 मी. दौड़, जूनियर व सीनियर बालक-बालिका 100 व 1500 मीटर दौड़ तथा सब जूनियर बालिका कबड्डी व सीनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

सब जूनियर बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में विकास खण्ड बलहा के साजिद व बालिका वर्ग में फखरपुर की सना, जूनियर बालक वर्ग में मिहींपुरवा के अमरदीप व बालिका वर्ग में फखरपुर की निधि शुक्ला, सीनियर बालक वर्ग में मिहींपुरवा के आशुतोष मौर्या व बालिका वर्ग में फखरपुर की नूरसबा, 1500 वर्ग मीटर सीनियर बालक वर्ग में फखरपुर के इस्लाम खां व बालिका वर्ग में सुमैया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि कबड्डी सब जूनियर बालिका वर्ग में विकास खण्ड पयागपुर व बालक सीनियर वर्ग में चित्तौरा की टीमों ने प्रथम स्थान प्राप्त यिा। प्रतियोगिता में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारियों द्वारा विकास खण्ड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में चयनित विजय खिलाड़ियों को प्रतिभाग कराया गया। जबकि शिक्षा विभाग के अध्यापकों, खेल अनुदेशकों द्वारा प्रतियोगिता आयोजन में सहयोग प्रदान किया गया।

## 34 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बहराइच




**रुपईडीहा।** भारत नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल और पुलिस के जवानों ने पेट्रोलिंग के दौरान रात में पौने बारह बजे एक मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ा है। उसके पास से 34 ग्राम स्मैक बरामद हुई है। जिसे सीज कर दिया गया है। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर एसएसबी और पुलिस के जवान मंगलवार रात 11.40 बजे पेट्रोलिंग कर रहे थे। सीमा पर पिलर संख्या 651/11 के पास पुलिस टीम के उप निरीक्षक रुदल बहादुर सिंह, सिपाही धीरज कुमार, रामवीर चौहान और सशस्त्र सीमा बल के एएसआई एल लोकेंद्र, कांस्टेबल एस मुत्तु सेलवा कुमार, सुरेंद्र कुमार थोराट, प्रशांत और मनीष पांडे संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करने के दौरान एक युवक भारत में प्रवेश करते दिखाई दिया। उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से 34 ग्राम स्मैक बरामद हुई। बरामद स्मैक को पुलिस ने सीज कर दिया है। जबकि पकड़े गए तस्कर रूपईडीहा थाना क्षेत्र के घसियारन मोहल्ला निवासी जुबेर पुत्र गुज्जन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। एसएसबी के कमांडेंट बासुकी नंदन पांडेय ने बताया कि बरामद स्मैक की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में 18 लाख रूपये है।

### देसी शराब की दुकान को चोरों ने बनाया निशाना, हजारों की नगदी पार

जन एक्सप्रेस । अनुज गुप्ता

**भीरा-खीरी।** भीरा थाना क्षेत्र के पड़रिया कस्बे में चोरों ने देशी शराब की दुकान को निशाना बनाते हुए शटर का ताला तोड़कर अंदर रखे करीब 26 हजार रुपये चोरी कर लिए सूचना पर भीरा पुलिस की जांच शुरु।मामला भीरा थाना क्षेत्र के पड़रिया तुला कस्बे का है जहां पर अज्ञात चोरों ने पड़रिया तुला के गौंधिया रोड पर गांव के अंदर देशी शराब की दुकान को निशाना बनाते हुए हजारों की नगदी पार कर दी है। बुधवार सुबह पड़ोसियों से दुकान का शटर उठा देखकर इसकी सूचना सेल्समेन को दी सूचना पाकर मौके पर पहुँचे सेल्समेन ने पुलिस को तहरीर देते हुए करीब 26 हजार की नगदी चोरी होने की सूचना दी। चोरी की जानकारी पाकर हल्का दरोगा संदीप यादव,सिपाही अरविंद कुमार,चंद्रमोहन त्यागी मौके पर जाकर छानबीन शुरू कर दी है।

## पुलिस अधीक्षक द्वारा ग्राम चौकीदारो के साथ गोष्ठी कर टॉर्च, कम्बल, साफा किये गए वितरित

* पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा के प्रयासों से ही जिले में अपराधों पर अंकुश लग पाया है

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



पुलिस अधीक्षक सीतापुर चक्रेश मिश्र द्वारा अपराधों पर निरंकुश लगाने के लिए शुरू से ही ताबड़तोड़ अपराधियो की धरपकड़ व संवेदनशील थानों सहित जिले के सभी थानों के निरीक्षण करने उनकी प्राथमिकता रही हैं। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा के प्रयासों से ही जिले में अपराधों पर अंकुश लग पाया है तथा अपराधियों में भी दहशत बनी हुई हैं कि कही पुलिस के हाथ उन तक न पहुच जाए, जिसके चलते पूर्व की अपेक्षा वर्तमान समय में जिले में अपराधों पर बहुत अंकुश लग चुका है। आज ही पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा द्वारा रामकोट पर पहुंचकर थाने का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री प्रकाश कुमार भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक द्वारा बालमित्र थाना, महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, बंदीगृह, कम्प्यूटर कार्यालय, थाना भोजनालय, निर्माणाधीन बैरक, विवेचनाकक्ष के साथ सम्पूर्ण थाना परिसर को चेक किया एवम् थाना कार्यालय के अभिलेखों को चेक कर उनके बेहतर रख-रखाव व उनको अद्यावधिक रखने, मालखाने को चेक कर उसमें दाखिल माल के निस्तारण व उचित रख-रखाव के सम्बन्ध में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही आगामी चुनाव के दृष्टिगत थाने पर तैनात, उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों एवम् ग्राम चौकीदारो के साथ वार्ता, गोष्ठी की गयी। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा ग्राम चौकीदारों के साथ वार्ता के दौरान उनके क्षेत्रो के गांव की समस्याओ, अपराधों, व्यक्तिगत समस्याओं के विषय में जानकारी लेते हुए विस्तृत चर्चा कर फीडबैक लिया गया एवम् पुलिसिंग को और बेहतर करने के विषय पर भी चर्चा की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त पुलिसकर्मियों व चौकीदारो से उनके क्षेत्रो में अपराध नियंत्रण,निगरानी हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये एवम् चौकीदारो को निगरानी हेतु आवश्यक वस्तुएं कंबल, टॉर्च, जैकेट, साफा आदि सामग्री वितरित की गयी। तदोपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्माणाधीन चौकी नवीन चौक का भी निरीक्षण भी किया गया।

# चंदेल शासकों से विरासत में मिले सरोवरों को जमींदोज होने से कौन बचायेगा ?

जन एक्सप्रेस। विजय प्रताप सिंह

महोबा। चंदेल शासको से विरासत मे मिले कीरत सागर, मदन सागर तथा कल्याण सागर, शासन प्रशासन की उपेक्षा के चलते बनेगे कालीदी। कलांतर मे पेयजल की किल्लत को देखते हुए चंदेल शासको द्वारा अपनी प्रजा को पेयजल से निजात दिलाने के लिए शहर के पश्चिमी भाग मे कीरत सागर दक्षिणी भाग मे मदन सागर तथा पूर्व दिशा मे कल्याण सागर का निर्माण कराया गया था। हालांकि इन तालाबो के अतिरिक्त चंदेल शासको ने ही विजय सागर, दिसरापुर डहर्रा का तालाब आदि तालाब जो गांव ग्रामो मे आज भी जीवंत है वह भी चंदेल शासको द्वारा निर्मित बताये जा रहे है। यहॉ चार दशक से निरंतर जनसंख्या मे अत्याधिक बढोत्तरी होने से तीनो तालाबो को अपने आगोश मे ले रखा है मदन सागर के लगभग डेढ़ किलो, दो किलो मीटर तटबंध पर प्रशासनिक उपेक्षा के चलते बेरोकटोक लोगो ने आलीशान भवनो का निर्माण कर लिया या मदन सागर के पूर्वी भाग मे शहर की वसीकत का एक चैथाई हिस्सा आबाद हो गया। मदन सागर के तटबंध पर तथा भटीपुरा, बड़ीहाट आदि मुहल्लो की सड़को और नालियो का निर्माण नगर पालिका परिषद द्वारा कराया गया और उनका गंदा पानी का बहाव मदन सागर की ओर टर्निग कर दिया गया जिससे मदन सागर के स्वच्छ पेयजल मे भीतरकोट, बड़ीहाट, भटीपुरा आदि मुहल्ले की गंदी नालियो का पानी मदन सागर के स्वच्छ पेयजल को निरंतर गंदा कर रहा है। हालात यह हो गये है कि मदन सागर इस समय खतपतवार तथा गंदे पानी से पूरी तरह अच्छादित हो चुका है इसी तरह कल्याण सागर के भूतल मे और समदनगर, सिंहभवानी वार्ड आदि मुहल्लो की नालियो का गंदा पानी कल्याण सागर मे पहुॅच रहा है। जिससे कल्याण सागर भी खरपतवार तथा पॉलीथिन से भर चुका है।

नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के मुहल्ला रामनगर, नयापुरा बंधानवार्ड मे भी सड़क निर्माण व नालियो का निर्माण करवाकर उनका गंदा पानी कीरत सागर मे डाला गया है। यह तीनो तालाब शहर की गंदी नालियो का कोप भाजन हो रहे है। समय रहते शासन प्रशासन द्वारा चंदेल शासको द्वारा निर्मित तालाबो मे नालियो का गंदा पानी पहुॅचने से ना रोका गया तो कालीदी बनने से रोक पाना शासन प्रशासन के लिए मुसीबत होगी। ज्ञातव्य हो कि उच्च न्यायालय ने वर्ष 2005 मे शासन को आदेशित किया था कि पुरातत्व मे संरक्षित तालाबो, मठ मंदिरो तथा नदी नालो को दूषित होने से बचाने तथा उनकी स्वच्छता बरकरार रखने के लिए 300 मीटर की परिधि मे हर प्रकार के निर्माण कार्यो पर रोक लगाई गयी था। उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी मदन सागर, कीरत सागर और कल्याण सागर को आबादी से अच्छादित कर दिया है। गौरतलब बात तो यह है कि तीनो तालाबो के भराव वाले भूतल तथा तटबंधो पर भी 18 वर्ष के अंतराल मे तमाम आलीशान हवेलियों का निर्माण हो चुका हैं जिसके सम्बर्धन और संरक्षण की जिम्मेवारी शासन प्रशासन द्वारा पुरातत्व विभाग को सौपी गयी थी परंतु पुरातत्व विभाग तालाबो के संरक्षण व सम्बर्धन से सम्बंधित सफेद हाथी साबित हुआ है। नगर पालिका परिषद के लिए यह चंदेल सरोबर खाऊ-कमाऊ नीति का जरिए साबित हुए है। नगर पालिका परिषद द्वारा बीते वर्षो मदन सागर व कीरत सागर मे फैले खरपतवार बावत करोड़ो रूपये की मशीन मंगवाई थी उक्त मशीन सफेद हाथी साबित हुई है और यह तीनो तालाब खरपतवार तथा गंदगी से भरे पड़े है। समय रहते शासन प्रशासन द्वारा चंदेल शासको से विरासत मे मिले मदन सागर, कीरत सागर, कल्याण सागर के संरक्षण व सम्बर्धन के प्रति उचित कदम नही उठाये गये तो यह नामचीन तालाब एक दिन कालीदी बनेगे और उनका अस्तित्व अहिस्ता- अहिस्ता खत्म हो जायेगा।

## युवक ने फांसी लगाकर गंवाई जान

जन एक्सप्रेस/उरई। रामपुरा थाना क्षेत्र के मोहल्ला राजेन्द्र नगर में युवक ने घर के कमरे में फांसी लगा ली। जिसमें दम घुटने से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कस्बा रामपुरा के मोहल्ला राजेन्द्र नगर निवासी जीतू 40 वर्ष पुत्र रामप्रसाद जगम्मनपुर रोड़ पर फेमस होटल पर काम करता था। जिसने खुद को कमरे में बन्द किया और फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। काफी देर बाद भी कमरे से बाहर न आने पर पत्नी ने कमरे के अन्दर जाने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजा बंद होने के कारण वह अन्दर जाने में बेबस हो गई और उसने जंगले से झांककर देखा तो वह फांसी पर लटक रहा था। फांसी पर लटक रहे पति के शव को देखकर वह जोरों से चीखने लगी। मौजूद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया और कब्जे में लेकर पूंछताछ की। बताया गया कि मृतक शराब का लती था और पत्नी से हुए मामूली विवाद के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के एक वर्ष का पुत्र व 3 वर्षीय एक पुत्री है। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है।

# क्रिकेट खेलते हुए युवकों का हुआ विवाद सगे दो भाइयों समेत चार घायल

* शहर के उमरारखेड़ा के बने फील्ड की घटना



जन एक्सप्रेस। उरई

क्रिकेट खेलने को लेकर युवकों में विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष के सगे दो भाई और दूसरे पक्ष के दो युवक घायल हो गए। लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के युवकों को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उनका उपचार चल रहा है।

बता दें कि शहर के मोहल्ला उमरारखेड़ा में पड़े एक फील्ड पर बुधवार की दोपहर कुछ युवक क्रिकेट खेल रहे थे। इसी दौरान क्रिकेट खेलते खेलते उन युवकों में विवाद हो गया। जिसमें एक पक्ष के राघवेंद्र उम्र 20 वर्ष पुत्र राम किशोर निवासी पाठकपुरा का विवाद प्रियांशु कुशवाहा उम्र 17 वर्ष पुत्र रामजी कुशवाह निवासी सुशील नगर और अवनीश प्रताप उम्र 20 वर्ष पुत्र निवासी नया पटेल नगर के बीच विवाद होने लगा। एक दूसरे पर दोनों पक्ष के लोग डंडे मारने लगे। जिससे एक दूसरे के सिर फट गए। वहीं बृजेंद्र का छोटा भाई राघवेंद्र भी बीच बचाव करने आ गया। इसी दौरान दूसरे पक्ष के युवकों ने उसके ईंटा व गम्मा मार दिए। जिससे उसका सर फट गया और वह खून से लथपथ हो गया। लहूलुहान हालत में पड़े युवकों को देख उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चार युवक प्रियांशु कुशवाहा, अवनीश प्रताप, बृजेंद्र और उसका भाई राघवेंद्र को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां पर उनका उपचार चल रहा है। पुलिस से जब इस बारे में जानकारी दी तो उन्होंने बताया कि अभी उन्हें किसी प्रकार की कोई तहरीर नहीं मिली है। अगर तहरीर मिलती है तो उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल युवकों का उपचार चल रहा है।

# डीएम ने पीएम विश्वकर्मा योजना के सत्यापन हेतु की बैठक



जन एक्सप्रेस। उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने पीएम विश्वकर्मा योजना के द्वितीय चरण के सत्यापन हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान समस्त ग्राम पंचायतों में प्राप्त आवेदन पत्र 924 व नगरीय निकाय में प्राप्त 602 आवेदन पत्रों के द्वितीय चरण जिसमें ग्राम प्रधानों द्वारा 39 आवेदन पत्रों व नगरीय निकाय द्वारा सत्यापित 124 आवेदन पत्रों पर विचार किया गया। जिसमें डीएम ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि समस्त सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारियों को उपरोक्त आवेदन पत्रों को प्रेषित कर द्वितीय चरण का अविलम्ब सत्यापन सुनिश्चित कराया जाये। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए। अब तक ऑन बोर्ड नहीं हुई, ग्राम पंचायतों को अविलम्ब ऑन बोर्ड कराया जाए। बैठक में उपायुक्त उद्योग के अतिरिक्त अग्रणी जिला प्रबन्धक संदीप सिन्हा, नोडल प्राचार्य नुपुर कश्यप तथा भारतीय जनता पार्टी के महामंत्री विवेक कुशवाहा उपस्थित रहे।

# स्थाई समिति के गठन की मांग को लेकर ग्रापए ने महामहिम को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा

जन एक्सप्रेस। महोबा

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम एवं समयानुसार बुधवार के दिन ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने कलक्ट्रेट पहुँच प्रदेश के महामहिम राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा है।




ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को सौपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया है कि महामहिम राज्यपाल के शासनादेश के अनुसार पत्रकारों व प्रशासन के मध्य सामाजिक सौहार्द एवं आपसी सामंजस्य स्थापित हेतु पत्रकार स्थाई समिति का गठन जनपद में होना चाहिये लेकिन महोबा में दो वर्षों से गठन नही हुआ है जिससे पत्रकारों के उत्पीड़न व पत्रकारों का कर्मचारियों तथा अधिकारियों व जन प्रतिनिधियों के मध्य आपसी सामंजस्य स्थापित नहीं हो पा रहा है। इसलिए जनपद में पत्रकार स्थाई समिति का शीघ्र गठन किया जाना अति आवश्यक है। पत्रकार स्थाई समिति के गठन के संबंध में जिला सूचना अधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण है। एवं जनपद में जिला सूचनाधिकारी की नियुक्ति अति आवश्यक है। ज्ञापन सौंपते वक्त ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन के आधा सैकड़ा पत्रकार मौजूद रहे जिसमे मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष यूनुस खान, मंडल सचिव रोली गुप्ता, जिला अध्यक्ष जमाल अहमद कादरी, जिला महामंत्री देवेन्द्र अरजरिया, जिला उपाध्यक्ष हरिदर्शन नायक, समन्त सिंह, महेश नायक, इलयास अहमद, चंद्रशेखर, अजय व्यास, तीरथ सिंह, रविन्द्र खरे, हरिसिंह, अनिल तिवारी, अनिल सेन, हरिसिंह वर्मा, फैजान अली, इस्तखार अली, राजू पटेरिया, महेंद्र सोनी, समीर खान, अरुण, शान मुहम्मद, नरेन्द्र अग्रवाल सहित तमाम ग्रामीण पत्रकार मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### भाजपा के नवनियुक्त नगर मण्डल अध्यक्ष विजय सिंह 'रिंकू' का हुआ जोरदार स्वागत



जन एक्सप्रेस/बरहज,देवरिया। भारतीय जनता पार्टी के नव नियुक्त बरहज मण्डल अध्यक्ष विजय सिंह रिंकू का बुधवार को बस स्टैंड स्थित श्री दुर्गा माता मंदिर के पास अंगवस्त्र और फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिंदाबाद के नारे लगाते हुए तीसरी बार देश में भाजपा सरकार बनाए जाने का आह्वाहन किया। वहीं नगर अध्यक्ष ने पार्टी की मजबूती और कार्यकर्ताओं के हक अधिकार के लिए सदैव साथ खड़े रहने की बात कही। इस अवसर पर प्रमोद मिश्रा, जितेन्द्र भारत, ज्ञानेश्वर सिंह, चिंतामणि साहनी, मुकेश पटेल, अनुपम त्रिपाठी, अरुण यादव, राजू तिवारी, दीना नाथ निषाद, गजानंद मौर्य, संदीप चौहान, राम जी राय, पंडित अभिषेक पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहें।

### एसडीएम सदर के खिलाफ उच्चस्तरीय जांच का आदेश

जन एक्सप्रेस/देवरिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक ही मामले में दो विपरीत आदेश करने वाले देवरिया के एसडीएम सदर के खिलाफ उच्चस्तरीय जांच का आदेश दिया है। कोर्ट ने प्रमुख सचिव राजस्व से कहा है कि कलेक्टर देवरिया से रिपोर्ट प्राप्त कर एक उच्चस्तरीय जांच गठित करें और इसे एक निश्चित समयावधि में पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। यह आदेश न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र ने देवरिया के शिव नारायण तिवारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है।

### पति समेत 4 पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

जन एक्सप्रेस/सलेमपुर,देवरिया। कोतवाली थाना क्षेत्र के धनगड़ा गांव की जया दुबे ने दहेज के लिए ससुराल पक्ष की ओर से प्रताड़ित किए जाने पर कोतवाली सलेमपुर में अपने पति, सास, ससुर व देवर के विरूद्ध केस दर्ज कराया है। कोतवाली में दी तहरीर में जया दुबे ने बताया कि मेरी शादी 11 मई 22 को मिर्जापुर जनपद के देहात कोतवाली गांव के पट्टी सेखुई निवासी मृत्युंजय मालवीय से हुई थी। अब और दहेज के लिए ससुराल वाले प्रताड़ित करते हैं और जान से मारने की धमकी देते है। इस मामले में महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पति मृत्युंजयग ससुर ओम प्रकाशग सास संजू व देवर धनंजय के विरूद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

### घरों के ऊपर दौड़ रहा हाईटेंशन तार

जन एक्सप्रेस/भटनी,देवरिया। गांधी चौक वार्ड के करीब दस घरों के ऊपर से हाईटेंशन तार दौड़ रहा है। पीड़ित लोग करीब दो सालों से विभाग का चक्कर लगाकर पोल और तार को सड़क के किनारे से ले जाने की मांग कर रहे है। पर, विद्युत निगम हर बार सिर्फ आश्वासन दे रहा है। इससे परेशान होकर लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेज कर अपनी पीड़ा बयां की है।वार्ड के प्रमोद कुमार शर्मा, गुड्डू अंसारी, तेज बहादुर, सतीश चंद श्रीवास्तव, गुलाब ठाकुर ने बताया कि गर्मियों में अक्सर हाईटेंशन तार टूटकर मकान पर गिर जाता है। इससे दुर्घटना होने का डर बना रहता है। उन्होंने बताया कि एक साल पूर्व इसी वार्ड के एक युवक की विद्युत चपेट में आने से मौत हो गई थी। इसके बावजूद विभाग सुनने को तैयार नही है। पीड़ित ने जिलाधिकारी, एसडीएम से भी कई बार शिकायत कर चुके है। लेकिन कोई कार्रवाई नही हुई है। नगर पंचायत चेयरमैन विजय कुमार गुप्त ने बताया कि अधीक्षण अभियंता देवरिया को पत्र भेज आबादी के बीच से हाईटेंशन तार हटा कर साइड से ले जाने की मांग की गई है।

### ईवीएम डिमांस्ट्रेशन सेंटर का हुआ शुभारंभ

जन एक्सप्रेस/देवरिया। उप निर्वाचन अधिकारी/एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव ने आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित निर्वाचन कार्यालय में ईवीएम डिमांस्ट्रेशन सेंटर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के क्रम में आज कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कार्यालय एवं समस्त तहसील मुख्यालयों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन डिमांस्ट्रेशन सेंटर का शुभारंभ किया गया है। इस केंद्र के माध्यम से मतदाताओं को ईवीएम की कार्यप्रणाली के संबन्ध में जागरूक किया जाएगा। कोई भी मतदाता अथवा आम नागरिक उक्त केंद्र पर जाकर ईवीएम, बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी की कार्यप्रणाली से रूबरू होकर मतदान प्रक्रिया को समझ सकता है।उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि डिमांस्ट्रेशन सेंटर आज से प्रारंभ होकर चुनाव की अधिसूचना आने तक क्रियाशील रहेगा। उन्होंने जनपदवासियों से ईवीएम डिमांस्ट्रेशन सेंटर जाकर मतदान प्रक्रिया का अवलोकन करने का अनुरोध किया।

### पक्के मकान नए आत्मविश्वास का संचार कर रहे: डा. सत्यप्रकाश मणि

जन एक्सप्रेस/बैतालपुर देवरिया। विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को विकासखंड बैतालपुर के ग्राम सभा बटुलही में पहुंची, जहां पर यात्रा का समस्त ग्राम वासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार तरीके से स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्चन कर दीप प्रज्वलन, गायक अमित रजक द्वारा सुंदर सरस्वती वंदना एवं राम मंदिर पर सुंदर दिव्य भजन प्रस्तुत कर प्रारंभ किया गया, बतौर मुख्य अतिथि देवरिया सदर पूर्व विधायक डॉ.सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रभाव को प्रत्यक्ष रूप से जानने की परिवर्तनकारी शक्ति के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की योजनाएं रसोई को धुएं से मुक्त कर रही हैं, पक्के मकान नए आत्मविश्वास का संचार कर रहे हैं, गरीब वर्ग सशक्त महसूस कर रहा है और अमीर और गरीब के बीच अंतर में कमी आ रही है, ये सभी बहुत संतुष्टि के स्रोत हैं।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे जिला स्तरीय उद्योग बंधुओ की बैठक सम्पन्न

क्रेशर यूनियन डस्ट स्मोक मशीनों के माध्यम से प्रदूषण कम करने का कार्य करें अन्यथा होगी कार्यवाही

जन एक्सप्रेस। महोबा

जिलाधिकारी मृदुल चैधरी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में संपन्न हुई। बैठक में निवेशकों को जनपद में आमंत्रित करने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जल्द ही आयोजित की जाने वाली जीबीसी के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि समस्त विभागों के स्तर पर एनओसी निर्गत करने के दौरान ही निवेशकों से इंटेंट फाइल कराए जाएं। कबरई स्थित क्रेशर मंडी में होने वाले प्रदूषण के संबंध में जिलाधिकारी द्वारा पुनः आह्वान किया गया की समस्त क्रशर यूनियन डस्ट स्मोक मशीनों के माध्यम से प्रदूषण कम करने का कार्य करें। विद्युत आपूर्ति के संबंध में बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता द्वारा जानकारी प्रदान की गई की कुछ मेंटेनेंस का कार्य चल रहा है 15 जनवरी के बाद विद्युत आपूर्ति में



अच्छा सुधार होगा। उक्त समस्याओं के अतिरिक्त कबरई से कबरई बांध के बीच में रोड बनाने के संबंध में तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम, व्यापार कर के उपायुक्त तथा अन्य विभाग के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उद्यमी संगठनों की तरफ से राम किशोर सिंह, भागीरथ नगाइच इत्यादि द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग महेश चंद्र सरोज द्वारा किया गया।

## युवक ने गटका जहर हालत नाजुक

जन एक्सप्रेस। उरई

डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खरका में युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजन अस्पताल ले गए। जहां पर डॉक्टर ने युवक का इलाज शुरू कर दिया है। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खरका निवासी उत्तम सिंह 20 वर्ष पुत्र रामसिंह ने बुधवार को अज्ञात कारणों के चलते घर में रखा गाय भैंसों की किल्ली छुड़ाने वाला जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ी और वह वही अचेत होकर गिर गया। जब परिजनों को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान मौजूद युवक के चाचा घनश्याम सिंह ने बताया कि वह ट्रक चलाता है और उसकी कमाई से परिवार का भरण पोषण चलता है। फिलहाल चिकित्सकों द्वारा युवक का उपचार किया जा रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। खबर लिखे जाने तक नशीला पदार्थ खाने के कारण का पता नहीं चल सका है।

# नाबालिक लड़की के अपहरण के 25 दिन बीत जाने के बाद भी नहीं लगा कोई सुराग

जन एक्सप्रेस। जैतपुर/महोबा

नाबालिग लड़की के अपहरण के 25 दिन बीत जाने के बाद ना तो लड़की की बरामदगी हुयी एवं ना ही थाना पुलिस आरोपी युवक को गिरफ्तार कर पायी है. लड़की के परिजन माँ बाप का रो रोकर बुरा हाल है लाचार पिता अपनी पुत्री की तलाश में दर दर भटकने को मजबूर हैं। दरअसल पूरा मामला जनपद महोबा के थाना कुलपहाड़ के पुलिस चैकी जैतपुर अतंर्गत एक गांव का है लड़की के माता पिता ने बताया कि दिनाँक 25 दिसंबर 2023 को मेरी नाबालिग लड़की अपने गांव से जैतपुर कस्बे में बैंक के काम से आयी थी जैतपुर के बस स्टैंड से मेरी लड़की को रघुनाथ यादव लक्षनपुरा ईसानगर निवासी जिला छतरपुर मध्य प्रदेश बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया जिसकी जानकारी लड़की ने फोन लगाकर अपनी मां को दी कि मुझे रघुनाथ यादव अपने साथ लिए जा रहा है इसके बाद फोन कट गया। परिजनों को सूचना मिलते ही पुलिस चैकी जैतपुर में लिखित सूचना दी गई दूसरे दिन थाना प्रभारी कुलपहाड़ भास्कर मिश्रा ने धारा 363 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही की एवं लड़की की बरामदगी और आरोपी युवक को गिरफ्तार करने की बात कही। परंतु घटना के 25 दिन बीत जाने के बाद समाचार लिखे जाने तक ना तो लड़की की बरामदगी हुई है और ना ही आरोपी युवक की गिरफ्तारी। बड़ा प्रश्न यह उठता है कि नाबालिग लड़की के अपहरण जैसे संगीन मामले को 25 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है नाबालिग लड़की की माँ का कहना है कि मेरी बेटी को मुझसे एक बार मिलवा दो रघुनाथ यादव के साथ मेरे गांव के भी अन्य लोग है जो इस साजिश में शामिल है। कहना है कि पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर रहीं है जबकि इस पूरे मामले को लेकर पुलिस चैकी प्रभारी जैतपुर धर्मेंद्र सिंह से बात की तो बताया कि दबिश दी जा रही है जल्द ही लड़की की बरामदगी एवं आरोपी की गिरफ्तारी की जाएगी।

# तीन माह बंधक बनाकर दलित महिला से सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप

जन एक्सप्रेस। उरई

कुठौद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पांच लोगों पर असलाहा के दम पर अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। पीड़ित महिला ने नामजद तहरीर पुलिस को सौंपते हुए न्याय की गुहार लगाई। कुठौद थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित महिला ने थाने मे प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि तीन महीने पहले वह आपने ही गांव की गोशाला में काम कर रही थी। तभी एक बंद गाडी में सवार होकर सुधीर बाथम, शिवम सोहाने निवासी जालौन, मोनू व अकिंत, सुनील हथियारों से लैस होकर आ गए और हथियारों के दम पर जबरन पीड़िता का अपहरण कर ले गये। आरोप है कि पांचों लोग पीड़िता को सुनसान जगह पर ले गए जहां पर बारी बारी से उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। आरोप तो यह भी है कि दूसरे दिन मोनू व अंकित पीड़िता को बंद गाडी में डालकर पूना ले गये। जहां पर बंधक बनाकर रखा और शराब पीकर दोनो लोगो ने प्रतिदिन उसके साथ गलत काम किया। बताया कि एक दिन दोनो शराब के नशे मे धुत थे। तभी वह मौका पाकर मोनू का मोबाईल लेकर रात को भाग कर एक ढाबे पर पहुंच गई। जहां से उसने आपने पति को फोन पर सूचना दी। इसके बाद उसी क्षेत्र मे रहने वाला रिस्तेदार राज कुमार मौके पर पहुंचा और पीड़िता को लेकर गांव आया। फिलहाल पुलिस ने महिला के प्रार्थना के आधार पर मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

# दबंग महिला के सामने तहसील प्रशासन बौना

* दबंग महिला के आगे तहसील प्रशासन बौना
* पीड़ितों ने लगाई प्रशासन से जमीन कब्जा मुक्त कराने की गुहार

जन एक्सप्रेस। गोला-गोरखपुर

जनपद के गोला थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम सभा गोंड़सरी निवासी मुन्ना सिंह पुत्र बेनी माधव सिंह व अन्य ने उपजिलाधिकारी को गांव की ही एक दबंग महिला द्वारा आवेदकों के बागीचे की जमीन में झोपड़ी डाल कर जबरन कब्जा कर लेने की शिकायत की है।

पीड़ितों ने उपजिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र के संबंध में बताया कि गांव में बाग है जो कि



गाटा संख्या नंबर 578 ख, में स्थित है और उसका रकबा, 0.442 हेक्टेयर है। जिसमें कुछ हिस्सों पर गांव की दबंग महिला लीलावती पत्नी राजेश ने झोपड़ी डाल कर जबरन कब्जा कर लिया है। पत्रकार वार्ता में पीड़ित ने बताया कि जमीन की पैमाइश के लिए एसडीएम का आदेश है।

एसडीम के आदेश पर भी दबंग महिला के आगे राजस्व विभाग बौना साबित हो रहा है । लेखपाल की आख्या में आरोप सिद्ध होने पर भी कोई कार्यवाई नहीं की जा रही है। जब गांव में हल्का के लेखपाल पैमाइश करने जाते हैं तो दबंग महिला मारपीट पर उतारू हो जाती और पैमाइश नहीं होने देती है। जिससे पीड़ितों की उपरोक्त हिस्सेदार के अपनी बाग बगीचे की जमीन पर कब्जा नहीं कर पा रहे हैं। दबंग महिला पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए प्रशासन से न्याय की गुहार लग रहे हैं। मौके पर राजकुमार सिंह कृष्णानंद सिंह विजय आदि मौजूद रहे।

**बोले तहसीलदार मामले का नहीं है संज्ञान**

मामले के संबंध में पूछे जाने पर तहसीलदार गोला ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है लेखपाल से पूछताछ कर संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी।

# पुरानी पेंशन की मांग को लेकर तीसरे दिन भूख हड़ताल पर रहे कर्मचारी

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



केंद्र व राज्य कर्मचारी एवं शिक्षकों द्वारा तीसरे दिन भूख हड़ताल में शामिल होकर पुरानी पेंशन की माँग को बुलंद किया। पुरानी पेंशन बहाली मंच (एन0जे0सी0ए) के तत्वाधान में पुरानी पेंशन बहाली हेतु 8 जनवरी 2024 से अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के सामने दुर्गा मंदिर के प्रांगण में भूख हड़ताल का नेतृत्व अरविन्द कुमार सिंह जिलाध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने किया। भूख हड़ताल में उपस्थित केंद्र, राज्य कर्मचारियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कामरेड हीरालाल शाखामंत्री नादर्न रेलने मेंस यूनियन के आवाह्न पर एनपीएस को रद्द कर पुरानी पेंशन की बहाली की माँग कों लेकर अयोध्या कैंट रेलवे परिसर भूख हड़ताल में राम प्रकाश सिंह जिला मंत्री रा0क0संयुक्त परिषद, डेनियल भारती जिला मंत्री राजस्व संग्रह अमीन संघ, डॉक्टर संजय सिंह जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ, कामरेड आर0जे0 कन्नौजिया, कामरेड अंजुम मुख्तार खान शाखा अध्यक्ष एनआरएमयू, राजकुमार प्रिंस, प्रवीण पटेल, मौर्य, वीरेन्द्र बहादुर सिंह, प्रभाकर, शैलेंद्र, देवानंद, रवीन्द्र यादव, संजीव कन्नौजिया, नीरज श्रीवास्तव, रमाकांत यादव, राहुल पाण्डेय ग्राम पंचायत अधिकारी संघ, अनिल प्रजापति जिलाध्यक्ष विशिष्ट बीटीसी वेलफेयर एसो0, वीरेन्द्र प्रताप सिंह, अनिल कुमार दुबे ग्राम विकास अधिकारी संघ, अवधेश याादव, संतोष कुमार पाण्डेय जिला मंत्री जू0हा0 शिक्षक संघ सुल्तानपुर, ज्योति, अर्चना शर्मा, अनुपमा, सौरभसिंह, प्रदीप वर्मा, रवि सिंह, नीरज सिंह, रमाकांत यादव, अजीत प्रताप सिंह पूर्व जिला मंत्री प्रा0 शिक्षक संघ, अशोक वर्मा, अशोक यादव, जिलाजीत वर्मा, सुरेश मौर्या, उमाशंकर, दगंल सिंह, सूरज प्रकाश, अमित कुमार, अजय वर्मा, फूलचन्द, अखण्ड गौतम आदि उपस्थित रहे।

# एमएलसी ने अपने खर्चे पर वितरित किए सैकड़ो कंबल



जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर के विकासखंड सदर बलरामपुर क्षेत्र के ग्राम ज्वोनार में बुधवार को विधान परिषद सदस्य साकेत मिश्र ने गरीबों को भीषण ठंडक से बचाने के लिए अपने निजी खर्चे से 300 कंबल खरीद कर गरीबों के बीच वितरित किया।

जानकारी के अनुसार 10 जनवरी को विधान परिषद सदस्य सकेत मिश्रा ने जनपद में पड़ रही कड़ाके की ठंड व हांड़ कंपाने वाली चल रही पछुवा हवाओं के कहर से गरीबो को बचाने के लिए सरकारी सुविधाओं का आशा देखे बगैर अपने निजी मद से 300 कंबल खरीद कर वितरित किया।

उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा सबसे महान कार्य है और वह प्रत्येक वर्ष ठंडक में कंबल वितरण का कार्य करते रहे हैं। इसके अलावा दैवीय आपदा हो या फिर अन्य कोई भी कार्य हमेशा अपने निजी मद से गरीबों की सेवा करते रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व प्रधान ननकुन्ने चौधरी, प्रधान भानु जैसवाल, शिवा महाजन, आलोक सिंह, ओंकार तिवारी के संयोजन में संपन्न हुआ। साकेत मिश्र ने कहा कि सरकार और उनकी निजी प्रयास है कि आने वाले समय में लोगो को इतना सशक्त बनाना है कि कंबल वितरण न करना पड़े लोग खुद ही इतने सुदृढ़ हो जाए।

# कैंप लगाकर मतदाताओं को ईवीएम से वोट डालने के लिए किया जाएगा जागरूक



जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

बुधवार से जनपद में जागरूकता केंद्र के माध्यम से मतदाताओं को ईवीएम से वोट डालने के लिए जागरूक करने हेतु कैंप का शुभारंभ जिला अधिकारी अरविंद सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम/ वीवीपैट का अच्छी तरफ से प्रशिक्षण मतदाताओं को दिए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की मतदाता जागरूकता केंद्र तक आकर ईवीएम/वीवीपैट में वोट डालकर प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। चुनाव के दिन मतदाता को वोट डालने में कोई परेशानी न हो इसके लिए कलेक्ट्रेट सहित तहसीलों में ईवीएम/वीवीपैट जागरूकता/प्रशिक्षण कैंप लगाए गए है। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# तुलसीपुर पुलिस ने हत्या में आरोपी तीन लोगों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के थाना तुलसीपुर क्षेत्र में 8 जनवरी को हुए हुए हत्या की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कया है। जानकारी के अनुसार 10 जनवरी को पुलिस अधीक्षक केशव कुमार द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेंद्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी थानाध्यक्ष तुलसीपुर जयहरि मिश्रा के कुशल नेतृत्व में 9 जनवरी को तुलसीपुर थाने में पंजीकृत हुए हत्या के मुकदमे का 24 घंटे के अंदर सफल अनावरण करते हुए तीन अभिलेखों को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार ने बताया कि थाना तुलसीपुर मे पंजीकृत में हत्या के मुकदमे के सफल अनावरण हेतु गठित एस0ओ0जी0 टीम प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र बहादुर सिंह, उ0नि0 खादिम सज्जाक एवं थाना तुलसीपुर की टीम उ0नि0 जयहरि मिश्रा, हे0का0 देवेन्द्र सिंह, का0 पवन पटेल, का0 श्याम नरायन, का0 श्याम जी, का0 शिव सागर, का0 अखिलेश, का0 संजय कुमार व का0 सुमित भल्ला द्वारा हत्या की घटना का अनावरण करते हुये अभियुक्त कन्हई पुत्र बाबूलाल नि0ग्रा0 रमवापुर थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर, धर्मेश पुत्र लल्लू (केयरटेकर कन्हई पुत्र बाबूलाल) निवासी ग्राम नौवाफड़िया थाना बालौर जनपद सूरत गुजरात तथा (बाल अपचारी) साजन पुत्र कन्हई नि0ग्रा0 रमवापुर थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर को अभियुक्तो के घर ग्राम रमवापुर से गिरफ्तार किया गया है। घटना की साजिश में प्रयुक्त एक अदद ईंट, मृतक का एक अदद मोबाईल व अभियुक्त का शर्ट नमूना के तौर पर बरामद किया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त कन्हई पुत्र बाबूलाल गौतम नि0 ग्राम रमवापुर थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर की पत्नी रेखा देवी से मृतक अबदुल्ला पुत्र गामा नि0 ग्राम रमवापुर थाना तुलसीपुर जनपद बलरामपुर का अवैध सम्बन्ध था। अभियुक्त कन्हई की पत्नी अक्सर टेलीफोन से अपने पति कन्हई के अनुपस्थिति में अपने प्रेमी अबदुल्ला को अपने घर पर बुला लेती थी। 7-8 जनवरी.2024 की रात्रि में जब रेखा देवी का पति कन्हई जब घर पर मौजूद नही था, तो उसी समय रेखा देवी ने फोन करके अपने प्रेमी अबदुल्ला को अपने घर पर बुला लिया।

दोनों आपस में शारीरिक सम्बन्ध बना रहे थें, कि उसी समय रेखा देवी का पति कन्हई घर पर पहुँच गया एंव अपनी पत्नी के साथ अबदुल्ला को सोते हुए देख आक्रोशित हो गया। अबदुल्ला को पकड़कर चौकी पर पटक दिया उसके बाद ईंट से अबदुल्ला का सिर कूंचकर हत्या कर दिया। हत्या करने के पश्चात मृतक अबदुल्ला के शव को छिपाने हेतु बगल के कमरे में सो रहे अपने साले धर्मेश व अपने पुत्र साजन को जगाया एंव घटना को बताया कि मैने अबदुल्ला को अपनी पत्नी रेखा देवी के साथ सोते हुए देखकर हत्या कर दिया है।

# जिलाधिकारी द्वारा ब्लॉक परिसर और अमृत सरोवर का किया गया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा विकासखड रामनगर का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने कार्यालय, अधिकारी/कर्मचारी आवास, एनआरएलएम कार्यालय, ब्लॉक परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मौके पर सभी व्यवस्थाएं ठीक पाई गई। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यालय में बैठने की व्यवस्था, नियमित साफ सफाई की व्यवस्था कराएं तथा जो भी लाभार्थी कार्यालय में आए उनसे अच्छा व्यवहार किया जाए। साथ ही साथ जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में जानकारी लिया और निर्देशित किया गया कि विकास कार्यों की प्रगति को बढ़ाया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड जहांगीरगंज के अंतर्गत अमृत सरोवर नरवां पितांबरपुर/हाजीपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अमृतसरोवर की सभी व्यवस्थाएं ठीक पाई गई। इस दौरान मौके पर उप जिलाधिकारी आलापुर, खंड विकास अधिकारी जहांगीर गंज अनिल कुमार कुशवाहा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख तथा संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



कमिश्नर को संबोधित ज्ञापन अपर आयुक्त (प्रशासन)अयोध्या मंडल को जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन कार्यालय पर दिया गया दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि रामपथ पर फुटपाथ पर रेलिग लगाने के बजाय टेड़ीबाजार चौराहा से नयाघाट तक की सड़क को भक्तिपथ के तरीके डेवलप किया जाय जिससे सड़क को सीमित होने से बचाने के साथ मेले इत्यादि विशेष प्रायोजनो में भीड़ को चलने मे सुगमता बनी रहे। एव फुटपाथ पर रेलिग लग जाने से ग्राहको को दुकानो तक पहुचने में परेशानी होगी जिससे उपरोक्त सड़क के व्यापारियो का व्यापार भी प्रभावित होगा। धार्मिक स्थल होने के नाते यहाँ की दुकाने कटरा टाइप की होने पर यात्रियो को खरीददारी मे आसानी होगी जैसा की भक्तिपथ की दुकानों पर देखा जा सकती है। रामपथ के फुटपाथ पर लग रहे रेलिंग में रोक लगाकर उपरोक्त सड़क को भक्तिपथ के तरीके डेवलप कराने की कृपा करा।ज्ञापन देने वालो मे प्रमुख रूप से नन्द कुमार गुप्ता **नंदू**, बृज किशोर पांडे, शिवम् गुप्ता, मंगल मोदनवाल, प्रेम शंकर मिश्रा, संतोष गुप्ता आदि शामिल रहे।

# नगर पालिका में 2.83 करोड़ फंड स्वीकृत होने से कर्मचारियों में बंधी आस

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के आदर्श नगर पालिका परिषद में राज्य वित्त फंड में 2.83 करोड़ लाख रुपये आने से सेवानिवृत्त व मृतक कर्मचारियों के स्वजनों को बकाया भुगतान की आस जगी है। इस फंड से सेवानिवृत्ति तथा मृतक कर्मचारियों के परिजनों के बकाए का भुगतान किया जाएगा। जानकारी के अनुसार बलरामपुर नगर पालिका में करीब 15 साल से सेवानिवृत्त व मृतक कर्मचारियों के लिए कोई फंड नहीं आया था। इससे पालिका के 100 से ज्यादा सेवानिवृत्त व मृतक कर्मचारियों का करीब साढ़े चार करोड रुपये का बकाया हो गया है। नगर पालिका परिषद में सेवानिवृत्त एवं मृतक के परिजनों को करीब 15 साल से अवकाश नगदीकरण, ग्रेजविटी, पेंशन एरियर व समय वेतनमान भुगतान नहीं किया गया है। अब पालिका के राज्यवित्त फंड में दो करोड़ 83 लाख 61 हजार 728 रुपये आने से सेवानिवृत्त व मृतक कर्मचारियों को बकाया भुगतान मिलने की उम्मीद जगी है। सेवानिवृत्त कर्मचारी सलीका, बन्नो, कमरून, नानक चरन, सुमिरत, श्याम सुंदरी तथा मृतक कर्मचारी गुलाम वारिस, जयपाल, विनय, माला व अहमद अली के परिजन भुगतान के लिए भटक रहे थे। फंड आने के बाद पालिका के अधिकारी कर्मियों को उनके बकाया देने के लिए जोड़-घटाना शुरू कर दिया है।

## कर्मचारियों के बकाये के भुगतान के लिए लिखा था पत्र

नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू ने बताया कि नगर निकाय चुनाव जीतने के बाद सेवानिवृत्त व मृतक आश्रितों के बकाया भुगतान के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा था। सभी कर्मियों को बकाया भुगतान के लिए स्थानीय निकाय उत्तर प्रदेश से पांच करोड़ रूपये की अतिरिक्त मांग की थी। स्थानीय निकाय निदेशालय से मंजूरी देते हुए आधे से ज्यादा की राशि मिल गई है।

# पात्रों तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना विकसित भारत अभियान का लक्ष्य

जन एक्सप्रेस। अंबेडकर नगर



जनपद में विकसित भारत संकल्प यात्रा विकास खण्ड अकबरपुर, टांडा, रामनगर, कटेहरी, जलालपुर, बसखारी, जहांगीरगंज के विभिन्न ग्राम पंचायतो में कार्यक्रम आयोजित की गई साथ ही साथ नगरी क्षेत्र में भी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में विकास खंड जहांगीरगंज के ग्राम पंचायत सराय हंकार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विकसित भारत का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं आज पात्रों के घर पहुंच रही हैं। पात्रों को राशन, पेंशन, आवास, एलपीजी कनेक्शन, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सुविधाएं, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त किया जा रहा है। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष विशाल सिंह, पूर्व प्रमुख अरविंद सिंह, खंड विकास अधिकारी अनिल कुमार कुशवाहा, एडीओ पंचायत योगेंद्र नाथ सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार पाण्डेय, सचिव अवनीश यादव, सप्लाई इंस्पेक्टर एडी भास्कर सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# ज्यादा से ज्यादा महिलाएं साड़ी केंद्र का लाभ उठाएं: रश्मि वर्मा

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



तुलसी नगर पूरे हुसैन खान अयोध्या में साड़ी केंद्र साड़ी केंद्र से गरीब एवं निचले तबके की महिलाओं को साड़ी दी जाती है साड़ी केंद्र प्रभारी श्रीमती रश्मि वर्मा ने बताया कि महामहिम राज्यपाल महोदया के दिशा निर्देशानुसार समाज में निचले तबके की महिलाओं के लिए यह कार्य किया जा रहा है उन्होंने कहा कि हर महिला की इच्छा होती है कि वह अच्छी से अच्छी साड़ी पहने और समारोह में भाग ले । केंद्र की प्रभारी श्रीमती रश्मि द्वारा बताया गया कि साड़ी केन्द्र का ज्यादा प्रचार-प्रसार नहीं होने के कारण अभी ज्यादा लोगों को इसके बारे में पता नहीं है। प्रचार प्रसार का माध्यम मीडिया होता है यदि मीडिया सहयोग करती रहेगी तो दूर दराज के गाँवों से भी महिलाएं इसका लाभ उठा पायेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कई प्रकार के त्यौहार व शादियों का सृजन शुरू हो रहा है इसमें महिलाएं ज्यादा से ज्यादा साड़ी केंद्र का लाभ उठाएं और अपनी बहनों को भी साड़ी केंद्र के बारे में बताएं जिससे अन्य महिलाएं भी साड़ी केंद्र का लाभ उठाएं।

# अयोध्या महोत्सव में दुकान, ना बाबा ना

*** अयोध्या महोत्सव में आने वाले दुकानदारों ने दोबारा मेले में दुकान लगाने से की तौबा**

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

## अपने मकसद से भटक गया अयोध्या महोत्सव

अयोध्या महोत्सव अवध की जिस संस्कृति को संजोने के मकसद से आयोजित किया जा रहा था वह मकसद अब कहीं दूर दूर तक दिखाई ही नहीं दे रहा है। सभासद चन्दन सिंह का कहना है कि अयोध्या महोत्सव के लिए प्रदेश सरकार से मोटा बजट लिया जाता है। किन्तु सरकार के विकास या योजनाओं का कहीं कोई प्रचार इस मंच के माध्यम से नहीं किया गया। ऐसे में महोत्सव कुल मिलाकर शुद्ध व्यापार व लूट–खसोट का माध्यम बन कर रह गया है। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करेंगे।

अवध की संस्कृति व गंगा जमुनी तहजीब को संरक्षित करने व उसका प्रचार करने के साथ ने कलाकारों को मंच प्रदान करने के नाम पर अयोध्या जनपद में आयोजित होने वाला महोत्सव इस वर्ष आयोजकों के लिए भले ही सोने की मुर्गी साबित हुआ हो किन्तु मेले में देश के कोने-कोने से अपनी दुकानें लेकर आने वाले दुकानदारों के लिए घाटे का सौदा रहा। सामानों की बिक्री न होने से दुकानदारों ने अब अयोध्या महोत्सव में दोबारा दुकानें लगाने से तौबा कर ली है।

आगरा से रेडीमेड शर्ट की दुकान लेकर आए योगेन्द्र ने बताया कि मेले में 35 हजार की शर्ट की बिक्री की है जबकि 41हजार रुपए दुकान लगाने का किराया देना पड़ा है।इसी प्रकार वाराणसी के दुकानदार दीपक गुप्ता ने अचार मुरब्बा की दुकान लगाई उनकी बिक्री हुई 12 हजार की और दुकान का भाड़ा लिया गया 15 हजार रुपए।मेरठ निवासी महेंद्र ने महोत्सव में पर्स की दुकान लगाई थी।उनकी बिक्री कुल छह हजार रुपए की हुई,जबकि दुकान का भाड़ा 15 हजार रुपए देना पड़ा। महेंद्र ने कहा कि घर से मंगाकर भाड़ा चुकता किया।

# जल जीवन मिशन जन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद में मां दुर्गा शिक्षा सेवा संस्थान द्वारा अधिशासी अभियंता जल निगम सूरज वर्मा के मार्गदर्शन में एवं सहायक अभियंता पवन कुमार के कुशल नेतृत्व में जनपद के विकास खंड बसखारी के ग्राम पंचायत - अजमेरी बादशाहपुर तथा रामपुर बेनीपुर में जल जीवन मिशन **हर घर जल** परियोजना के अंतर्गत विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम में जन जागरूकता कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए संस्था के प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर देवीदीन द्वारा सभा को संबोधित करते हुए यह बताया गया कि सरकार के द्वारा प्रत्येक परिवार को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल से संतृप्त किए जाने हेतु सरकार पूरी तरह से दृढ़ संकल्पित है साथ ही ग्राम पंचायत से लोगों को परियोजना के निर्माण एवं संचालन में तथा कनेक्शन लेने हेतु सभी को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने हेतु निवेदन किया तथा सभी को अपनी जिम्मेदारी हेतु जागरूक किया।

# सड़क निर्माण में अनियमितता से ग्रामीणों में रोष

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के जलालपुर तहसील क्षेत्र के हजपुरा बाजार से रसूलपुर बाकरगंज होते हुए कालेपुर महुवल तक सड़क की मरम्मत का कार्य लोकनिर्माण विभाग के प्रान्तीय खंड द्वारा किया जा रहा है इस समय रसूलपुर बाकरगंज के निकट कांदीपुर सरहद पर सड़क मरम्मत कार्य किया जा रहा है।सड़क मरम्मत को लेकर बरती जा रही अनियमितताओं के चलते ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणो का आरोप है कि सड़क बिना ठीक से सफाई किए ही धूल-मिट्टी के ऊपर ही ठेकेदार द्वारा गिट्टी डाला जा रहा है जो रगडने पर तुरंत उखड़ जा रहा है वहीं बाबा बिरेन्द्र दास त्यागी ने कहा सड़क पर प्रतिदिन लगभग हजारों लोग यात्रा करते है और सड़क पर उन्हें और उनके अपनों को चलना है जबकि अधिकारी और ठेकेदार तो अपना काम निपटा कर चलते बनेंगे। यह सड़क हजपुरा, कजपुरा, रसूलपुर बाकरगंज, दरगाह शाह रमजान, छितौनी, हरिपालपुर से होते हुए मालीपुर तथा शाहगंज को जोड़ती है। सड़क निर्माण में बरती जा रही अनियमितताओं के चलते कुछ समय बाद ही टूट जाएगी, इससे लोगों को सड़क हादसों का शिकार होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रशासन के उच्च अधिकारियों को इस तरफ ध्यान देना चाहिए।

वहीं इस बारे में सहायक अभियंता अजय कुमार जायसवाल से बात कि गई तो उन्होंने ने बताया कि मामला संज्ञान में है जांच कि जा रही है अनियमितता पाए जाने पर करवाईं सुनिश्चित की जाएगी।

# अपर जिलाधिकारी ने धान क्रय केंद्र नवीन मंडी सिझौली का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर



जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी सदानंद गुप्ता ने उप जिलाधिकारी सदर पवन जायसवाल, अपर उपजिलाधिकारी मोहनलाल गुप्ता, नायब तहसीलदार अनुराग सिंह के साथ नवीन मंडी परिसर सिझौली का औचक निरीक्षण किया

निरीक्षण के दौरान यहां पर मंडी समिति, पीसीएफ, मार्केटिंग, एफसीआई, एफपीओ के कुल 14 केंद्र संचालित पाए गए। इस दौरान एफपीओ सहित सभी केंद्रों के आवश्यक अभिलेखों का अवलोकन किया गया, जिसमें एफपीओ नीरज एग्रो बायो एनर्जी फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के अभिलेखों में 1 जनवरी से 8 जनवरी तक प्रतिदिन 400 से 550 कुंटल के बीच धान खरीद पाई गई जबकि 9 जनवरी को सायं तक निरीक्षण में कुल 225 कुंटल की ही खरीद की गई। खरीद में अधिक अंतर देखते हुए अपर जिलाधिकारी द्वारा तत्काल खरीद रोकने व इनके सत्यापन के निर्देश दिए गए। एफपीओ का धान खरीद का कुल लक्ष्य 10,000 कुंटल है, जिसमें से अब तक इनके द्वारा 8,140 कुंटल की खरीद की जा चुकी है। अन्य केंद्रों पर धान खरीद ठीक पाई गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि धान खरीद के 72 घंटे के अंदर किसानों का भुगतान किया जाए, उपलब्ध धान संबंधित राइस मिलर्स को ससमय में डिस्पैच किया जाए। मौसम के दृष्टिगत इसे भीगने से बचाने की आवश्यक उपाय एवं तौल के दौरान आए हुए किसानों के बैठने, पीने हेतु गर्म पानी व ठंड को देखते हुए अलाव सहित अन्य आवश्यक सेवाओं को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। अपर जिलाधिकारी द्वारा सभी केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि समय से क्रय केंद्रों को खोलते हुए किसानों के धान को नियमित खरीदा जाए, किसानों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए, जिससे शासन के मंशा के अनुरूप धान खरीद के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

# विश्वविद्यालय के लिए जमीन दे कर पूर्व सांसद ने दिया था बड़ा योगदानः लालचंद

- स्वर्गीय अर्जुन सिंह की जयंती पर प्रतियोगिताओ का आयोजन
- गुलाबी देवी पीजी कॉलेज सिद्दीकपुर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जैसे बड़े शिक्षण संस्थान के लिए पूर्व सांसद स्व. अर्जुन सिंह यादव ने जमीन दान कर बड़ा योगदान दिया था, ग्रामीण क्षेत्रों में कई बड़े शिक्षण संस्थान की स्थापना कर शिक्षा की अलख जगाई। वह सादगी समाज सेवा सरलता के प्रतीक थे। समाज सेवा के लिए बड़ी प्रतिपूर्ति थे।

उक्त बातें प्रबंधक सपा के वरिष्ठ नेता लालचंद यादव लाले ने कहीं, उन्होंने कहा कि वह हमेशा दूसरों के भलाई के लिए ही जिए थे, राजनीति में भी रहकर उन्होंने निर्दल विधायक सांसद बनकर जनसेवा की। प्राचार्य डॉ रमाशंकर सिंह ने कहा कि उन्हें सरकार मे मंत्री जैसे पदों का लालच दिया गया लेकिन वह जनता के बीच बने रहने के लिए ठुकरा दिए थे। उनकी जयंती पर हम हिंदुस्तानी ट्रस्ट व जय किसान आंदोलन के संयुक्त तत्वाधान में गुलाबी देवी महाविद्यालय सिद्दीकपुर में भूतपूर्व सांसद स्वर्गीय अर्जुन सिंह यादव की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ.अश्विनी कुमार ने उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। इस दौरान पोस्टर भाषण समेत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

पोस्टर प्रतियोगिता में पहले स्थान पर किरण कश्यप, द्वितीय स्थान पर किरन बिन्द तथा तीसरे स्थान पर कंचन यादव रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम आस्तिक कुमार, दूसरे पर करीना कुमारी, तीसरे पर मनीष यादव रहे। क्विज प्रतियोगिता में पहले पर आस्तिक, दूसरे पर शिल्पा तथा तीसरे पर मौसम गुप्ता रही। अध्यक्षता कर रहे हैं संयोजक अश्वनी कुमार ने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षा संस्थान के लिए उन्होंने जमीन दिया लेकिन आज तक उनके नाम का कोई कैंपस नहीं है यह बड़े दुखद है इसकी मांग कुलपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री से भी होना चाहिए कि उनके नाम किसी एक फैकल्टी का नाम किया जाए। विजेताओ को लालचंद यादव लाले, प्राचार्य डॉ.रमाशंकर, डॉ.अमित यादव संतोष कुमार ने मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर डॉ.पंकज कुमार, रंजीत, प्रवेश कुमार यादव, अमन कश्यप, संत बहाल प्रजापति, एडवोकेट मानसिंह, प्रवेश सचिन कश्यप, रोशन, विष्णु यादव मौजूद रहे।

## एनसीसी छात्र-छात्राओं का टीडी इंटर कॉलेज में हुआ सम्मान



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

वीरता द यूथ पावर ऑफ इंडिया के अंतर्गत 5 UP एनसीसी बटालियन के ओर से सोमवार को मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज में एनसीसी की ऑल इंडिया बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता हुई जिसमें कई राज्यों के एनसीसी कैडेटो ने प्रतिभाग किया था। तिलकधारी सिंह इंटर कॉलेज जौनपुर के कैडेट दिव्यांशू ने जूनियर डिवीजन में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान तथा 3100 रुपये का चेक प्राप्त किया और विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन किया साथ ही इशिका सिंह और समृद्धि श्रीवास्तव को क्रमशः द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कॉलेज की छात्रा पूजा मौर्य ने राष्ट्रीय स्तर पर ताइक्वांडो प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया था इन छात्र तथा छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.सत्य प्रकाश सिंह ने माला पहनाकर एवं प्रति छात्र 1000 रुपये तथा मेडल देकर स्वागत किया।

एनसीसी प्रतियोगिता का निर्देशन सूबेदार मेजर वाई.बी. बस्नेत एवं विद्यालय के एनसीसी अधिकारियों द्वारा किया गया उक्त सम्मान कार्यक्रम में कपिल देव सिंह, राजेश कुमार सिंह, पूर्व एनसीसी अधिकारी कैप्टन रमेश चंद्र सिंह, लेफ्टिनेंट राकेश कुमार, सीटीओ कुंवर विभूति विक्रम सिंह, अभिषेक सिंह, श्री राजीव सिंह आदि विद्यालय के स्टाफ उपस्थित रहे।

## राजेश के घर पहुँच विधायक ने दी सांत्वना



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**सिंगरामऊ।** बदलापुर विधानसभा क्षेत्र के बछुआर गाँव निवासी राजेश मिश्र के भाग्य दिनों दुखद निधन पर क्षेत्रीय विधायक रमेशचन्द्र मिश्र ने शोक संवेदना व्यक्त करके परिवार जनों को ढांढस बंधाया। दुख की इस घड़ी में मृतक के स्वजनों को हर तरह की सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।

वहां मौके पर मौजूद एसडीएम बदलापुर अर्चना ओझा, सीओ अरविंद वर्मा, बीडीओ बदलापुर, थानाध्यक्ष तरुण श्रीवास्तव को परिवार को न्याय दिलाने और परिवार को हरसंभव सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। वहां पर रमेश मिश्रा, अशोक मिश्रा, राम मिलन मिश्रा, आदिनाथ मिश्र, दयाशंकर मिश्र सहित गाँव के लोग मौजूद रहे।

## विधायक ने बेरोजगारों को बांटा नियुक्ति पत्र




जन एक्सप्रेस । जौनपुर

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजनांतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन आई.टी.आई एवं सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विकास खण्ड बदलापुर कार्यालय परिसर में आयोजित विकास खंड स्तरीय रोजगार मेले में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक बदलापुर रमेश चंद्र मिश्र ने बतौर मुख्य अतिथि अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया। इस मौके पर जिला सेवायोजन अधिकारी शशिकांत सरोज, बीडीओ धर्मेंद्र द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष शनि शुक्ला, एडीओ पंचायत राम अवध, प्रधान गण राकेश तिवारी, धनंजय सिंह, पिंटू सिंह, प्रकाश सिंह, अशोक कुमार मौर्य, दुर्गेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# शीत लहर और हाड़ कंपाती ठंड से ट्रांस क्षेत्र बेहाल

- ग्रामीणों ने अलाव जलवाने की प्रशासन से किया मांग
- गरीबों को नहीं बटे कंबल कांप रही गरीबी

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

**एक गांव में एक कंबल बांट तहसील प्रशासन ने किया इतिश्री**

पूरनपुर तहसील के ट्रांस शारदा एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के जरुरतमंदों को तहसील प्रशासन के द्वारा लगभग बीस दिन पहले एक गांव में मात्र एक कंबल का वितरण कर इतिश्री कर लिया गया। जरुरतमंदों को कंबलों का वितरण नहीं किया गया है। ट्रांस क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के गरीबों ने जिला एवं तहसील प्रशासन से कंबल वितरण करने की मांग की है। प्रशासन के द्वारा पर्याप्त कंबल वितरण नहीं करने पर गरीब ग्रामीणों में वही प्रशासन के खिलाफ आक्रोश भी देखा जा रहा है।

> ट्रांस शारदा क्षेत्र(हजारा क्षेत्र) में शीतलहर के मद्देनजर अलाव जलवाने की व्यवस्था शीघ्र कराई जाएगी। कबीरगंज,नेहरु नगर व भुरजुनिया में अलाव जलवा दिए गए है।कंबलों का वितरण कराया गया था। शेष गरीबों को भी शीघ्र कंबलों का वितरण कराया जाएगा।
>
> –हबीब उर रहमान, तहसीलदार पूरनपुर।

**हजारा।** शीत लहर और हाड़ कपाती ठंड के साथ बर्फीली हवाएं चलने से ट्रांस शारदा क्षेत्र के ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वही प्रशासन की तरफ से ठंड से बचाव के लिए अलाव नहीं जलवाए गए है।जिस कारण ग्रामीण ठिठुरते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों ने तहसील प्रशासन से अलाव जलवाने की मांग की है।

शीत लहर और ठंडी बर्फीली हवाएं चलने से ट्रांस शारदा क्षेत्र में इन दिनों हाड़ कपाती ठंड पड़ रही है। धूप न निकलने के कारण ठंड और बेहाल कर रही है। थाना पर आने वाले फरियादी, बैंक पर पहुंचने वाले खाताधारक, अस्पताल पहुंचने वाले मरीज और तीमरदार, बस अड्डा, चौराहा, सार्वजनिक स्थान, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा के सार्वजनिक स्थान पर पहुंचने वाले ग्रामीण ठंड की वजह से ठिठुरते हुए नजर आते हैं। मगर तहसील प्रशासन के द्वारा ट्रांस शारदा क्षेत्र में एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में कहीं भी अलाव नहीं जलवाया गया है। जबकि शासन का निर्देश है कि क्षेत्र के सभी सार्वजनिक स्थानों और जहां जनता का आवागमन और भीड़भाड़ वाले स्थान हैं वहां अलाव जलवाया जाए। रेन बसेरा की व्यवस्था की जाए मगर तहसील प्रशासन की उदासीनता के चलते ट्रांस शारदा क्षेत्र एवं नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में कहीं भी अलाव नहीं जलवाया गया है। पूर्व बीडीसी शशिकला शर्मा, राजेश कुमार, परवेज खान, सुल्तान हसन गाजी, हरिश्चन्द्र निषाद, श्रीकिशन सहित अन्य दर्जनों लोगों ने तहसील प्रशासन से क्षेत्र में अलाव जलवाने की मांग की है।

## दीवानी न्यायालय में अधिवक्ता पर जानलेवा हमले के विरोध में तहसील में नारेबाजी व प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**मछलीशहर।** दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता पवन कुमार के ऊपर मंगलवार शाम को हुए जानलेवा हमले के विरोध में तहसील अधिवक्ताओं में आक्रोश है। बुधवार को तहसील अधिवक्ताओं ने तहसील में नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और अभियुक्तों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग किया। अधिवक्ताओं ने सर्व सम्मति से सम्पूर्ण न्यायालयों में न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदम्बा प्रसाद मिश्र, महामंत्री वेद प्रकाश श्रीवास्तव, वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिन्हा, अशोक श्रीवास्तव, आर पी सिंह, सरजू प्रसाद बिंद, जितेंद्र श्रीवास्तव, अवनींद्र दुबे, विकास यादव, कुंवर भारत सिंह, अशोक तिवारी, राज बहादुर मिश्र, हरी लाल, राम स्वारथ तिवारी सहित भारी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### फेसबुक पर प्रधानमंत्री का आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने के आरोपी को पुलिस ने किया चालान

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। जिले के गौराबादशाहपुर पुलिस ने फेसबुक पर भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वीडियो को एडिट कर आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करते हुए फेसबुक पर पोस्ट करने के आरोपित को शांतिभंग की आशंका में 151 में जेल भेज कर अपने कर्तव्य की इति श्री कर ली जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है। धर्मपुर मंडल के मीडिया संयोजक अजीत यादव ने गौराबादशाहपुर थाने में तहरीर देकर रसूलपुर ओझयनिया निवासी विवेक पाल पर आरोप लगाया है कि उसने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसद में दिए जा रहे भाषण के वीडियो को एडिट कर आपत्तिजनक भाषा में एडिट करके फेसबुक पर तीन दिन पूर्व प्रसारित कर दिया। जब उन्होंने वीडियो देखा तो इस मामले में गौराबादशाहपुर पुलिस को आरोपित के विरुद्ध तहरीर दी। आरोप है कि गौराबादशाहपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज न कर वीडियो प्रसारित करने के आरोपित को शांति भंग की आशंका में जेल भेज कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली। इस संदर्भ में जानकारी लेने के लिए गौराबादशाहपुर थाना अध्यक्ष विनय कुमार मिश्रा के सीयूजी नंबर पर दिनभर फोन करने का प्रयास किया जाता रहा परंतु उनका नंबर हमेशा नॉट रीचेबल ही आता रहा।

### इलाज के दौरान वृद्ध की मौत

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। मुफ्तीगंज। गौराबादशाह पुर थाना के रामपुर ग्राम पंचायत के चकिया गांव के करिया हरिजन 72 वर्ष की इलाज के दौरान बुद्धवार की भोर में मौत हो गयी बता दे कि रविवार को बाइक से एक्सीडेन्ट हुआ था जिससे करिया का बाया पैर टूट गया था सर में गम्भीर चोट आयी थी परिवार वालो ने 108 एम्बूलेंस से सीएचसी मुफ्तीगंज ले गये थे डाक्टरो ने हालत नाजुक देखते हुए जिलिचिकित्सालय रेफर कर दिए जिलाचिकित्सालय में इलाज चल रहा था मंगलवार के शाम डॉक्टरो ने हालत बिगड़ती देख बीएचयू के लिए रेफर कर दिया परिवार वालो ने बीएचयू न ले जाकर शाम को एम्बुलेंस से घर ले कर चले आये जहां भोर में मृत्यु हो गयी।

### ईवीएम प्रशिक्षण का उपजिलाधिकारी ने किया उद्घाटन



जन एक्सप्रेस । जौनपुर। मछलीशहर। तहसील परिसर में ई वी एम मशीन की विश्वनीयता के लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। आगामी लोक सभा चुनाव किए मतदान का डेमो दिखाया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने बटन दबाकर पहला मत देकर किया। इसके बाद भारी संख्या में अधिवक्ता व वादकारी ई वी एम मशीन से मतदान कर ई वी एम की विश्वनीयता परखी।

### उपले तोड़ने को मना करने पर हरिजन महिला को पीटा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। बरखेड़ा। जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव कोकिला में उपले तोड़ने की शिकायत करने गई हरिजन महिला धन देवी ग्राम कोकिला गांव के ही शांति देवी के पास गई तभी शांति देवी ने धन देवी को पीटना शुरू कर दिया तथा ईट से सर पर प्रहार किया जिससे पीड़िता सिर फट गया पास में खड़े पातीराम व देवदत्त को भी बुला लिया इन लोगों ने मुझे जाति सूचक शब्दों के साथ गालिया देनी शुरू कर मारपीट करने लगे थाना प्रभारी मृदुल कांत शुक्ला ने बताया है कि शांति देवी पाती राम एवं देवदत्त निवासी कोकिला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है मामले की जांच की जाएगी।

### अल्ट्रासाउंड न एक्स-रे, मरीज परेशान

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। कलीनगर। माधोटांडा सीएचसी की स्वास्थ्य सेवाएं तमाम दावों के बाद भी पटरी पर नहीं आ पा रही हैं। सीमित स्टाफ के सहारे महज खांसी, जुकाम और बुखार की दवाएं दी जा रही हैं। अल्ट्रासाउंड से लेकर एक्स-रे तक की सुविधा न होने से गंभीर मरीजों को रेफर किया जा रहा है। माधोटांडा सीएचसी का सात करोड़ की लागत से वर्ष 2016 में भवन निर्माण कराया गया। भवन तैयार होने के बाद अस्पताल को शिफ्ट भी कर दिया गया, लेकिन सीएचसी में मानक के अनुसार स्टाफ और व्यवस्थाओं को दुरुस्त नहीं किया जा सका। व्यवस्थाओं की बात की जाए तो सीएचसी में एक चिकित्सक तैनात हैं। वह भी पोस्टमार्टम समेत अन्य ड्यूटी के चलते सप्ताह में तीन दिन ही आते हैं। इसके अलावा एक फार्मासिस्ट भी है। खून की जांच के लिए पूरनपुर सीएचसी के लैब टेक्नीशियन ही जिम्मेदार निभाते हैं। एक मात्र सीएचसी होने से 30 से अधिक गांव के लोग अस्पताल पहुंचते हैं। बुखार सर्दी, जुकाम, खुजली जैसे सामान्य समस्याओं से संबंधित दवा दे दी जाती है।

### घर-घर जाकर बांटे पूजित अक्षत, राम मंदिर का चित्र और पत्रक

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के दौरान 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के बालरूप को विराजित किया जाएगा। इस पल को ऐतिहासिक बनाने के लिए विभिन्न टोलियां इन दिनों लगी हुई हैं। पूजित अक्षत, पत्रक और राम मंदिर का चित्र घर घर पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। पूजित अक्षत, पत्रक एवं राम मंदिर का चित्र देकर लोगों से आग्रह किया जा रहा है कि 22 जनवरी को दिवाली मनाएं। प्राण प्रतिष्ठा के दिन सुबह 11 से दोपहर एक बजे के बीच समस्त राम भक्त भजन कीर्तन करें। अयोध्या का प्राण प्रतिष्ठा समारोह एलईडी स्क्रीन लगाकर देखें। साथ ही साथ अपनी इच्छा अनुसार राम नाम का 108 बार जाप करने, भगवान श्री राम की आरती सपरिवार करने अंत में प्रसाद वितरण कर प्रत्येक मंदिर एवं घरों के बाहर दीप जलाकर दीपोत्सव मानने का आह्वान किया गया। बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर सघ कार्यवाह प्रदीप नवरंग, भाजपा नगर उपाध्यक्ष अमरीश शर्मा, अंकुर मिश्रा आदि ने वार्ड नं.-18 में घर घर दस्तक देकर पूजित अक्षत, पत्रक और राम मंदिर का चित्र भेंट किया। और कहा कि दीपावली जैसा उत्सव मनाएंगे।

# लोहे का गाटर गिरने से गंभीर घायल मजदूर की मौत

- स्वजनों ने लोहा कारोबारी पर लगाया गाटर डालने का आरोप
- मृतक के साले का आरोप, सीएचसी में शव को छोड़कर फरार हो गया लोहा कारोबारी

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



> घटना की जानकारी पर पुलिस को मौके पर भेजा गया था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।स्वजनों की ओर तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> –प्रवीण कुमार, इंस्पेक्टर कोतवाली पूरनपुर।

ट्रक से लोहा उतारने के दौरान मजदूर गाटर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी में चिकित्सकों ने मजदूर को मृत घोषित कर दिया।घटना की जानकारी पर सीएचसी पंहुचे स्वजनों ने लोहा कारोबारी पर आरोप लगाकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव मुजफ्फरनगर निवासी मुकेश भारती (40) नगर के एलआईसी तिराहे डिवाइडर के पास एक लोहा कारोबारी की दुकान पर काम करता था। मृतक के साले निलेश कुमार ने बताया कि बुधवार सुबह लोहा कारोबारी ने रुपए देने के बहाने बहनोई दुकान पर बुला लिया। दुकान पर काम कराने के बहाने लोहे का गाटर गिरा दिया।आनन फानन में गंभीर रूप से घायल मजदूर को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया।

निजी चिकित्सा के मना करने के बाद मजदूर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। स्वजनों का आरोप है कि घटना की जानकारी उन्हें नहीं दी गई। सीएचसी में चिकित्सकों ने गंभीर घायल मजदूर को मृत घोषित कर दिया। आरोप है कि स्वजनों के पहुंचने से पहले ही लोहा कारोबारी मजदूर के शव को सीएचसी में छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी पर सीएचसी पहुंचे स्वजनो में में चीत्कार मच गया।

जानकारी पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के बाद गुस्साए स्वजन लोहा कारोबारी को सीएचसी बुलाने की जिद पर अड गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के दो पुत्र हैं। घटना के बाद से पत्नी व बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## ब्लॉक प्रमुख ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर किया अक्षत वितरण



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अंतर्गत आज मंगलवार को ग्राम कुकरी खिलाने पूजते अक्षत एवं पत्रक वितरण का कार्यक्रम किया गया। ललौरी खेड़ा ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह गंगवार ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर अक्षत वितरण किया और ग्रामीणों से 22 जनवरी को घर घर दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने मनाने की अपील की उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान राम की 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम ऐतिहासिक पर होगा जिसका हम सभी को साक्षी बनना है उन्होंने इस मौके पर घरों में रामायण और सुंदर पाठ आदि करने का भी आवाहन किया इस मौके पर सहकारी बैंक के उपसभापति पूरन लाल गंगवार सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं ग्राम प्रधान शामिल रहें।

# बिजली का बकाया चुकता करने में उपभोक्ता नहीं ले रहे दिलचस्पी

- ओटीएस की तारीख बढ़ने के बाद से कम हो गई उपभोक्ताओं की भीड़
- पूरनपुर डिवीजन के 84276 में अब तक 18014 लोगों ने ही लिया योजना का लाभ

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

**163 उपभोक्ताओं पर बकाया है करोड़ो रुपया**

डिवीजन क्षेत्र के बड़े बकाएदारों को पहले ही चिन्हित कर लिया गया है। एक्सईएन ने बताया कि 50 हजार से ऊपर का बिजली बकाया वाले 5506 उपभोक्ता हैं। इनमें 1471 ने अभी तक बकाया चुकता नहीं किया है। इनके अलावा 163 ऐसे उपभोक्ता हैं जिनपर एक-एक लाख से अधिक रुपए का बिजली बिल बकाया है। एकमुश्त समाधान योजना के समापन के अगले दिन से ही डिवीजन क्षेत्र में अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत बकायादारों से बिजली बिल जमा कराया जाएगा। चुकता न करने पर उनके घर और दुकान का बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर में भी 20 हजार से अधिक रुपए का बिजली बिल बकाया रखने वाले उपभोक्ताओं को नोटिस जारी किए गए हैं।

एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) की तिथि बढ़ाकर 16 जनवरी कर दी गई लेकिन उपभोक्ता बकाया चुकता करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। वह बकाया बिल जमा करने के लिए दफ्तर में नहीं पहुंच रहे हैं। जबकि 31 दिसंबर तक उपभोक्ताओं की कतारें लग रही थीं लेकिन इस वक्त काउंटर सूने पड़े रहते हैं। विभागीय अधिकारियों का मानना है कि इस माह के बिल जनरेट हो रहे हैं। इस बजह से भीड़ कम है जो एक-दो दिन में बढ़ जाएगी। बिजली का बकाया चुकता करने में उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से एक मुश्त समाधान योजना आठ नबंवर से लागू की जो 31 दिसंबर तक लागू की गई थी।

इसके बाद इस योजना की तारीख बढाकर 16 जनवरी कर दी गई। योजना के इसके तहत उपभोक्ताओं को वन टाइम और किश्तों में बिल जमा करने पर योजना का लाभ दिया जा रहा है। विभाग की तरफ से भी बकाया बिलों की वसूली के लिए बकाएदारों के पंजीकरण पर बेहद जोर दिया जा रहा है। ताकि उपभोक्ताओं से बिलों को किस्तों और एकमुश्त जमा कराया जा सके। पूरनपुर डिवीजन क्षेत्र के प्रत्येक बिजली उपकेंद्र के जेई द्वारा गांव-गांव में कैंप लगवाए जा रहे हैं। हालांकि 31 दिसंबर तक डिवीजन कार्यालय पर बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं की भीड़ उमड़ी। इसके बाद योजना की तिथि बढ़ते ही यह भीड़ कम हो गई। आलम यह है कि इस वक्त कार्यालय पर नाम मात्र के लोग ही भुगतान करने के लिए पहुंच रहे हैं। खास बात तो यह है कि डिवीजन क्षेत्र में 84276 उपभोक्ताओं से बकाया वसूली की जानी है लेकिन अब तक मात्र 18014 लोगों ने ही ओटीएस योजना का लाभ लिया है। ऐसे में कहा जा सकता है कि योजना का लाभ लेने में भी उपभोक्ता खास दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। हालांकि विभागीय अधिकारियों द्वारा योजाना खत्म होते ही अगले दिन से बकाएदारों के खिलाफ डिस्कनेक्शन अभियान चलाने की तैयारी कर ली गई है।

## तीन हजार से अधिक घरों को मिलेगा स्वच्छ जल

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पुनर्गठन पेयजल योजना (अमृत 2.0) के तहत शहर के सात वार्डों को जोन चार में शामिल किया गया है। इन मोहल्लों के 3133 घरों में शुद्ध जलापूर्ति के लिए ओवरहैंड टैंक का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। पानी पहुंचाने के लिए 25 किलोमीटर की पाइपलाइन डाली जाएगी और पुरानी लाइन को भी बदला जाएगा। अमृत योजना के तहत पहले चरण में वर्ष 2019 में जल निगम की ओर से शहर में काम कराते हुए 11 हजार घरों में कनेक्शन देकर जलापूर्ति शुरू की गई थी। इसके साथ ही 12 हजार घरों में पहले से ही कनेक्शन था।

### 22 जनवरी को आप सभी अपने-अपने घरों पर दीप जलाकर दिवाली मनाएं: डॉक्टर आस्था अग्रवाल



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। राम जन्मभूमि कार्यक्रम के कार्यकर्ताओं के द्वारा बीसलपुर के ग्राम बेनीपुर में एक सभा का आयोजन कर ग्रामीणों से 22 जनवरी को राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान घरों में धूमधाम से मनाने की अपील की गई। मुख्य अतिथि पीलीभीत की नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का सपना 500 वर्षों बाद पूरा होने जा रहा है। पूरे देश में खुशी का माहौल है। इस महापर्व पर हम सभी को घर-घर में दीप उत्सव मनाना चाहिए। उन्होंने सभी से विजय मंत्र श्री राम जय राम जय जय राम का जाप कराया, राम मन्दिर, अयोध्या वहां हुए आहुत हुए राम भक्तो के विषय में बताते हुए ग्राम वासियों से घर-घर दीपक जलाने व घरों को अयोध्या जैसा सजाने की अपील की। इसके उपरांत सभा को संबोधित करते हुए विभाग सह संपर्क प्रमुख एवं जय नारायण इंटर कॉलेज बरेली के प्रधानाचार्य डा0 रवि शरण सिंह चौहान, विभाग सह संपर्क प्रमुख एवं प्रधानाचार्य जय नारायण इंटर कॉलेज बरेली ने 22 जनवरी को पूजा, अर्चना, रात्रि को दीपक जलाने का सभी से आग्रह किया। मुख्य वक्ता विश्व हिन्दू परिषद् के अध्यक्ष श्रीकृष्ण ने कहा 550 वर्षों बाद हमारे आराध्य श्री राम जी अद्वितीय राम मंदिर में प्रतिष्ठित हो रहे है। आज पूरा राष्ट्र सनातन धर्म के विराट स्वरूप से परिचित हो रहा है और सभा के उपरांत घर घर जाकर अक्षत वितरित किए गए। इस मौके पर बालाजी गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य अर्चना चौहान, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह विभाग कारवां भद्रपाल गंगवार, योग प्रमुख रघुवंश तिवारी, महिपाल सिंह, शशि सौरभ, धर्मपाल, हरीशंकर आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक मनोज गुप्ता ने मोहल्ला दुबे में घर-घर अक्षत वितरित किए।

# बैंक में सांड घुसने से मची अफरा-तफरी

**✻ शहर के शाहगंज स्थित एसबीआई शाखा का मामला**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

शहर के बड़ा चौराहा स्थित स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में एक सांड घुस जाने से खाता धारकों व बैंक कर्मियों में अफरा तफरी मच गई। घटना के वक्त सिक्योरिटी गार्ड गेट पर नहीं था। बाद में डंडा लेकर पहुंचे गार्ड ने सांड को खदेड़ कर बाहर निकाला तब सभी ने राहत की सांस ली।



दरअसल, शहर के शाहगंज स्थित एसबीआई की मुख्य शाखा के बाहर दोपहर तकरीबन 12 बजे दो सांड आपस में लड़ रहे थे। जिनमें कमजोर पड़ा एक सांड़ बैंक के अंदर घुस गया। इस दौरान बैंक का सिक्योरिटी गार्ड गेट पर नहीं था। सांड़ के घुसने से बैंक में मौजूद ग्राहकों व कर्मचारियों में अफरातफरी मच गई और ग्राहक इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान पहुंचे सिक्योरिटी गार्ड ने उसे भगाया। बैंक के शाखा प्रबंधक ने गौरव सिंह ने बताया कि घुसते ही सांड़ को भगा दिया गया था। किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। बैंक में सांड घुसने से मची अफरा तफरी का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। जिस पर लोग तरह तरह की टिप्पणी भी कर रहे हैं।

## सड़क किनारे खड़े लोगों को टक्कर मारने के बाद कार खंती में पलटी

**✻ किशोरी की मौत, चारों घायल जिला अस्पताल रेफर**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

रायबरेली हाईवे पर बिहार थाना अंतर्गत तकिया मेला के सामने अनियंत्रित तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से एक किशोरी की मौत हो गई वही चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। मृतका का शव पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला भेज दिया है। थाना बिहार के अंतर्गत चौकी पाटन से एक किलोमीटर दूर रायबरेली नेशनल हाईवे पर तकिया मेला के सामने रायबरेली की ओर जा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित कार पांच लोगों को टक्कर मार दी। घायलों में ग्राम गजपति खेड़ा थाना सरेनी जिला रायबरेली से मेला देखने आए निजामुद्दीन व उसकी बेटी आसिफा खातून (7), निजामुद्दीन की पत्नी अलिमुन निशा, किदवई नगर निवासी निहाल पुत्र चंद्र मोहन व चंद्र मोहन राम भारती शामिल रहे। कार सड़क किनारे खड़े इन सभी को टक्कर मारते हुए खंती में जा गिरी। पुलिस ने घायलों को सीएचसी पाटन पहुंचाया। जहां डाक्टर ने aasifa खातून को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों को डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की सूचना से मृतका व घायलों के परिजनों में कोहराम मच गया है।



## पांच थाना प्रभारियों समेत नौ उप निरीक्षक इधर से उधर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

एसपी ने कानून व्यवस्था चाक चौबंद रखने के इरादे से पांच थाना प्रभारियों समेत उप निरीक्षकों को इधर से उधर किया है। एसपी सिद्धार्थ मीना शंकर ने जनपद की कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने के इरादे से पांच थाना प्रभारी निरीक्षको समेत नौ उप निरीक्षको के कार्य क्षेत्र में फेरबदल किया है। जारी की गई तबादला सूची में गंगाघाट कोतवाल राजकुमार को बांगरमऊ कोतवाली की जिम्मेदारी सौंपी गई है, बांगरमऊ कोतवाल रहे ज्ञानेंद्र सिंह को आसीवन थाना प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक रामफल प्रजापति को गंगाघाट कोतवाल बनाया गया है। मीडिया सेल में तैनात निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह को पुरवा कोतवाली का प्रभार सौंपा गया है। असोहा थाना प्रभारी रहे ज्ञानेंद्र कुमार को अतिरिक्त निरीक्षक साइबर थाना बनाया गया है। उप निरीक्षक राज बहादुर को साइबर थाना से थाना प्रभारी असोहा, पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक संजीव कुमार कुशवाहा को थाना प्रभारी अचलगंज, आसीवन थाना प्रभारी रहे संदीप कुमार मिश्रा को थाना प्रभारी माखी तथा माखी थाना प्रभारी वीर बहादुर सिंह को साइबर थाने में तैनात भेजा गया है।

# बिल्हौर में टीटीएस क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज कोतवाल ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**✻ गंभीरपुर और कल्याणपुर टीम ने दर्ज कराई जीत**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील कस्बे में बीआईसी के खेल मैदान पर शुरू हुए टीटीएस क्रिकेट टूर्नामेंट का बुधवार को कोतवाल सुरेंद्र सिंह ,कस्बा इंचार्ज कमल सिंह और बरंडा जिला पंचायत सदस्य महमूद अली, जिलाध्यक्ष सलमान ने फीता काटकर और पहली गेंद खेलकर उद्घाटन किया तथा खिलाड़ियों से परिचय कर उनका उत्साहवर्धन किया। थाना थाना अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद में बताया खेल हमें संदेश देता है कि आपस में मिलजुल कर खेलना चाहिए जिससे खिलाड़ी और क्षेत्र का नाम होता है जिला पंचायत सदस्य बरंडा महमूद अली ने अपने भाषण में कहा जिस क्षेत्र में खिलाड़ी खेल कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करते हैं और खिलाड़ियों के बीच भाईचारे से रहते हैं वह खिलाड़ी देश और प्रदेश में भी नाम रोशन करते हैं। खिलाड़ियों का हम उत्साह वर्धन करने जरूर जाते हैं और उनका किसी ने किसी तरह से सहयोग करते रहते हैं। प्रथम पर दिवस पर पहला मैच नानामऊ और गंभीरपुर गांव की टीमों के बीच खेला गया। नानामऊ ने टास जीत कर पहले गंभीरपुर की टीम को बैटिंग के लिए आमंत्रित किया और उन्होंने तेज बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर के मैच में 117 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में खेलने उतरी नानामऊ की टीम 10 ओवर में मात्र 82 रन बनाकर मैच को 35 रनों से हार गई। मैच में गंभीरपुर के खिलाड़ी रामू को मैन आफ द मैच चुना गया। वहीं दूसरा मैच असालतगंज और कल्याणपुर के मध्य खेला गया। 12 ओवर के इस मैच में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कल्याणपुर की टीम ने 122 रन बनाए और जवाब में खेलने उतरी असालतगंज की टीम 98 रनों पर ऑल आउट हो गई। इस तरह दूसरा मुकाबला कल्याणपुर में 24 रनों से जीत लिया और टीम के हार्दिक को मैन ऑफ द मैच चुना गया। बाउंड्री लाइन के बाहर जाती गेंदों पर और विकेट गिरने पर दर्शक खिलाड़ियों का ताली बजा कर उत्साह वर्धन करते रहे।



# बीआरसी कार्यालय में ईवीएम से वोट डलवाकर जनता को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर तहसील परिसर में बीआरसी कार्यालय के बरामदे में एक दर्जन से अधिक अधिकारी और कर्मचारियों ने ईवीएम मशीन से लोगों से वोट डलवाए और उनको प्रशिक्षित किया कि किस तरह से वोट डाला जाता है और क्या-क्या कठिनाइयां लोग करते हैं जिनको किस तरह से दूर किया जा सकता है और मशीन को खोलकर भी दिखाया गया कि कहीं पर भी कोई ना हो और स्क्रीन पर प्रिंट आउट भी दिखाया गया लेकिन प्रिंटआउट दिया नहीं गया बोले वह रिकॉर्ड में रखा जाता है जब दिखाने के लिए सब कुछ मशीन लगाई गई लेकिन प्रिंटआउट खोल कर देना और दिखाना दूर की बात रही है काफी अधिवक्ताओं ने उन कर्मचारियों से बहस भी करते रहे लेकिन उन्होंने कहा जो हमें अधिकार है सिर्फ वही हम कर सकते हैं प्रशिक्षण देने वाले के पीछे एक बैनर लगा हुआ था जिस पर ईबीएम एवं प्रदर्शन केंद्र प्रदर्शन एवं जागरूकता केंद्र, लोकसभा निर्वाचन सामान्य चुनाव 2024, 209 विधानसभा बिल्हौर लिखा हुआ था उन्होंने बताया कि लोकसभा के 2024 चुनाव की तैयारी चल रही है सुबह से बैठकर शाम तक सभी को मशीनों के बारे में बताया और वोट डलवा कर दिखाया किस तरह से बोट पड़ता है और क्या-क्या चीज देखनी चाहिए प्रमुख रूप से मौजूद रहे अधिकारी विशोक कुमार आरके निर्वाचन, देवेंद्र सिंह राजस्व निरीक्षक मालौ, राजेश कुमार द्विवेदी राजस्व निरीक्षक चौबेपुर, बीआरसी बिल्हौर से मौजूद स्टाफ में सौरभ राठौर, सुरेश रैना, सुनील कुमार, सिद्धार्थ शेखर मिश्रा आदि मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया लगभग 75 लोगों ने वोट डाले और जानकारियां हासिल की अधिकारियों ने बताया अब यह गांव-गांव में गाड़ी द्वारा लोगों को जागरूक किया जाएगा और वोट डालकर दिखाया भी जाएगा इसका भी कब से गाड़ी घूमेगी इसके बारे में उन्होंने बताया अभी कुछ डेट नहीं आई है जल्द आने वाली है।

# पुलिस कमिश्नर के बीट अधिकारी बनेंगे जन–जन की आवाज

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर को अपराध और अपराधियों से मुक्त करने के लिए नवागंतुक पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बीते दिन बुधवार को फिर से एक नयी पहल की शुरुआत की है,जन सेवा जन भागीदारी बीट पुलिस अधिकारी की जिम्मेदारी दी है। उन्होंने अपनी बीट पुलिस को एक विशेष जिम्मेदारी सौंपी है जिसमें शहर की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ व प्रभावी बनाने के लिए बीट पुलिस ऑफिसर को कार्य में लाया जायगा। पुलिस कमिश्नर ऑफिस सभागार में पुलिस आयुक्त ने पत्रकारों कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्तियो जैसे ठेले वाले ,पान की दुकान, गोलगप्पे बेचने वाले, रेहड़ी पटरी वालों से बातचीत की गयी। जिसमे ये देखा गया कि इनमें से कोई भी अपनी बीट पुलिस अधिकारी को नहीं जानता है, बीट पुलिस अधिकारी की इस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य बीट पुलिस अधिकारी को राजस्व विभाग के लेखपाल की तरह आम जनता के बीच सम्पूर्ण रूप से कार्यक्षम बनाना है और उसको उसी प्रकार का महत्वपूर्ण एवं विशिष्ट पहचान बनाकर फरियादियों की सुनवाई करनी होगी। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि सभी बीट पुलिस अधिकारी अपनी बीट पर जिम्मेदारी से कार्य करेंगे, इसके साथ ही इसका फीडबैक भी देंगे जिससे शहर की कानून व्यवस्था, अपराध, अतिक्रमण, ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हो सकेगा।



# ललित कला अकादमी के पूर्व छात्रों के सम्मेलन में सबने बांटे अपने अनुभव

**✻ साहित्य की रसधारा भी खूब बही पूर्व प्रशिक्षुओं के बीच**

**✻ कहानीकार राजेन्द्र राव बोले जारी रखें साहित्य साधना**

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर कस्बे की रहने वाली बेटी ने मंगलवार की शाम कानपुर के लक्ष्मी देवी ललित कला अकादमी द्वारा साहित्य जागरण मंच के तत्वावधान में रचनात्मक लेखन-प्रशिक्षण कार्यशाला के पूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मिलन अकादमी में आयोजित किया गया द्य कार्यक्रम में प्रसिद्ध उपन्यासकार श्री राजेंद्र राव जी ने सभी प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए उन्हें साहित्य साधना से अनवरत जोड़े रखने के लिए प्रोत्साहित किया। परिवेश में राममय धारा प्रवाहित होने के चलते लगभग सभी प्रशिक्षुओं सुनीता जी, आरती आस्था, उमा विश्वकर्मा, पूर्णिमा जी ने भगवान राम पर ही अपनी कविताओं का पाठ किया। आरती आस्था ने अपनी कविता कुछ इस तरह से सुनाई... मैं अद्भुत रचना/ईश्वर की/ लेकिन निरर्थक /कोई आए/उसी तरह छूकर/अर्थ दे जाए/ज्यों राम ने छुआ/अहिल्या को। अंजना बाजपेई जी ने बचपन और लता कादंबरी जी ने सुनो जी कहानी का पाठ किया । गीतकार विनोद श्रीवास्तव जी ने अपने गीतों से माहौल को गीतमय बना दिया ।कमल मुसद्दी जी के कुशल संचालन ने कार्यक्रम में प्राण फूंक दिए। इस मौके पर गुरुओं से संवाद में प्रशिक्षुओं ने अपनी साहित्यिक साधना के सफर से रूबरू कराया। तमाम लोगों के अनुभवों को सुनकर लोग रोमांचित हुए। एक दूसरे के अनुभवों से लोगों को सीखने के लिए मिला और प्रेरणा भी मिली।

## सरस्वती शिशु मंदिर में महोत्सव का आयोजन

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

गंगा नगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में बुधवार को रूप सज्जा महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर प्रचारक आकाश, कृष्ण प्रताप सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिसके बाद प्रधानाचार्य डॉ अनुपम सिंह ने कहा कि श्रीराम की महिमा का वर्णन कर कहा राम नाम है अपरंपार, राम के नाम की महिमा एक बार कुछ ऐसा हुआ कि एक कोढ़ी का कोढ़ दूर हो गया। सभी को कमाल लगने लगा। किन्तु कबीर जी को कोई प्रसन्नता नहीं हुई। कबीर इसे तुलसीदास जी के पास भेजा। तुलसीदास जी ने तुलसी के पत्र पर रामनाम लिखा और उसे एक जल में डाल दिया। इस जल को पीकर 500 कोढ़ी ठीक हो गए। फिर कमाल हुआ लेकिन इससे भी कबीर जी प्रसन्न नहीं हुए। उन्होंने कमाल को सूरदास के पास भेजा। सूरदास जी ने गंगा में बह रहे एक शव के कान में राम नाम लिया कि शव जीवित हो उठा। कबीर ने सत्य माना। इस मौके पर मालती, वर्षा, अल्का, संगीता, वीरेंद्र, सुरेन्द्र, प्रहलाद, संजय, अनिल आदि मौजूद रहे।

### ई–बसें निकलने से संकरे मार्ग के कारण लगा जाम

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। बुधवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे नवीन पुल पर संकरे मार्ग के कारण जाम लगना शुरू हो गया। इसी बीच कानपुर और शुक्लागंज की ओर से ई बसें निकलने से संकरे मार्ग में फंस गई और जाम तीखा हो गया। जाम को देख मौजूद पुलिस ने जाम छुड़ाने का प्रयास किया। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम लगने के कारण कानपुर आने जाने वाले लोग विलंबित हो गये। वहीं पोनी रोड तिराहे पर ई रिक्शा और टेंपो आड़े तिरछे खड़े होने से फोरलेन पर भी जाम की स्थिति बनी रही।

# आरएसएस और उसके सम वैचारिक संगठनों की समन्वय बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज आजाद नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा उसके सम वैचारिक संगठनों की समन्वय बैठक संपन्न हुई बैठा के में प्रांत प्रचारक श्री राम जी का उद्बोधन प्राप्त हुआ प्रांत प्रचारक श्री राम जी ने रामलाल प्राण प्रतिष्ठा वाले दिन अर्थात 22 तारीख की तैयारी की दृष्टि से सभी संगठनों के प्रमुख लोगों से वार्ता की सभी संगठनों ने अपनी-अपनी तैयारी और अब तक किए गए संपर्क की जानकारी दी इस समय सभी संगठन अपने-अपने कार्य क्षेत्र के अनुसार अक्षत वितरण के कार्यक्रम में लगे हुए हैं विद्यार्थी परिषद विद्यार्थियों के मध्य विद्या भारती शिक्षकों के मध्य लघु उद्योग भारती उद्यमियों के मध्य विश्व हिंदू परिषद साधु संत मठ मंदिर के मध्य ऐसे सभी संगठन अपने-अपने से जुड़े समाज जन के बीच में अक्षत वितरण के कार्यक्रम में लगे हुए हैं प्रांत प्रचारक श्री राम ने कहा 22 तारीख को दीपावली दिखनी चाहिए यह सामान्य दिवस नहीं है और सामान्य मंदिर का निर्माण नहीं है कई पीढ़ियां के बलिदान तपश्चार्य के उपरांत 22 तारीख का दिन आएगा और हम सब का यह सौभाग्य है कि हम सबको इसका साक्षी बनने का मौका मिलेगा उन्होंने सभी संगठनों से आवाहन किया की सभी संगठन शेष बचे 5 दिनों में अक्षत विचारण के कार्यक्रम में और तेजी लाएं समाज का कोई भी वर्ग कोई परिवार नहीं बचना चाहिए जिसके घर तक अक्षत न जाएं तथा जिसे प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम की सूचना न प्राप्त हो। बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरफ से क्षेत्र संघ चालक वीरेंद्र जीत सिंह प्रांत संघचालक भवानी भी प्रांत प्रचार प्रमुख डॉक्टर अनुपम, विभाग संघचालक डॉक्टर श्याम बाबू गुप्त, प्रांत शारीरिक प्रमुख ओंकार ,विभाग प्रचारक बैरिस्टर विभाग कार्यवाह साहब लाल, विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री परमेश्वर ,राजीव महाना, भारतीय जनता पार्टी से क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल कानपुर के सांसद सत्यदेव पचौरी आदि संगठनों के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# बिल्हौर मे अवैध वसूली से अराजकता को मिल रहा बढ़ावा, अराजकतत्वों ने छात्रों को पीटा

**✻ रेलवे स्टेशन से बीआरडी कॉलेज तक रहता अराजकता का माहौल**

**✻ शासन की मंशा पर प्रशासन फेर रहा पानी**

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

बिल्हौर कस्बे में शासन की मंशा के विपरीत अराजक तत्वों के द्वारा जीटी रोड़ किनारे धड़ल्ले वाहन स्टैंड संचालित किए जा रहे हैं। बुधवार को टेंपो स्टैंड पर मौजूद अराजक तत्वों ने वहां से गुजर रहे कुछ स्कूली छात्रों की कहासुनी के बाद बेरहमी से पिटाई कर दी। जिसका वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वहीं कस्बे के बीच संचालित हो रहे अवैध वाहन स्टैंड व उनपर आए दिन होने वाली इस तरह की घटनाओं पर स्थानीय पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मौन है।

प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने लगातार दोबारा मुख्यमंत्री बनने के बाद अपराध पर नियंत्रण लगाने के लिए अपराध की जड़ अराजक तत्वों की अनैतिक आय पर प्रहार करते हुए अवैध रूप से संचालित हो रहे वाहन स्टैंड और उनसे होने वाली वसूली पर रोक लगाने के शख्त निर्देश दिए थे। उनके आदेश के बाद प्रशासन द्वारा सामायिक तौर पर डग्गामार वाहनों को नगर व कस्बों में भीड़ भाड़ वाले क्षेत्रों बाहर खदेड़ दिया गया था और अवैध रूप से होने वाली वसूली पूरी तरह से बंद करा दी गई थी। लेकिन कुछ दिन बाद ही प्रशासन में साठ गांठ कर अराजक तत्व फिर हावी हो गए और एक बार फिर पूरे कस्बे के अंदर रोड किनारे जगह जगह अवैध रूप से टेंपो, कार व बसों के स्टैंड चालू हो गए और वाहन चालकों से सख्ती के नाम पर पहले से अधिक वसूली की जाने लगी। बिल्हौर कस्बे में रेलवे स्टेशन के सामने से लेकर बीआरडी कॉलेज तक विभिन्न क्षेत्रों को जाने वाले वाहनों के कई स्टैंड संचालित होने से दिन भर रोड के किनारे डग्गामार वाहनों का अतिक्रमण बना रहता है और वहां शराब के नशे में दिन भर अराजकता होती है। वहां से पैदल साइकिल और मोटरसाइकिल से गुजरने वाले महिला पुरुष व बच्चों के द्वारा आवा गमन में होने वाली समस्या को लेकर कुछ कहने पर वाहन चालक और स्टैंड चालक लड़ाई झगड़े पर आमादा हो जाते हैं। वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन स्टैंड संचालकों से आपसी मेल मिलाप के चलते शासन के मंसूबों पर पानी फेर रहा है।बुधवार को इंटर कॉलेज से छुट्टी होने के बाद घर जा रहे नानामऊ गांव के कुछ बच्चों के द्वारा रोड पर खड़ी आड़ी तिरछी टेंपो को लेकर कुछ कहने पर वहां मौजूद अराजकतत्वों मे दाढ़ी वाले डंडा लिए हुए लाल शर्ट वाले लड़के के सहित साथियों को पीट रहा है छात्रों से गली गलौज करते हुए डंडों से उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। अराजक तत्वों के द्वारा छात्रों की पिटाई का वीडियो कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन मामले की जानकारी से इन्कार करता रहा।



## सपा–राजद–डीएमके का पिछड़ा प्रेम सिर्फ परिवारों तक सीमित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

देश की आजादी के बाद पिछड़ा वर्ग को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मान सम्मान एवं स्वाभिमान से इस देश मे जीने की राह दिखाई पिछडों के उत्थान,पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन से लेकर अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं के द्वारा सामाजिक स्तर को आगे बढ़ाया। यह बात बुधवार को पिछड़ा मोर्चा भाजपा कानपुर– बुंदेलखंड क्षेत्र की कार्यसमिति की हुई बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कही। उन्होंने कहा कि जबकि इंडी गठबंधन के घटक दल सपा राजद डीएमके का पिछड़ा प्रेम सिर्फ और सिर्फ अपने परिवारों तक ही सीमित होकर रह गया, जिसको अब समाज समझ चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना चलाकर समाज के सभी वर्गों को अपने पैरों पर खड़ा करने का संकल्प लिया है। आप सब कार्यकर्ता मिलकर इस योजना को कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी 52 विधानसभा में मैं ले जाकर प्रत्येक विधानसभा से 1-1 हजार लोगों को इसका लाभ दिलाएं।

# मज़ाहरा हुस्ने किरअत व अज़मते कुरआन कान्फ्रेंस की तैयारियां अंतिम चरण में

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

पूर्व काज़ी ए शहर मौलाना मुहम्मद मतीनुल हक़ उसामा क़ासमी रह0 की अध्यक्षता में होने वाली मज़ाहिरा हुस्ने क़िरअत व अज़्मत कुरआन कान्फ्रेंस 13 जनवरी बरोज़ सनीचर लियाक़त दादा चौराहा तलाक़ महल कानपुर में मौलाना उसामा रह0 के उत्तराधिकारी मौलाना अमीनुल हक़ अब्दुल्लाह क़ासमी उपाध्यक्ष जमीयत उलेमा उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में पूर्व की भांति भव्य तरीक़े से आयोजित होने जा रही है। नगर जमीयत उलेमा के कार्यालय जमीयत बिल्डिंग रजबी रोड पर उक्त कान्फ्रेंस के उद्देश्यों पर बात करते हुए तंज़ीम अहले सुन्नत वल्जमाअत के अध्यक्ष व नगर जमीयत उलेमा के उपाध्यक्ष मौलाना मुहम्मद अकरम जामई ने बताया कि कुरआन पाक को तजवीद व तरतील और उसके मुकम्मल आदाब व रियायत के साथ पढ़ने का जज़्बा पैदा करने के लिये कान्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है।



अंजुमन के महासचिव और तंज़ीम अहले सुन्नत वल जमाअत के सदस्य मुफ्ती इज़हार मुकर्रम क़ासमी ने संयुक्त रूप से बताया कि मज़ाहिरा किरअत में पूर्व की भांति देश के वरिष्ठ कुर्रा क़ारी आफ्ताब अहमद दारूल उलूम देवबंद, क़ारी इरशद अहमद दारूल उलूम देवबन्द, क़ारी मुहम्मद वासिफ उस्मानी दारूल उलूम वक्फ देवबन्द, क़ारी रियाज़ अहमद दारूल उलूम नदवतुल उलेमा लखनऊ, क़ारी अब्दुर्रहीम जामिया तालीमुद्दीन ढाभेल गुजरात, क़ारी जाबिर अहमद मदरसा इशातुल उलूम अक्क़ल कुवां महाराष्ट्र, क़ारी इनामुर्रहमान मदरसा मुहम्मदिया अरबिया सूरत गुजरात, क़ारी अब्दुल माबूद फुरक़ानी बलरामपुरी तशरीफ ला रहे हैं। उन्होंने बताया कि किरअतुल कुरआन से पहले अज़्मते कुरआन और उसको समझने के नियम व शर्तों पर मौलाना मुफ्ती मुहम्मद राशिद आज़्मी का बयान होगा, इसके अलावा कान्फ्रेंस में स्थानीय कुर्रा भी शिरकत करेंगे। इस अवसर पर नगर जमीयत उलेमा के अध्यक्ष डा. हलीम उल्लाह खां, मौलाना मुहम्मद तारिक़ क़ासमी, मौलाना मुहम्मद शुऐब मुबीन मज़ाहिरी, मौलाना मुहम्मद शाहिद क़ासमी के अलावा अन्य लोग मौजूद रहे।

## बेहोशी हालत में पड़ा मिला युवक

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

फोरलेन स्थित कंचन नगर मोड़ के पास बुधवार शाम चार बजे एक युवक को बेहोशी हालत में पड़ा आस पास के लोगों ने देखा। जिस पर क्षेत्रीय लोगों की भीड़ लग गई। उसे हिलाया ढुलाया लेकिन कोई आहट न मिलने पर पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर उसे इलाज के लिये 108 एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा है।

### लोकतन्त्र को बचाने के लिए सम्मेलन का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। रामआसरे भवन कालपी रोड में आयोजित सम्मेलन में कहा गया कि देश में विशेषकर उ0 प्र0 में दलितो पिछड़ों व आदिवासियों के खिलाफ बढ़ते अत्याचार आरएसएस बीजेपी द्वारा मनुवाद को थोपने व राम मंदिर के नाम पर लोगों की धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करके धर्म की राजनीति कर लोकतंत्र व संविधान पर खुलेआम हमला किया जा रहा है। भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद पिछले 10 वर्षों में स्थिति और भी खराब हो गई है। सरकार संविधान के आधार पर नही बल्कि हिटलरशाही की तरह ऐसे तरीको से कम कर रही है जिससे संविधान और संवैधानिक संस्थाएं कमजोर हो रही है और साथ ही शासन स्तर से मनुवादी दृष्टिकोण को मजबूत किया जा रहा है। भारतीय नागरिकों के सभी अधिकारों को समाप्त किया जा रहे हैं ऐसी स्थिति में उ0प्र0 के दलित, खेत मजदूर व सामाजिक न्याय के मुद्दों पर संघर्षरत सामाजिक संगठनों के द्वारा कन्वेंशन किया गया जिसमे कन्वेंशन का मुख्य मकसद सभी को शिक्षा, भोजन, पेयजल, आवास, स्वास्थ्य, सामाजिक सुरक्षा के साथ–साथ महिलाओं और पुरुषों से जुड़ी सार्वजनिक सुविधाएं दी जाये। सम्मेलन में मुख्यवक्ता सुभाषनी अली रहीं और खेत मजदूर संगठन के उ0प्र0 अध्यक्ष ब्रिजलाल भारतीय ने अध्यक्षता व संचालन दलित शोषण मुक्ति मंच के उ0प्र0 संयोजक गोविन्द नारायण ने किया। कार्यक्रम मे सीमा कटियार, चमन खन्ना, देवी प्रसाद निषाद, श्रीकान्त पाल, रामकुमार, दिनकर कपूर, एड0 आनन्द गौतम, निलेश भारतीय, शिव कुमार, हरीशंकर वर्मा, औसान सिंह, बलराम सिंह, तुलसीराम बाल्मीकि, रिंकी कुमारी, रंजीता खन्ना, हरभजन बाल्मीकि, उमाकान्त, टेकचंद, शेखर भारतीय, महेश कुशवाह, ब्रजमोहन दास, अरविन्द पेण्टर, देशराज बाल्मीकि, हिमांशू जनवादी, राहुल वर्मा, ओमप्रकाश आदि शामिल रहे।

# महाराष्ट्र के सीएम बने रहेंगे एकनाथ शिंदे

## स्पीकर ने खारिज की विधायकों की अयोग्यता की याचिका

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



महाराष्ट्र की राजनीति के लिए बुधवार का दिन बड़ा अहम रहा। महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित 16 विधायकों की अयोग्यता मामले में 1200 पन्नों का फैसला सुनाया। विधानसभा स्पीकर ने अपने फैसले में शिंदे गुट को ही असली शिवसेना माना। साथ ही 16 विधायकों को अयोग्य करार देने की मांग वाली याचिका भी खारिज कर दी। फैसले के अहम बिंदुओं को पढ़ते हुए उन्होंने कहा कि जब पार्टी में बंटवारा हुआ था, तब शिंदे गुट के पास 37 विधायकों का समर्थन था। ऐसे में उनके नेतृत्व वाला गुट ही असली शिवसेना है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग ने भी इसे मान्य करार दिया था।

### इन चीजों पर विचार करना जरूरी

फैसला सुनाते हुए विधानसभा स्पीकर ने कहा कि इस मामले में कुछ चीजें हैं जिन्हें समझना जरूरी है और वे हैं - पार्टी का संविधान क्या कहता है। जब पार्टी में टूट हुई उस समय नेतृत्व किसके पास था। इसके अलावा एक बड़ी चीज जो है वह यह कि विधानमंडल में बहुमत किसके पास था। उन्होंने यह भी कहा कि इन सबके अलावा साल 2018 में शिवसेना के संविधान के मुताबिक की गई नियुक्तियों पर भी विचार किया गया है। नार्वेकर ने कहा कि दोनों गुट ही असली शिवसेना होने का दावा कर रहे थे ऐसे में मेरे सामने असली मुद्दा पार्टी पर असली दावे का था। ऐसे में चूंकि चुनाव आयोग ने शिवसेना को असली दल माना था ऐसे में मैनें भी उसे ही आधार बनाया है।

### 2013 और 2018 में नहीं हुए शिवसेना संगठन के चुनाव

राहुल नार्वेकर ने फैसले को पढ़ते हुए आगे कहा कि जब मैनें शिवसेना पर दोनों गुटों के दावे के संबंध में पड़ताल की तो पता चला कि शिवसेना संगठन में 2013 और 2018 में कोई चुनाव नहीं हुए। इसके अलावा, 2018 का संशोधित संविधान चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में नहीं है। इस वजह से हमने शिवसेना के 1999 के संविधान को ही मान्य किया है। चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में भी शिंदे गुट ही असली शिवसेना है।

### शिंदे गुट ही असली शिवसेना

विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने असली पार्टी की उद्धव गुट की दलील को भी खारिज कर दिया। उन्होंने निष्कर्ष देते हुए कहा कि जब बागी गुट बना उस वक्त शिंदे गुट ही असली शिवसेना था। 22 जून के मुताबिक शिंदे गुट ही असली शिवसेना के रूप में मान्य है। स्पीकर के इस फैसले से उद्धव गुट को बड़ा झटका लगा है।

### एकनाथ शिंदे नियमानुसार पार्टी के नेता बने: स्पीकर नार्वेकर

स्पीकर राहुल नार्वेकर ने विधायकों की अयोग्यता की याचिका खारिज कर दी। इस पर फैसला सुनाते हुए उन्होंने कहा कि जब पार्टी में बंटवारा हुआ था उस समय शिंदे के समर्थन में 37 विधायक थे। उन्होंने यह भी कहा कि एकनाथ शिंदे नियमानुसार पार्टी के नेता बने। 21 जून को ही एकनाथ शिंदे पार्टी के नेता बन गए थे।

### स्पीकर ने खारिज की विधायकों की अयोग्यता की याचिका

विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने विधायकों की अयोग्यता की याचिका खारिज कर दी। उन्होंने कहा कि 21 जून की एसएसएलपी बैठक से विधायकों की अनुपस्थिति को आधार बनाकर विधायकों को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता। उन्होंने कहा कि चूंकि चुनाव आयोग ने शिंदे गुट को ही असली शिवसेना माना है, ऐसे में उस समय चीफ व्हिप के रूप में भरत गोगावले नियुक्त थे तो सुनील प्रभू को विधायक दल की बैठक बुलाने का अधिकार नहीं था। इस आधार पर विधायकों को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता।

### शिंदे को हटाने का फैसला राष्ट्रीय कार्यकारिणी का होना चाहिए था

विधानसभा स्पीकर ने आगे कहा कि पार्टी के संविधान के मुताबिक सीएम शिंदे को उद्धव गुट हटा नहीं सकते। संविधान में विधायक दल के नेता को हटाने का कोई प्रावधान संविधान में नहीं है। जब पार्टी में टूट हुई यानी 21 जून को एकनाथ शिंदे विधायक दल के नेता थे। इसके अलावा, शिंदे को हटाने का फैसला राष्ट्रीय कार्यकारिणी का होना चाहिए था। राष्ट्रीय कार्यकारिणी पर उद्धव गुट का रुख साफ नहीं है। इसी के साथ 25 जून 2022 के कार्यकारिणी के प्रस्तावों को स्पीकर ने अमान्य करार दिया है।

### भरत गोगावले की व्हिप के रूप में नियुक्ति वैध

इसके साथ ही स्पीकर ने भरत गोगावले की व्हिप के रूप में नियुक्ति को वैध ठहराया है। स्पीकर ने 1200 पन्नों के फैसले को पढ़ते हुए कहा कि सुनील प्रभु को जब चीफ व्हिप नियुक्त किया गया था, तब पार्टी का विभाजन हो चुका था। चूंकि चुनाव आयोग ने शिंदे गुट को ही असली शिवसेना माना है, ऐसे में चीफ व्हिप के रूप में भरत गोगावले की नियुक्ति सही है। सुनील प्रभू को विधायक दल की बैठक बुलाने का अधिकार नहीं था।

# चुनाव को लेकर भाजपा में प्रत्याशियों पर मंथन शुरू

- 2 प्रतिशत से कम जीत-हार वाली 48 सीटों पर दिग्गज नेताओं को उतारेगी पार्टी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों पर मंथन शुरू कर दिया है। मोदी की गारंटी का नैरेटिव सेट कर रही पार्टी जीत पक्की करने के लिहाज से उन 48 लोकसभा सीटों पर कद्दावर नेताओं को उतारने की योजना बना रही है, जहां पिछली बार जीत-हार का अंतर 2 प्रतिशत से कम रहा था। भाजपा जिन सीटों पर 35-52 प्रतिशत से ज्यादा के अंतर से जीती थी, वहां नए प्रत्याशियों को मौका दिया जाएगा। पिछले चुनाव में 0.2 से 1.91 प्रतिशत तक कुल 48 लोकसभा सीटों पर पार्टी की हार-जीत हुई थी। इनमें 10 उत्तर प्रदेश से है, जहां भाजपा जीती थी। 48 में से 27 सीटें ऐसी थीं, जहां प्रत्याशी 1 प्रतिशत से कम अंतर से चुनाव जीते थे। जबकि जिन 50 सीटों पर जीत का अंतर 35 प्रतिशत से अधिक रहा, उनमें 40 से ज्यादा पर भाजपा जीती थी। भाजपा के चुनाव अभियान से जुड़े नेता का कहना है कि ओडिशा, तमिलनाडु, तेलंगाना, असम और बंगाल आदि में इस बार कद्दावर नेताओं को उतारा जाएगा। उत्तर प्रदेश-बिहार की कुछ सीटों पर भी ऐसा ही प्रयोग होगा। महाराष्ट्र-बिहार में सियासी समीकरण आंकड़ों के लिहाज से कठिन दिख रहे हैं, इसलिए यहां बड़े अंतर से जीती गई आधा दर्जन सीटों पर मजबूत प्रत्याशी उतारे जाएंगे।

### 40 सीटों का उलटफेर ला सकता है बड़ा बदलाव

2019 में भाजपा 303 सीटें जीती थी। 240 सीटें अन्य दल जीते थे। इनमें कुछ एनडीए, कुछ यूपीए की तो कुछ अन्य की थीं। लिहाजा 40 सीटों का उलटफेर बड़ा बदलाव ला सकता है। इस लिहाज से 2 प्रतिशत से कम मार्जिन वाली 48 सीटें अहम हो जाती हैं। बिहार में नीतीश विरोधी खेमे में चले गए हैं। महाराष्ट्र में शिवसेना-एनसीपी दो फाड़ हो चुकी हैं। हिंदी पट्टी और गुजरात में भाजपा कमोबेश अधिकतम सीटें हासिल कर चुकी है। जिन सीटों पर 35 प्रतिशत से अधिक वोट प्रतिशत से जीत हुई थी, उनमें 42 सीट भाजपा के पास हैं।

### विपक्षी गठबंधन इंडिया में सीट शेयरिंग पर मंथन

दूसरी तरफ, विपक्षी इंडिया गठबंधन के दलों में सीट शेयरिंग को लेकर मंथन का दौर जारी है। पंजाब और दिल्ली की 20 सीटों पर सहमति के करीब पहुंचने के बाद कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र की 168 सीटों का गणित बैठाने पर ध्यान जमाया है। सबसे दिलचस्प दौर यूपी की 80 सीटों को लेकर है। कांग्रेस ने भाजपा के उम्मीदवार के सामने विपक्ष का सशक्त उम्मीदवार उतारने का बीड़ा उठाया है। बातचीत के सूत्रधारों में एक ने बताया कि राज्य में भाजपा को मजबूत टक्कर देने के लिए बसपा को साथ लेना जरूरी है। बातचीत 80 में से 76 सीटों पर है। चार सीटें गांधी परिवार के लिए हैं। विपक्षी खेमे को लगता है कि इस बार वरुण और मेनका गांधी भी भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में नहीं होंगे। ऐसे में रायबरेली, अमेठी के अलावा पीलीभीत और सुल्तानपुर पर भी सामूहिक फैसले लेने होंगे। बाकी सीटों को लेकर सपा के साथ कांग्रेस बातचीत चलाएगी। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस ने बसपा को साथ नहीं लिया तो मुकाबला त्रिकोणीय होगा और भाजपा का रास्ता आसान हो जाएगा। सपा किसी भी सूरत में बसपा के साथ बातचीत के विरोध में है। ऐसे में कांग्रेस ने बसपा के साथ मिलकर सपा से सीटों का सौदा करने की रणनीति बनाई है। यानी कांग्रेस ने सिर्फ अपने लिए ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय लोकदल और बसपा के लिए भी सीटें मांगने का फॉर्मूला तैयार किया है।

### दिल्ली-पंजाब में कांग्रेस-आप को आधी-आधी सीटें

दिल्ली और पंजाब की 20 में कांग्रेस और आप को आधी-आधी सीटें मिल सकती हैं। समझा जाता है कि कांग्रेस पंजाब में 6-7, जबकि आप दिल्ली में 3-4 सीटों पर लड़ेगी। आप ने रुख नरम करते हुए गोवा, गुजरात व हरियाणा की एक-एक सीट मांगी है। अगली बैठक में सीट शेयरिंग को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### महाराष्ट्र में कांग्रेस-शिवसेना 20-20 सीटों पर लड़ेंगे

लोकसभा में 48 सदस्य भेजने वाले महाराष्ट्र में कांग्रेस, एनसीपी-शरद पवार और शिवसेना उद्धव के बीच सहमति का खाका तैयार हो गया है। कांग्रेस और शिवसेना को 20-20 और एनसीपी एवं अन्य को 8 सीटें मिल सकती हैं।

# बिलकिस के 11 दोषी पुलिस के संपर्क में नहीं

- एसपी बोले, हमें सरेंडर की जानकारी नहीं, सुप्रीम कोर्ट के फैसले की कॉपी नहीं मिली

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बिलकिस बानो गैंगरेप के 11 दोषी पुलिस के संपर्क में नहीं है। गुजरात के दाहोद एसपी बलराम मीणा ने दावा किया है कि पुलिस के पास दोषियों के सरेंडर करने की जानकारी नहीं है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले की कॉपी भी अब तक नहीं मिली है, जिसमें दोषियों को दो हफ्ते में सरेंडर करने को कहा गया है। दाहोद एसपी ने बताया कि सभी दोषी गुजरात के सिंगवाड के रहने वाले हैं। उनमें से कुछ अपने रिश्तेदारों से मिलने के लिए आते रहते हैं। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद रणधीकपुर में शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी को 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस गैंगरेप के 11 दोषियों को समय से पहले रिहा करने के राज्य सरकार के फैसले को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने कहा था- गुजरात सरकार दोषियों को कैसे माफ कर सकती है। सुनवाई महाराष्ट्र में हुई है तो रिहाई पर फैसला भी वहीं की सरकार करेगी। कोर्ट ने दोषियों को 2 हफ्ते में सरेंडर करने को कहा है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच ने फैसला सुनाते वक्त कहा- सजा अपराध रोकने के लिए दी जाती है। पीड़ित की तकलीफ की भी चिंता करनी होगी।

# पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने युवा राजनेताओं को दी सलाह, कहा, बार-बार न बदलें पार्टियां

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। पुणे



पूर्व उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने बुधवार को कहा कि विधायकों को बार-बार पार्टियां नहीं बदलनी चाहिए, उन्होंने चेतावनी दी कि पार्टी बदलने से लोगों की राजनीति में रुचि खत्म हो जाएगी जो लोकतंत्र के लिए बुरा होगा। वह यहां एमआईटी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट और एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित 13वें भारतीय छात्र संसद के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। युवा राजनेताओं, छात्रों को मेरी सलाह है कि राजनीति में शामिल हों। साथ ही रचनात्मक और चौकस रहें।

### पार्टी बदलना है लोकतंत्र के लिए शर्मनाक

बीजेपी के दिग्गज नेता ने कहा कि बार-बार पार्टियां न बदलें। आजकल यह समझना मुश्किल है कि कौन किस पार्टी में है। मैं देशभर में घूमता हूं और लोगों के नाम लेता हूं और उनकी पार्टियों का जिक्र करता हूं, लेकिन अन्य लोग मुझे सही बताते हैं कि एक विशेष व्यक्ति अब उस पार्टी में नहीं है। उन्होंने कहा कि यह लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि नवोदित राजनेताओं को मेरी सलाह है। विचारधारा पर कायम रहें। यदि नेता अहंकारी और तानाशाह हो जाए तो पार्टी के भीतर चर्चा करें और निर्णय लें। यही तरीका है, अन्यथा, लोग राजनीति के प्रति सम्मान खो देंगे।

### नागरिकों की राजनीतिक हो रुचि हो जाएगी कम

पूर्व उपराष्ट्रपति ने कहा, यदि विधायक बार-बार अपनी पार्टियां बदलते हैं तो नागरिकों की राजनीति में रुचि कम हो जाएगी और यह लोकतंत्र के लिए बुरी बात होगी।राजनीति में विरोधियों को विरोध करना चाहिए और सरकार को गलत काम करने से रोकना चाहिए। लेकिन उन्हें यह ध्यान रखना चाहिए कि वे सरकार के दुश्मन नहीं हैं और उन्हें विधायिका को काम करने देना चाहिए। उन्होंने कहा, विधायकों को लोगों के लिए आदर्श बनना चाहिए और सदन की कार्यवाही में बाधा नहीं डालनी चाहिए।

# बिशप राफेल थट्टिल केरल के प्रभावशाली चर्च के प्रमुख व मेजर आर्कबिशप बने, पोप फ्रांसिस की मंजूरी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केरल के प्रभावशाली सायरो-मालाबार चर्च के प्रमुख के रूप में बिशप राफेल थट्टिल को नियुक्त किया गया है। चर्च के अधिकारियों ने बताया कि कैथोलिक चर्च के पदाधिकारियों के मामले में थट्टिल की नियुक्ति बेहद अहम है। बीते दिसंबर में कार्डिनल जॉर्ज एलेनचेरी के पद छोड़ने के बाद सिरो मालाबार चर्च के प्रमुख का पद खाली था। 11 जनवरी को कक्कानाड के मेजर आर्चीपिस्कोपल कुरिया में वह पदभार ग्रहण करेंगे। सिरो-मालाबार चर्च माउंट सेंट थॉमस में गुरुवार दोपहर समारोह आयोजित किया जाएगा। बयान के मुताबिक बिशप राफेल थट्टिल, फिलहाल तेलंगाना के शमशाबाद सूबे में पदस्थापित हैं। अब वे केरल के प्रभावशाली चर्च- सिरो-मालाबार के प्रमुख होंगे। फैसले के बारे में कार्डिनल जॉर्ज एलेनचेरी ने कहा कि पोप फ्रांसिस ने मेजर आर्कबिशप और सिरो-मालाबार चर्च के प्रमुख के रूप में राफेल थट्टिल की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। पोप फ्रांसिस की तरफ से नियुक्ति की पुष्टि होने के बाद बिशप राफेल ने धर्मसभा के फादर के सामने जरूरी रीति रिवाजों को संपन्न किया। इसके बाद धर्मसभा का चुनाव सत्र संपन्न हुआ जिसमें मौजूद फादर ने मेजर आर्कबिशप के रूप में बिशप राफेल के चुनाव की घोषणा की। राफेल का जन्म 21 अप्रैल 1956 को हुआ। ओसेफ और थ्रेसिया के घर जन्मे बिशप राफेल का बपतिस्मा संस्कार 30 अप्रैल, 1956 को केरल के ही त्रिशूर में हुआ था। त्रिशूर के सेंट थॉमस कॉलेज हाई स्कूल में प्राथमिक शिक्षा के बाद राफेल थट्टिल 04 जुलाई, 1971 को थोपे स्थित सेंट मैरी माइनर सेमिनरी में शामिल हो गए। उन्होंने 1980 में कोट्टायम के सेंट थॉमस एपी सेमिनरी में दर्शनशास्त्र और धर्मशास्त्र का अध्ययन पूरा किया। 21 दिसंबर, 1980 को उन्हें विधिवत पादरी बनाया गया।

### बिशप राफेल को कैसे मिला नया पद, पहले से निर्धारित हैं नियम

पोप फ्रांसिस ने पूर्वी चर्चों के लिए बनाई गई कोड ऑफ कैनन्स (ष्टश्स्रद्ग श्द्ध ष्टड्डठ्ठश्रठ्ठ) के सिद्धांत 153 के तहत राफेल की नियुक्ति की पुष्टि की गई। कोच्चि के कक्कानाड स्थित माउंट सेंट थॉमस में आयोजित एक बैठक के बाद राफेल को शीर्ष पद के लिए चुना गया। सिरो-मालाबार चर्च के बिशपों की धर्मसभा में राफेल थट्टिल को सिरो-मालाबार चर्च का प्रमुख आर्कबिशप चुना गया।

# ईडी अधिकारियों पर हमले के पांच दिन बाद भी शाहजहां का कोई सुराग नहीं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में बीते शुक्रवार को ईडी अधिकारियों पर हुए हमले के बाद से तृणमूल नेता शाहजहां शेख फरार है। जांच एजेंसियां उसकी लताश में जुटी हैं, लेकिन घटना को पांच दिन भी वह कानून की गिरफ्त से बाहर है। संदेशखाली के राजा का पता अब तक जांच एजेंसी ईडी या राज्य पुलिस नहीं लगा सकी है। इस बीच, आयकर विभाग ने शाहजहां की अकूत संपत्ति की स्थिति जानने के लिए जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक शाहजहां तक पहुंचने के लिए ईडी का सहयोग करने के लिए बीएसएफ और राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी एनआईए मैदान में उतर चुकी है। ईडी को आशंका है कि शाहजहां नदी के रास्ते बांग्लादेश भाग सकता है। इस संबंध में बीएसएफ को सतर्क कर दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक सीमा पर निगरानी के साथ-साथ शाहजहां की गुप्त तलाश भी शुरू हो गई है। एनआईए के अधिकारियों ने भी जांच शुरू कर दी है। वहीं, आयकर विभाग ने भी शाहजहां की अकूत संपत्ति की स्थिति जानने के लिए जानकारी जुटानी शुरू कर दी है।

# टीडीपी को बड़ा झटका, सांसद केसिनेनी श्रीनिवास ने दिया इस्तीफा, सीएम जगन से की मुलाकात



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश में विधानसभा और लोकसभा चुनाव से पहले तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) को बड़ा झटका लगा है। सांसद केसिनेनी श्रीनिवास ने बुधवार को पार्टी और संसद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। श्रीनिवास ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपना इस्तीफा सौंप दिया है।

# मणिपुर: असम राइफल्स के डीजी पहंचे मोरेह, कुकी-मैतेई में भीषण गोलीबारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

असम राइफल्स के महानिदेशक (डीजी) लेफ्टिनेंट जनरल पीसी नायर ने सुरक्षा स्थिति और सुरक्षा बलों पर लगातार हमलों के मद्देनजर बुधवार को मोरेह का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया। इस बीच मणिपुर के चुराचांदपुर और बिष्णुपुर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र में मैतेई और कुकी उपद्रवियों के बीच भीषण गोलीबारी की खबर है। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। जानकारी के मुताबिक, मोरेह दौरे के दौरान जनरल नायर को सेक्टर कमांडर ब्रिगेडियर वीपी यादव ने मोरेह में वर्तमान सुरक्षा स्थिति के बारे में जानकारी दी। इस दौरान नायर ने सिविल सोसायटी संगठनों के सदस्यों से भी मुलाकात की। मणिपुर में भारत-म्यांमार सीमा पर स्थित मोरेह शहर में पिछले दिनों अचानक हिंसा में वृद्धि देखी गई है। महानिदेशक ने सभी समूहों की चिंताओं को धैर्यपूर्वक सुना। महानिदेशक ने कहा कि उनकी शिकायतों पर गौर किया जाएगा। डीजी ने नागरिक समाज समूहों से यह भी कहा कि वे हथियारों के साथ घूमने वालों को बताएं कि उकसाने या गोली चलाने पर केंद्रीय सुरक्षा बल उचित तरीके से जवाबी कार्रवाई करेंगे।

### मैतेई और कुकी बदमाशों के बीच भीषण गोलीबारी

इस बीच सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार शाम करीब 3.25 बजे चुराचांदपुर और बिष्णुपुर जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र में गांव हाओतक फेलेन के सामान्य क्षेत्र में कुकी और मैतेई बदमाशों के बीच भीषण गोलीबारी शुरू हुई। जानकारी मिली है कि गोलीबारी की घटना कुकी गांव, हाओतक फेलेन के जंगल में मैतेई द्वारा पेड़ों की कटाई के कारण हुई। हालांकि, अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है।

**रिपोर्ट** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर लखनऊ में सपा का महामंथन हुआ, इसी बीच सपा का सफेद लिफाफा चर्चा में है

# भाजपा की भगवा आंधी को समेटेगा सपा का सफेद लिफाफा!

- बैठक में जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष, विधायक, पिछला विधानसभा लड़ने वाले सभी सपा कैंडिडेट्स और विधानसभा के प्रभारियों के हाथों में एक सफेद लिफाफा दिखा
- सूत्रों की मानें तो इसमें 2024 के चुनाव का मंत्र है, ऐसा मंत्र जिससे बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए के तूफान को रोका जाये
- 2014-2019 के चुनाव में पांच पर रुकी सपा की सीटों की संख्या बढ़ाई जाये

जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा



**लखनऊ।** 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा की भगवा आंधी को रोकने के लिए समाजवादी पार्टी ने सफेद लिफाफा जारी किया है। इस लिफाफे में पार्टी ने वह सभी सूत्र जारी किए हैं जिनसे भाजपा के विजयरथ को 2024 में उत्तर प्रदेश में पताका फैलाने से रोका जा सके। पार्टी के सभी शीर्ष नेताओं के साथ ही जिला और विधानसभा स्तर के नेताओं को यह लिफाफे उपलब्ध कराए गए हैं। सबसे ज्यादा लोकसभा सीटें होने के कारण यूपी पर नेताओं की खास नजर रहती है। सपा ने भी लोकसभा चुनाव की तैयारियां भी शुरू कर रखी हैं। इसी कड़ी में लखनऊ में पार्टी का महामंथन भी हुआ। इसी बीच सपा के एक खास लिफाफे को लेकर चर्चा चल रही है। बैठक में जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष, विधायक, पिछला विधानसभा लड़ने वाले सभी सपा कैंडिडेट्स और विधानसभा के प्रभारियों के हाथों में एक सफेद लिफाफा दिखा है। 11 जनवरी को भी ये सिलसिला जारी रहेगा। ऐसे में सबके मन में ये सवाल है कि आखिर इस लिफाफे में ऐसा क्या है? सूत्रों की मानें तो इसमें 2024 के चुनाव का मंत्र है। ऐसा मंत्र जिससे बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए के तूफान को रोका जाये और 2014-2019 के चुनाव में पांच पर रुकी अपनी सीटों की संख्या बढ़ाई जाये।

### समाजवादी पार्टी अपने शुरुआती दिनों के प्रयोग पर चले

सूत्रों के अनुसार लिफाफे में पहला मंत्र है- बूथ स्तर पर पीडीए का मजबूत समीकरण बनाने की कोशिश की जाये। पीडीए के तहत कम से कम 10 ऐसे प्रभावशाली लोगों को चिह्नित करना है, जिनकी विचारधारा भी समाजवादी है। दूसरा मंत्र- सपा ब्लॉक और तहसील के स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का अभियान शुरू करें। तीसरा मंत्र- सपा पॉलिटिक्स फॉम बिलो के कॉन्सेप्ट पर लौटे। चौथा- समाजवादी पार्टी अपने शुरुआती दिनों के प्रयोग पर चले मतलब बैक टू रूट्स पर जायें।

### कहें कि हमारा भगवान तो पीडीए है

समाजवादी पार्टी बनाने के बाद मुलायम सिंह यादव ने ब्लॉक और तहसील स्तर पर कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़ा और सपा को काडर बेस्ड पार्टी बनाया। पांचवां सूत्र- सपा ब्लॉक इकाई गठित करें, सभी स्थानों पर ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त करें और इकाई अध्यक्ष बनायें। छठा मंत्र- पार्टी संगठन की निगरानी के लिए सभी जोन में प्रभारी बनाएं। सातवां मंत्र- अयोध्या राम मन्दिर के सवाल पर बोलने से बचे और बोलना हो तो कहें कि हमारा भगवान तो पीडीए है।

### दूसरी पार्टी के मजबूत नेताओं की तलाश कर उन्हें पार्टी से जोड़ें

सूत्रों के मुताबिक, आठवां मंत्र है- दूसरी पार्टी के मजबूत नेताओं की तलाश कर उन्हें पार्टी से जोड़ें। नौवां मंत्र- दलितों के घर-घर जायें और जाकर उनके घर रात्रि विश्राम करें। दसवां मंत्र- सवर्ण और खासकर ब्राह्मणों को जोड़ने के लिये ब्राह्मण नेता ब्राह्मणों के गांव जाकर उनके घर रात्रि विश्राम करें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)